e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 250

बुधवार

11.09.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

व्यक्ति अपने कर्मो से महान बनता है, ना की अपने जन्म से!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी की 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इस सूची में नरवाना विधानसभा से कृष्ण कुमार बेदी, राई से कृष्णा गहलावत, पुंडरी से सतपाल जाम्बा, नूंह से संजय सिंह, फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद, नारनौल से ओम प्रकाश यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। इस सूची में भाजपा ने दो मंत्रियों का टिकट काटा है। इसमें बावल सीट से बनवारी लाल और बड़खल से शिक्षा मंत्री रहीं सीमा त्रिखा शामिल हैं। भाजपा ने इस सूची में दो महिलाओं को भी टिकट दिया है। इसमें राई से कृष्णा गहलावत और गुरुग्राम की पटौदी से बिमला चौधरी को टिकट दिया गया है।

### जेब मे मोबाइल फोन विस्फोट युवक घायल

**नवादा** : नवादा में मंगलवार को एक अजीब घटना हुई है,जहां एक शख्स की जेब में रखा मोबाइल ब्लास्ट कर गया। इस हादसे में पीड़ित के पैर बुरी तरह झुलस गये हैं, जिसके बाद आनन-फानन में उसे नवादा के अस्पताल में भर्ती कराया गया।बताया जा रहा है कि ये मोबाइल वीवो कंपनी का था, जो जेब में ही अचानक ब्लास्ट कर गया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्यूनतम | 22° |

### चांडिल : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# सभी को दे रहे हैं पेंशन : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर-चांडिल :** सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार आपकी योजना-आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम चलाकर महत्वाकांक्षी योजनाओं को आप तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। मैं स्वयं राज्य का भ्रमण कर यह देखने की कोशिश कर रहा हूं कि राज्य सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर उतर रही है या नही। बरसात का मौसम है, जगह-जगह बारिश हो रही है, फिर भी आप सभी लोग इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं यह हर्ष का विषय है। आपसभी का समर्थन और आशीर्वाद हमें राज्यहित के कार्य करने की शक्ति प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, टोला-टोला में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं को आपके घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां रोड कनेक्टिविटी नही है वहां भी विभिन्न माध्यमों से राज्य सरकार के पदाधिकारी आप तक पहुंच रहे हैं और आपको योजनाओं से आच्छादित कर रहे है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड स्थित डोबो काजू बागान में अपने सम्बोधन में कही।

### ऐसी व्यवस्था खड़ा करेंगे जहां महाजन से कर्ज लेने की जरूरत न पड़े

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में राज्य सरकार प्रत्येक परिवार तक एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे गांव के गरीब-गुरबा लोग बच्चों की पढ़ाई, बेटियों की शादी, खेती-बाड़ी एवं बीमारी के इलाज के लिए महाजनों से ऋण लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आने वाले समय में राज्य के भीतर एक ऐसी व्यवस्था खड़ा करेंगे जहां किसी भी जरूरतमंद परिवार या व्यक्ति को महाजन से कर्ज लेने की जरूरत नही पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अपने दम पर राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास के तहत पक्का मकान होने का सपना पूरा करेगी। राज्य सरकार यहां के वैसे गरीब परिवार जिनके पास रहने के लिए घर नही है अथवा कच्चे मकान या टूटी-फूटी झोपड़ियों में रहने के लिए मजबूर है उन्हें तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे राज्य के लोग झारखंड को सोने की चिड़िया कहते हैं लेकिन हकीकत यही है कि पूर्व के सरकारों द्वारा गलत नीति निर्धारण कर यहां के लोगों को उनके हक-अधिकार वंचित रखने का काम किया गया। आज स्थिति यह है कि हमारा यह सोने की चिड़िया कहलाने वाला झारखंड गरीब राज्यों की गिनती में काबिज है।




**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित**

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद श्रीमती जोबा मांझी, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सुखराम उरांव, विधायक दशरथ गागराई, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग हिदायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष, गौ-सेवा आयोग राजू गिरी, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केशरी, डीआईजी मनोज रतन चौथे के अलावा पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की महिला शक्ति को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ राज्य की 50 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। यह महत्वाकांक्षी योजना नारी सम्मान के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार स्कूलों में अध्यनरत बच्चियों के सर्वांगीण विकास के लिए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना संचालित कर रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि बेटियों को सशक्त और मजबूत बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा जरूर दें ताकि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और मजबूत बन सके।

# राहुल गांधी पर केस दर्ज कराएगी भाजपा

### केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राहुल के बयान पर जताई आपत्ति



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भाजपा ने राहुल गांधी के सिखों पर दिए गए बयान पर गहरी नाराजगी जताई है। पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी अपनी विदेश यात्रा के दौरान भारत को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सिखों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और सिख समुदाय देश में पूरे मान-सम्मान के साथ रह रहा है और देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। करतारपुर कॉरिडोर खोलने के साथ ही केंद्र सरकार ने सिखों के सम्मान को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पार्टी के अनुसार, ऐसे ही राहुल गांधी को विदेश में कोई गलतबयानी करने से बाज आना चाहिए।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद

सीने के दर्द को गैस न समझे।

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता !

एंजियोग्राफी मात्र. @Rs 7, 999/- में

ऑफर 1 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक मान्य

हमारा लक्ष्य धनबाद फर्स्ट

हरेन्द्र सिंह

7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

अबुआ आभार हेमन्त सरकार



**मैं संगीता देवी,** धनबाद,
पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले दो साल से पेंशन मिल रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



झारखण्ड में
**40 लाख**
जरुरतमंद लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से मिल रहा लाभ

**मैं महेंद्र प्रसाद,** लातेहार,
बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत आवेदन जमा किया। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद...**



# योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

## मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

**खूंटी**

**खूंटी** के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरूरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरूरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरू हो गया।



बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

### खेती में हो रही थी परेशानी

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।

### किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

**जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरू किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।**

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम



# नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

## सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

**हेमन्त सरकार** ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओं में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (असैनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरू कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।




मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

| | |
|---|---|
| लेखा पदाधिकारी | 100% |
| कनीय अभियंता (सिविल) | 75% |
| कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी | 94% |
| सहायक अभियंता | 85% |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 88% |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 95% |
| स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर | 81% |

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-335331 (IPRD) 24-25

# विधायक ने 5 सड़को के विशेष मरम्मत कार्थ का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत अवसाने, चांदो, मुडू व जगरनाथ मिश्रा कॉलेज तरफ जाने वाली सड़क की मरम्मती के लिए क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने लगभग 11 करोड़ की लागत से 18 कि.मी होने वाली सड़क मरम्मती का नारियल फोड़कर व संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि सभी सड़क का मरम्मती विकास कार्य को दर्शाता है और उन्होंने कहा कि सभी सड़क बनकर तैयार हो जाएगी तो लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी। लोग आसानी से कम समय में अपने मंजिल तक पहुंचने में सफल होंगे।उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्ष पूर्व भाजपा का सरकार थी, तो क्षेत्र में विकास का गंगा बही थी। लेकिन जबसे झारखंड में गठबंधन की सरकार आई है। तो तबसे विकास कार्य में हमेशा अवरुद्ध उत्पन्न करने में लगीं है, लेकिन वैसे लोग सफल नही होंगे। तीसरी बार हम फिर पुनः जीत कर विधानसभा जायेंगे और जनता की आवाज पुनः बुलंद करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब शोषित वंचित लोगों का हमेशा हम आवाज़ बुलंद करने का काम किए हैं। वहीं उन्होंने कहा कि चांदो पंचायत भवन के पास पूर्व जनप्रतिनिधियों ने भूखन राम का प्रतिमा लगाने का काम जो अधूरा छोड़ा है। उसे जल्द मेरे द्वारा पूरा किया जाएगा।

## सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक बीपीओ की अध्यक्षता में हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में बीपीओ ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को विभागीय निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय प्रत्येक दिन ई विद्या वाहिनी में शिक्षकों, तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि एमडीएम का एसएमएस प्रत्येक दिन करें। विद्यालय में नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू करें। उन्होंने सभी विभागीय निर्देशों का ससमय पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश प्रसाद, सुधीर कुमार चौबे, रमेश प्रसाद, राजनाथ राम, चन्द्रदेव राम, संजय कुमार, मोतीचंद, रूपेश कुमार, नकछेदी मेहता सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## परसोडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ संपन्न



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य हेमन्त सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को परसोडीह पंचायत भवन परिसर मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया बसंती देवी, बीडीसी कमोदा देवी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर अबुआ आवास सहित 863 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें पेंशन का 02 जॉब कार्ड का 02 आवेदन को निष्पादन कर दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, अजय राम, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, नागेंद्र ठाकुर, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसडीपीओ कार्यालय के सभागार में मंगलवार को गढ़वा पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र से विभिन्न मामलो के 100 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे 10 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया। नगर उंटारी थाना क्षेत्र से 24 आवेदन, खरौंधी थाना क्षेत्र से 23 आवेदन, रमना से 7, विशुनपुरा थाना से 13, धुरकी थाना से 8, भवनाथपुर थाना से 7, हरिहरपुर ओपी से 4, केतार से 9 और महिला थाना से संबंधित 3 आवेदन प्राप्त हुए। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने बताया की अधिकतर आवेदन भूमि से संबंधित था जिसका जांच संबंधित थाना क्षेत्र के विभागीय प्राधिकारी और थाना प्रभारी को जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जल्द सुविधा मिले इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी अनुमंडल क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित है। मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, अंचल पदाधिकारी बिकास सिंह, भवनाथपुर के सीओ आफताब आलम, अधिवक्ता अरुण कुमार भारती, थाना प्रभारी आदित्य नायक, महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कु, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमुना थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, बिशनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी तथा हरिहरपुर ओपी थाना प्रभारी रजनी रंजन सहित अनुमंडल के सभी थाना के पुलिस अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## करसो में जंगली हाथियों का उत्पात

### गजराज ने किसानों की उड़ाई नींद; तैयार फसलों को किया बर्बाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करसो पंचायत में जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के समूह ने पंचायत के विभिन्न गांवों में खेतों में तैयार हो रही धान की फसलों को क्षति पहुंचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव पहुंचे जंगली हाथियों ने राम जन्म यादव, त्रिलोकी यादव, रामजी भुईयां, भूलेश्वर भुईयां, जवाहर यादव, राम लखन यादव का खेत में लगभग तैयार हो चुकी मक्का व धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने मुखिया सीमा देवी को बताया कि अंधेरा होते ही फिर गांव में जंगली हाथियों का प्रवेश शुरू हो गया है। मानसून की अनिश्चितता और अनियमितता के बीच उनलोगों ने बड़ी मेहनत से कर्ज लेकर खेती किया है। अब जब फसलें तैयार हो रही है। वो धान काटकर भंडारण की तैयारी में जुटे भी नहीं हैं कि जंगली हाथियों का उत्पात शुरू हो गया।आखिर वो करें तो क्या करें विभाग को चिंता ही नहीं। यदि वन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द उचित कदम नहीं उठाते हैं तो उनकी तैयार फसलों को जंगली हाथियों द्वारा नष्ट कर दिया जाएगा। जिसका असर उनके जीविकोपार्जन पर पड़ेगा। इस संदर्भ में मुखिया सीमा देवी ने बताया कि ग्रामीणों की बातों को सुनने के बाद किसानों को आश्वस्त किया कि जिन-जिन किसानों की फसलो को जंगली हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने विभाग से संपर्क कर उन्हें उचित मुआवजा राशि दिलाई जाएगी।

## गांव के लोगों के बीच 500 पौधे का किया गया रोपण एवं वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा भगवान अघोरेश्वर की 88 वी जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए एवं पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु सगमा प्रखंड के भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के प्रांगण में एवं आसपास के गांव के लोगों के बीच 500 पौधे का रोपण एवं वितरण किया गया। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बतलाया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के द्वारा अपने 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत जन सेवा के क्षेत्र में समय-समय पर विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं सर्वेश्वरी समूह की स्थापना 21 सितंबर 1961 में बाबा अवधूत भगवान राम जी के द्वारा किया गया था। जिसका एकमात्र उद्देश्य जनकल्याणकारी कार्य, समाज में व्याप्त कुरूतियों, नशाखोरी, छुआछूत को मिटाना, राष्ट्र प्रेम की भावना एवं पर्यावरण के क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर कार्य करना रहा है। भगवान अघोरेश्वर की 88वीं जयंती के अवसर पर समूह के अनुयायियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में सगमा प्रखंड के भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के प्रांगण में पौधा रोपण किया गया साथ ही 500 पौधों का भी वितरण लोगों के बीच में किया गया। श्री देव ने लगाए गए पोधो को संरक्षण देने एवं इसे बचाने का लोगो से अपील किया। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, संयुक्त मंत्री नागेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार सिन्हा, मनोज प्रताप देव, नवनीत सिन्हा, प्रभात रंजन सहाय, राजेंद्र यादव, मनोज प्रताप देव, कटहरगढ़ श्रीकांत सिन्हा,गोल्डन कुमार, नीरजा श्रीवास्तव , छाया सिंह, दुर्गा कुमारी, दुर्गेश कुमार सिन्हा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आम नागरिक पुलिस प्रशासन से करें संवाद, शिकायतों के होंगे त्वरित समाधान : डीएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सरकार व डीजीपी के संयुक्त तत्वावधान में गरीब पिछड़े कमजोर वर्ग के नागरिकों को तत्काल लाभ पहुंचाने को लेकर पुलिस अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के रूप में योजना बनाकर उसे जमीन पर उतारने की कोशिश हुई है।इसी सिलसिले में पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर मंगलवार को बरवाडीह थाना परिसर में पुलिस अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन डीएसपी वैंकटेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें अंचलाधिकारी मनोज कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर, बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, मनिका थाना प्रभारी ,बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल जिप सदस्य संतोषी कुमारी समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों के द्वारा लिखित दर्जनों शिकायतें दर्ज कराई गई,जिन शिकायत पत्र का मौके पर पावती रसीद दिया गया जिसमें कुछ आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई इसके अलावा त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित कर्मियों को अग्रसारित किया गया ऐसा उक्त कार्यक्रम के माध्यम से पहली बार हुआ है। मौके पर डीएसपी वैंकटेश कुमार ने कहा कि आम नागरिकों के आवेदनों पर अक्सर थाने में सुनवाई नहीं होती है साथ ही उन्हें आवेदन पत्र का रिसिविंग नहीं दिया जाता था जिसकी शिकायत झारखंड पुलिस महानिदेशक को मिली बाद इसके योजना बनाकर नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है।

## प्रखंड के दो ग्राम पंचायतों में किया गया आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के ग्राम पंचायत कोलझिकि स्थित मध्य विद्यालय परिसर में तथा ग्राम पंचायत कुंबाखुर्द स्थित पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता, मुखिया विवेक कुमार, प्रखंड कार्यालय प्रधान अनिल कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य तेजवंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कुल 591 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमे 147 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जब कि 444 आवेदन लंबित रहे। प्राप्त आवेदनों में अबुआ आवास योजना के 403 आवेदन, 15 वें वित्त से एक, मनरेगा के तहत नये कार्य के लिये 7, नये जॉब कार्ड के लिये 14,नया राशन कार्ड तथा संशोधन के लिये 24, सर्व जन पेंशन योजना के लिये 28, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये 4, पेयजल के लिये5 आवेदन प्राप्त हुये ,जब कि 105 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया।इधर कोलझिकि पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में कुल 598 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमे 213 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया,जिसमे 385 आवेदन लंबित रहे। प्राप्त आवेदनों में अबुआ आवास योजना के 305 आवेदन, मनरेगा के तहत नये कार्य के लिये 6, नये जॉब कार्ड के लिये 17, नया राशन कार्ड व संशोधन के लिये 71, सर्वजन पेंशन योजना के लिये 71, पेयजल के लिए 3 आवेदन प्राप्त हुये, जब कि 125 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया।कार्य क्रम में बीडीसी फते मोहम्मद, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार , वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार ने किया।

## डोभा में डूबने से एक युवक की मौत



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कधवन ग्राम में मंगलवार के सुबह डोभा में डूबने से एक युवक की मौत हो गया। मृतक का पहचान कधवन ग्राम के कुशवाहा टोला निवासी नागेंद्र मेहता का 33 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार मेहता के रूप में किया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने युवक को डोभा से निकाल कर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया जहा चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के बाद पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया की सुनील सुबह पांच बजे घर से उठाकर शौच के लिए निकला था। दो घंटे तक घर नहीं पहुंचने पर मृतक के मां ने घर से 200 मीटर पर स्थित डोभा में देखने गई तो देखा की सुनील पानी में पड़ा था। इसके बाद उसने घर के अन्य सदस्य को बुलाकर पानी से निकालकर सुनील को अस्पताल लाया। परिजनों ने बताया की सुनील को पहले से फरका का बीमारी भी था और सुनील घर पर रह कर खेती का काम देखता था।

# विश्रामपुर विधानसभाः भाजपा में टिकट के कई दावेदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** झारखंड में आगामी होने वाला विधानसभा चुनाव को लेकर काफी चहल कदमी देखी जा रही है, वही 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टी दल के नेता कार्यकर्ता सक्रियता के साथ अपना- अपना विधानसभा क्षेत्र में डटे हुए हैं, वहीं शीर्ष केंद्र नेतृत्व की नजर प्रदेश पर टिकी हुई है और प्रदेश की नजर विधानसभा क्षेत्र पर है, ऐसे में अपनी- अपनी दल के लोग जनता के बीच जाकर अपनी राय रखते हुए पार्टी द्वारा की गई विकास कार्य जनता के बीच रखते हुए नजर आ रहे है, अगर देखी जाए तो सभी पार्टी से हर विधानसभा मे चुनाव लड़ने की तैयारी मे लगे नेताओं की संख्या कम नहीं, ऐसे में प्रदेश के द्वारा पूर्ण रूप से समीक्षा कर पार्टी निर्णय ले सकती है, वहीं अगर पार्टी की टिकट की बात की जाए तो प्रदेश नेतृत्व के द्वारा चुनावी समीकरण बैठाते हुए ही संभव हो सकेगा 2014 विधानसभा चुनाव कि बात कि जाए तो भाजपा चुनाव मे बहुमत लाकर झारखंड मे सरकार बनाई थी,वही 2019 से 2024 तक झामुमो गठबंधन के द्वारा झारखंड मे सरकार चल रही है,कार्य काल लगभग पांच वर्ष पूर्ण होने को है अयसे मे सभी पार्टी झारखंड मे 2024 होने वाली विधानसभा चुनाव मे अछे प्रदर्शन कर ज्यादातर बहुमत लाने को लेकर चुनावी समीकरण मे लग चुके है,अगर बात की जाय विश्रामपुर विधानसभा की भाजपा नेताओं की तो सभी वरिष्ठ,युवा नेता उम्मीदवार बनने के योग हैं पर यह निर्णय प्रदेश कमेटी के ऊपर निर्भर करती है कौन चुनाव के समय बीजेपी की तरफ से चुनाव मैदान मे योग्य उम्मीदवार बनकर आ सकता है

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### पार्षद हत्याकांड में आरोपितों की कुर्की-जब्ती करेगी रांची पुलिस

**रांची :** रांची पुलिस पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड के आरोपितों धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू करेगी। इस मामले के जांच अधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में दोनों आरोपितों के खिलाफ इश्तहार जारी करने का आग्रह किया है। इससे पहले कोर्ट दोनों आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुका है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने धुर्वा में वेद प्रकाश को गोली मार दी गयी थी। लंबे इलाज के बाद दिल्ली में वेद प्रकाश की तीन अगस्त को मृत्यु हो गयी थी। इस केस के एक आरोपित को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य आरोपित फरार है।

### परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**रांची :** मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आगामी कार्यक्रम परिवर्तन यात्रा को लेकर बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्षबाबूलाल मरांडी जी, केंद्रीय मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी श्री शिवराज सिंह चौहान जी, असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमांता विश्व शरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री त्रिपाठी , नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश जी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राज्य सभा सांसद सह महामंत्री प्रदीप वर्मा, सांसदगण, विधायकगण, जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जन शिकायत समाधान में भरोसे के साथ शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता के निर्देशानुसार झारखंड के सभी जिलों के थाना अंतर्गत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आईजी ,डीआईजी , एसएसपी, एसपी , डीएसपी सहित थानों में थाना प्रभारी ने आम लोगों की जन समस्याओं को सुना। एफ आई आर दर्ज किया, कुछ त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं रांची जिला में भी इसका व्यापक तरीके से तैयारी की गई थी । पुलिस केंद्र रांची में कैंप लगाकर रांची जिला अंतर्गत लगभग सभी थाने का निष्पादन 10 सितंबर को सुबह 11:00 बजे से शाम करीब 4:30 तक किया गया । यहां उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, नगर डीएसपी केवी रमन, कोतविली डीएसपी प्रकाश सोय,मुख्यलाय वन डीएसपी अमर पांडेय सहित शहर के लगभग सभी थानेदार मौजूद थे। मुख्य रूप से डेली मार्केट थाना में एक मामला आया, तो वहीं सबसे ज्यादा मांडर थाना क्षेत्र में 107 शिकायतें दर्ज किए गए। ज्यादातर मामला जमीन संबंधित, पारिवारिक विवाद,पति पत्नी विवाद, पैसे के लेनदेन, धोखाधड़ी से ही संबंधित था। वहीं महिला थाना रांची में तीन शिकायतें आई। थाना से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक आम लोगों की शिकायत सुनी गई, उसका आवेदन लिया गया । कुल 824 शिकायतें दर्ज की गई , 35 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया।

**इन थाना क्षेत्रों की आई शिकायतें :** कोतवाली में 12 शिकायतें दर्ज किए गए , लोअर बाजार थाना में 16 , हिंदपीढ़ी में 20, लालपुर में 16, महिला थाना में तीन, पंडरा ओपी में 7, गोंदा थाना में 10, सुखदेव नगर में 28, डेली मार्केट थाना में एक, चुटिया में 18, विधि व्यवस्था से संबंधित 31,एस एसपी जन शिकायत में 6, डोरंडा में 15, एयरपोर्ट थाना से तीन और अरगोड़ा से 9 मामलों की शिकायतें दर्ज किये, सदर थाना में 27, सुखदेव नगर में 28, नामकुम में 30, जिसमें दो पर एफ आई आर और एक का निष्पादन किया गया। रातू में 32 , खेलगांव 64, बीआईटी 23, बरियातू 11 शिकायतें दर्ज हुई है। ये सब पुलिस केंद्र में लगाये गये कैंप में कुल 294 जिसमें से 17 मामले दर्ज किए ।वहीं बुंडू अनुमंडल में 80 शिकायतें दर्ज हुए हैं, अंगड़ा में 65 में तीन एफ आई आर दर्ज किए गए , खलारी में 80 जिसमें पांच पर एफ आई आर दर्ज किए गए , मांडर में 107 शिकायतें दर्ज किए गए। रातू में 13 बेड़ो में 26 शिकायतें दर्ज किए गए, पिथोरिया, नगडी, कांके इन सभी थानों में 11 और 12 को जन शिकायत समाधान केंद्र का कैंप लगेगा।




**आम जनों में जागी उम्मीदे :** दूर दराज से पुलिस केंद्र में आए शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनमें थोड़ा उम्मीद जागी है, क्योंकि थाना में मुंशी, सिपाही, हवलदार आवेदन नहीं लेते हैं, शिकायत दर्ज नहीं करते हैं, और कभी-कभी तो थानेदार भी रसूक वाले के पक्ष में होते हैं , कमजोर पीड़ति का मामला दर्ज नहीं करते हैं, लेकिन जिस तरह से यह शिविर लगाया गया है, शिकायतें ली गई है, अब शिकायत पर कितना जल्दी करवाई होती है, यह देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है, लेकिन पहल अच्छी है उम्मीदें जागी है।

**उपायुक्त ने कहा :** उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है की विधि व्यवस्था बनी रहे, जमीन से संबंधित हो या अन्य किसी से संबंधित मामला हो थाना में तुरंत दर्ज किया जाएगा, यदि कोई थाना में मामला दर्ज नहीं करता है तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**एसएसपी ने कहा :** एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि एक कोशिश है और उम्मीद करते हैं कि जितनी भी शिकायतें आ रही है, उस पर सभी को त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

अभी रजिस्टर्ड कर लिया गया है, किसी को किसी तरह की परेशानी ना हो यह पुलिस की प्राथमिकता में है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का ऑस्ट्रेलिया में भारतवंशियों से चल रहा संवाद

**रांची :** रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के ऑस्ट्रेलिया प्रवास के प्रथम दिन मंगलवार को मेलबॉर्न में स्थित युद्ध स्मारक (द श्राइन ऑफ रेंब्रेंस) पहुंचे। यहां अपने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया के द्वारा मेलबर्न शहर में भारतीयों के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा दूर देश में अपने लोगों से मिलकर अपनत्व का बोध होता है। आप सब ऑस्ट्रेलिया में रहकर अपने कार्यो से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। सभी भारतीय यहां अपने कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर अपने और अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं। विदेश में भी रहकर आप सबों का भारत के प्रति जो स्नेह है वह अनुकरणीय है। यही भारत की ताकत है। आज भारत पूरी दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## कांग्रेस की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व संगठन प्रभारी के0 सी0 वेणुगोपाल, मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, राष्ट्रीय वार रूम के चेयरमैन शशिकांत सेनथील, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और चारो राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए बनाये गये लोकसभा पर्यवेक्षकों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी रणनीति तैयार की गयी। झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर 14 लोकसभा में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गये हैं, जिनमें राजमहल में मो. अफाक आलम विधायक बिहार, दुमका में विक्रांत भूरिया विधायक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश, गोड्डा में शकील खान नेता विधायक दल बिहार, चतरा में जयसिंह अग्रवाल पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़, कोडरमा में राजेश कुमार विधायक बिहार, गिरिडीह में छत्रपति यादव विधायक बिहार, धनबाद में अजित शर्मा विधायक, पूर्व नेता विधायक दल बिहार, रॉंची में विकास उपाध्याय पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़, जमशेदपूर में दलेश्वर साहू विधायक छत्तीसगढ़, सिंहभूम में राधेश्याम मूभेल लोकसभा प्रत्याशी, खूँटी में ओमकर सिंह मारखम विधायक एवं सदस्य कांग्रेस कार्यसमिति, लोहरदगा में अमरजीत भगत पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़, पलामू आनंद शंकर सिंह विधायक बिहार एवं हजारीबाग छाया वर्मा पूर्व सांसद राज्यसभा शामिल है।

## मंदिर के समीप मदिरालय का होना समाज के नैतिक मूल्यों पर सीधा हमला है : वेदांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कडरू स्थित श्री श्री शिव पौराणिक मंदिर के समीप ओना रेस्टोरेंट और बार में शराब की बिक्री एवं परोसने को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष है। इस विषय को लेकर आज युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह एवं युवा नेता वेदांत कौस्तव के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने एनडीसी डॉ. सुदेश कुमार के माध्यम से रांची के उपायुक्त के नामित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवा आजसू ने रांची जिले के धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार और शराब दुकानों को बंद करने की मांग की है। मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों के निकट शराब परोसे जाने या बिक्री किए जाने संबंधी गतिविधियाँ न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही हैं, बल्कि समाज में भी असंतोष उत्पन्न कर रही हैं। युवा आजसू के वेदांत कौस्तव ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए गए निर्देशों के बावजूद, मंदिरों के बगल में मदिरालय का संचालन चिंताजनक है। हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वे इन बार और शराब दुकानों को तत्काल बंद करवाएं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप शराब की बिक्री और परोसना समाज के नैतिक मूल्यों पर सीधा हमला है। यह हमारे युवाओं पर भी गलत प्रभाव डालता है। हम इस अव्यवस्था के खिलाफ हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। युवा आजसू ने जिला प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की है।इस अवसर पर प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, अभिषेक झा, अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, प्रियांशु शर्मा, विशाल कुमार यादव, रोशन नायक, मनस्वी, सुमित, विशाल गुप्ता, ईशा गुप्ता, मनोज कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अंजुमन इस्लामिया ने की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया रांची की एक अहम बैठक प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अंजुमन इस्लामिया के दफ़्तर में हुई। महासचिव डॉ. तारिक हुसैन ने बताया कीअंजुमन इस्लामिया रांची की पूरी कमेटी ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का भारी विरोध किया है और बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 वक्फ संपत्ति के लिए पूरी तरह से अनुचित है और वक्फ संपत्ति के हित मे नहीं है । अंजुमन इस्लामिया ने पत्र की मध्यम से जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को पत्र लिख कर ये मांग की है कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को रद्द किया जाए 7 समिति ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि वक्फ अधिनियम 1995 को 2023 के संशोधन के साथ यथावत रखा जाए।

## इंस्टिट्यूट ऑफ़ लीगल स्टडीज में इंटर सेमेस्टर शतरंज टूर्नामेंट का आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंस्टिट्यूट ऑफ़ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय, रांची में इंटर सेमेस्टर शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 4 राउंड थे और इसका प्रारूप रैपिड टाइम था।

टूर्नामेंट में 16 प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें सेमेस्टर 7 के सचिन आनंद चैंपियन बने जबकि दूसरे स्थान पर सेमेस्टर 9 के सुशांत पाठक रहे।



इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर एसएन मिश्रा ने विजेता एवं उपविजेता सहित सभी प्रतियोगियों को ट्राफी तथा मेडल देकर सम्मानित किए। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ मोहम्मद जाकिर की मुख्य भूमिका रही । इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी बबलू (सेमेस्टर 7), नूर (सेमेस्टर 3), हर्ष (सेमेस्टर 7), राज (सेमेस्टर 5), आदर्श (सेमेस्टर 7), माधव (सेमेस्टर 9), विश्वजीत (सेमेस्टर 9), निकेत (सेमेस्टर 7), दीपक (सेमेस्टर 7), सिद्धांत (सेमेस्टर 3), अंगिका (सेमेस्टर 5), कृष्णनशु (सेमेस्टर 3), संदीप (सेमेस्टर 3), खुशबू (सेमेस्टर 10) पुरस्कार वितरण के समय मौजूद थे।

## सभी राशन लाभुकों को सही समय पर राशन मिलें इसको लेकर समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा दिनांक- 10 सितंबर 2024 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में रांची शहरी क्षेत्र के एम.ओ. सभी एजीएम एवं डीएसडी के साथ, सभी राशन लाभुकों को सही समय पर राशन मिलें इसको लेकर समीक्षा बैठक की गई। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारी को समय पर राशन वितरण करने का निर्देश दिया एवं दशहरा पर्व को देखते हुए 20 सितंबर 2024 तक राशन वितरण सुनिश्चित कराने को कहा गया। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से कहा की राशन देने पर अनियमियता पाए जाने पर राशन डिलरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी राशन सम्बंधित शिकायत पाए जाने पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जाँच किया जायेगा। जाँच में की गई शिकायत सही पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**पदाधिकार मोनी कुमारी द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारी को समय पर राशन वितरण करने का निर्देश दिया एवं दशहरा पर्व को देखते हुए 20 सितंबर 2024 तक राशन वितरण सुनिश्चित कराने को कहा**

## झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन 20 से 22 सितंबर तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आगामी 20, 21 और 22 सितंबर को धुर्वा स्थित प्रभात मैदान में झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस शो को आयोजन ओलपिंया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही है। ओलंपिया ने इस आयोजन में शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, मेकॉन के सीएमडी, झारखंड के औद्योगिक सचिव और झारखंड के कमिश्नर को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। इस शो में प्रवेश निःशुल्क है। शो सुबह 10 से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। इस शो में जेसीबी इंडिया, टीवीएस टायर्स, हीरालाल इंडस्ट्रीज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, हुंडई कंस्ट्रक्शन इक्यूवमेंट, एजेक्स इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, वीनस टेक्नो इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, टेकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पीआरडी रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, मैक्समैच इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, प्रेमसंस मोटर उद्योग, शैल ल्यूब्रिकेंट समेत अन्य कंपनियां शामिल हो रही है। इसके अलावा सरकारी कंपनियों में मेकॉन लिमिटेड, कोल इंडिया, सीपीएमपीडीआई, भारत पेट्रोलियम समेत निर्माण कंपनियां, भारी वाहन निर्माता, खनन कंपनियां, उपकरण निर्माता, लुब्रिकेंट सप्लायर, और स्पेयर पार्ट्स निर्माता भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे। ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो वर्ष के सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक है।

### जन शिकायत समाधान कैंप में लोगों ने रखी अपनी समस्या

**रांची।** डोरंडा थाना में लगे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम मे अपनी शिकायते लेकर पहुंच रहे लोग। डोरंडा थाना परिसर मे डोरंडा थाना के अलावा एयरपोर्ट थाना और अरगोड़ा थाना का भी समाधान कैंप लगा है। मौके पर हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा, अरगोड़ा सीईओ सुमन सौरव, डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद, अरगोड़ा थाना प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा, एयरपोर्ट ठाना प्रभारी कश्यप गौतम सहित पुलिस के कई पदाधिकारी लोगो के समस्या का समाधान करने के लिए मौके पर मौजूद।

## राजद की 25 को चतरा एवं 29 को पलामू में होगा प्रमंडल सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को प्रदेश राजद कार्यालय में संगठन के नेताओं के साथ संवाद बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से बतौर मुख्य अतिथि राजद के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव जी उपस्थित रहे। संवाद वार्ता कार्यक्रम के दौरान आए जिलों के नेताओं ने कहा कि राज्य में राजद काफी मजबूत है,राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और युवा नेता तेजस्वी यादव को चाहने वाले करोड़ों लोग हैं,एकीकृत बिहार और वर्तमान झारखंड में लालू यादव के विचारधारा और राजद का नीति सिद्धांत को मानने वाले गांव गांव में हैं। इसलिए राजद को मजबूती से अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लडना चाहिए। संवाद बैठक में मुख्य अतिथि जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि देश में सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन को कमजोर नही किया जाएगा, संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को भाजपा लगातार कुचलने की तैयारी कर रही है जो राजद कभी सफल होने नही देगा। राजद का मांग है कि देशभर में जातीय जनगणना कराना है,राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा है की कोई माई का लाल जातीय जनगणना करने से रोक नही सकता है। जातीय जनगणना और आरक्षण सीमा बढ़ाने को लेकर राजद झारखंड और बिहार में जनता के साथ धोखा नही कर सकता है इसलिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का सीधा संदेश है की राजद जातीय जनगणना और आरक्षण के मामले में झारखंड और बिहार में सजगता से आवाज बुलंद करे। श्री यादव ने कहा की झारखंड में राजद सम्मानपूर्वक स्थिति में चुनाव लगेगी,कार्यकर्ताओं और नेताओं के भावनाओं को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव तक पहुंचाएंगे साथ ही विशेष समिति की रिपोर्ट सौंपेंगे और स्कूटनी कर दलहित में उचित फैसला लिया जाएगा।

राष्ट्रीय जनता दल

## सीएम ने परमवीर अब्दुल हमीद चौक के जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के तत्वाधान में परमवीर अब्दुल हमीद का 59 वाँ शहादत दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर परमवीर अब्दुल हमीद चौक, कांटाटोली, स्थित स्मारक स्थल पर माल्यार्पण कर परमवीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन ने परमवीर अब्दुल हमीद चौक के जीर्णोद्धार का शिलान्यास किये। जिसका निर्माण सांसद राज्यसभा डॉ0 महुआ माजी के सांसद कोष से किया जाएगा । इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन तथा परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना, प्रधान महासचिव अख्तर हुसैन, उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान, उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, इकबाल, यासमीन परवीन, सरिता, सुनीता सावित्री, औरंगजेब खान, मोहम्मद इश्तियाक, जफर खान, अब्दुल, मोहम्मद शकील, शाहनवाज आलम, मोहम्मद जमील, मोहम्मद आफताब, गुलाम,जावेद, मोहम्मद इश्तियाक सदर, चिश्तिया पंचायत, सऊद आलम सदर, अंजुमन इस्लामिया नूरिया पंचायत, सहित झामुमो के पदाधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



### हेमंत सोरेन ने दुर्गा सोरेन की जयंती दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता पूर्व विधायक स्व0 दुर्गा सोरेन की जयंती दिवस पर दुर्गा सोरेन स्मारक, लोवाडीह, नामकोम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया।

## अलीशा सिंह ने डांस संस्थान का फीता काट कर किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड के मारवाड़ी भवन के पीछे वाली गली में स्थित सूर्य भवन में द पाजेब नाम से एक नया ब्रांच खोला गया है। ब्रांच का संचालक सतीश शाहदेव हैं, जो झारखंड के जाने-माने झॉलीवुड कलाकार और कोरियोग्राफर हैं। इस नये ब्रांच का उद्घाटन हिंदी फिल्मों की मशहूर कोरियोग्राफर, रांची की बेटी अलीशा सिंह ने फीता काटकर किया। अलीशा सिंह ने कहा कि वे रांची में पली बढ़ी है और यहीं सतीश शाहदेव से डांस सिखती थीं सतीश उनके डांस गुरु हैं , लंबे समय से संपर्क में हैं। इनके कहने पर कि वे एक नया ब्रांच स्थापित कर रहे हैं , इस ब्रांच का उद्घाटन करना है तो मैं आ गई, सबसे मिलकर खुशी हो रही है। उम्मीद करती हूं कि जो आज के बच्चे, युवा,युवतियां हैं वे यहां डांस, जुंबा, एरोबिक्स , योगा यहां आकर जरुर सीखे। वही सतीश शाहदेव ने कहा कि डांस, पेंटिंग, गिटार यहां पर सिखाया जाएगा । उत्तम, धीरेंद्र, दीपक , विजय सिंह भी प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावे अतिथि के रूप में कोरियोग्राफर इंद्रजीत सिंह सहित भास्कर ,जय श्री मिश्रा, बिट्टू शाहदेव, प्रियंका चौहान सिंह, परवेज कुरैशी सहित कई कलाकर, कोरियोग्राफर उपस्थित थे।



# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## आमजनों की शिकायतों के निष्पादन/निवारण के साथ-साथ कई मामलों से आमजनों को किया गया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन खूँटी में किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनों को संबोधित करते हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि खूँटी जिला के नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें आप भाग लेकर अपने शिकायतों के निवारण के साथ-साथ कई महत्त्वपूर्ण मामलों की जानकारी लेकर खुद को जागरूक कर सकते है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया।

साथ हीं मानव तस्करी मामले में छुड़ाए गए महिलाओं को मंच पर आमंत्रित कर प्रोत्साहित भी किया गया। नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में खूँटी पुलिस अनुमण्डल के 05 थाना कमशः खूँटी, मुरहू, सायको, अड़की एवं मारंगहादा थाना से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया, वहीं तोरपा पुलिस अनुमण्डल के लिए तोरपा स्थित सभागार (तोरपा थाना परिसर) में 03 थाना कमशः तोरपा, तपकरा एवं रनिया थाना क्षेत्र के लिए कार्यक्रम आयोजित कर शिकायतों का निष्पादन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न थाना अंतर्गत निवासियों एवं शिकायतकर्ता ने भाग लिया। कार्यक्रम में कई मामलों का निष्पादन किया गया। इनमें मुख्य रूप से आपसी विवाद, लड़ाई-झगड़ा, जमीन विवाद समेत अन्य मामले शामिल है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कई मामलों पर चर्चा कर लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इनमें मुख्य रूप से गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफ.आई.आर एवं ऑनलाइन एफ.आई.आर. प्रणाली, डायल 112 तथा 1930 (साइबर फ्रॉड) एस.सी / एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम, संपत्ति मूलक अपराध, साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन बिक्री की रोकथाम समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी, सेक्रेटरी डालसा, अनुमंडल पदाधिकारी खूँटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूँटी, अन्य संबंधित पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक, शिकायतकर्ता, थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# जिले के विभिन्न पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम संचालित है। विभिन्न पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में कैंप का आयोजन कर आमजनों को ऑन द स्पॉट सरकारी योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना जा रहा है। आज खूंटी प्रखंड के गुटजोरा पंचायत भवन, कर्रा प्रखंड के डुमरगड़ी पंचायत भवन, मुरहू प्रखंड के कुदा पंचायत भवन, अड़की प्रखंड के मदहातु पंचायत भवन, तोरपा प्रखंड के दियांकेल पंचायत भवन, रनिया प्रखंड के बनई पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के तोरपा में रोड में शिविर का आयोजन किया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, कृषि, राजस्व, मत्स्य, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, सहकारिता समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए। उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा के निर्देश पर वरीय पदाधिकारियों ने शिविर में पहुंच स्टॉल का निरीक्षण किया एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं शिविरों में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना यथा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र के लाभुकों से प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए गए। शिविर में ऑन द स्पॉट परिसंपत्ति एवं सरकारी लाभों का भी विवरण किया गया। छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण एवं जाति प्रमाण पत्र वितरण समेत अन्य लाभ दिया गया। वहीं लाभुकों के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण, कंबल का वितरण समेत अन्य लाभ दिया गया। राजस्व अभिलेख में संशोधन/परिमार्जन, आय/जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में यथावश्यक संशोधन, आधार कार्ड/राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत समेत अन्य मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत छुटे हुए लाभुकों से प्राथमिकता के आधार पर पेंशन का लाभ देने को लेकर आवेदन लिए गए। साथ हीं आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा, व्यक्तिगत वन पट्टा की अर्हता रखने वाले लाभुकों से भी प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए गए, जिससे उन्हें उक्त सरकारी लाभ दिया जा सके। अब 11 सितंबर को खूंटी प्रखंड के भंडरा पंचायत भवन, कर्रा प्रखंड के धुनसुली पंचायत भवन, मुरहू प्रखंड के मुरहू पंचायत भवन, अड़की प्रखंड के कोचांग पंचायत भवन, तोरपा प्रखंड के तपकरा पंचायत भवन, रनिया प्रखंड के खटगा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के नगर भवन खूँटी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## धमधमिया माइनर्स दुर्गा पूजा कमेटी का गठन, अध्यक्ष राजकिशोर सिंह एवं सचिव बनें मनोज राम



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा समिति माइनर्स चौक धमधमिया की बैठक दुर्गा पूजा मंडप के प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष महली ने की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही पुराना दुर्गा पूजा कमेटी को भंग कर नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मुखिया संतोष महली, पंसस सहदेव महली, रामेश्वर भोगता, मनोज साव को बनाया गया है। अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, सचिव मनोज राम, सहसचिव भोलानाथ चौहान, कोषाध्यक्ष दिलु कुमार राम, सह कोषाध्यक्ष पारस उरांव, विनय राम बनें। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप चौहान, आशीष कुमार यादव, शंकर भगत, बजरंगी राम, धर्मेंद्र पासवान, संजय राम, कंदरु मुंडा, फुटीना भुइयां, सुधीर उरांव, नवीन पासवान आदि का नाम शामिल है।

## सड़क पर गिरे पेड़ को हटाने के लिए आरसीएमयू अध्यक्ष ने जीएम से की मुलाकात



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात किया।इस दौरान उन्होंने बहेरा से राजधार पुलिस पिकेट आने वाले मुख्य मार्ग पर गिरे विशाल पेड़ को हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि 15 दिन पूर्व उक्त सड़क पर एक विशाल आम का पेड़ गिर गया है,जिसके कारण उक्त मार्ग पर लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। लेकिन अभी तक पेड़ नहीं हटाया गया है,जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग पर स्थानीय सीसीएल कर्मचारियों के अलावे स्थानीय ग्रामीण आवागमन करते हैं।ऐसे में पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर समस्या सुनने के बाद महाप्रबंधक संजीव कुमार ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।

## टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज का 25वां संस्करण लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के प्रतिष्ठित क्विज़ के 2024 संस्करण का उद्देश्य भारत भर के छोटे शहरों और जिलों के छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। अब अपने रजत जयंती वर्ष में, इस कार्यक्रम को लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स द्वारा भारत में ग्रामीण छात्रों के लिए पहली आईटी क्विज़ के रूप में मान्यता दी गई है और यह देश की सबसे बड़ी आईटी क्विज़ में से एक बन गई है, जिसमें अब तक 21 मिलियन से अधिक छात्र शामिल हो चुके हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (BSE: 532540, NSE: टीसीएस), आईटी सेवाओं, परामर्श और व्यावसायिक समाधानों में एक वैश्विक नेता, और इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, कर्नाटक सरकार, यह घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं कि टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज़ कार्यक्रम के 25वें संस्करण के लिए पंजीकरण अब खुले हैं।

# चुरी दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, सोनू पांडे बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चुरी शिव मंदिर प्रांगण में ललू सिंह की अध्यक्षता में कॉलोनी वासियों की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, कुबेरनाथ सिंह, सीताराम शाही, आरके सिंह, रामसागर सिंह, नंदू विश्वकर्मा, गोपाल शर्मा, मिथिलेश सिंह, अनिल जैन, शिव पासवान, सुदेश पासवान, गंभीर सिंह, बीके राणा, राजेश महतो, रामजीत शर्मा, अंकु मंडल को बनाया गया। अध्यक्ष सोनू पांडे, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, उदयनाथ, विदेशी गंझू, दिलीप सिंह राजकुमार, अजय सिंह को बनाया गया। सचिव मनोज चौहान, दीपक कुमार, विशाल पासवान, उपसचिव बीरांची कुमार, मनोज स्वाई, अरविंद चौबे, रामप्रताप सिंह, भोला पांडे, पवन केशरी, कोषाध्यक्ष सीमांत पांडे, उपकोषाध्यक्ष उदय शंकर, अरविंद चौबे, रंजीत पासी, कुलदीप कुमार को बनाया गया है। पूजा व्यवस्था प्रभारी राजीव चटर्जी, सचिन सिंह, मनीष विश्वकर्मा ,राजेश सिंह, आशीष कुमार, अनुज चौहान, विधि व्यवस्था प्रभारी में संजय विश्वकर्मा, कन्हैया सिंह, शिवप्रसाद चौहान, हिमांशु मंडल, राजेश कुमार दास को बनाया गया है। मीडिया प्रभारी अनिल कुमार पांडे एवं विशाल पासवान को नियुक्त किया गया है।

# बचरा श्रमिक क्लब में करमा पूर्व महोत्सव का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में मंगलवार को करमा पूर्व महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और विशिष्ट अतिथि में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य बबलू सागर मुंडा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया, जिसके बाद महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।वहीं आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।जिसके बाद सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस कार्यक्रम में बाहर से आयी टीम के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसमें मुख्य रुप से खोड़हा नृत्य और आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि झारखंड में सभी पर्व त्यौहार आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ मनाया जाता है।आदिवासियों का पर्व त्यौहार प्राकृति से जुड़ा हुआ होता है,जिसको लेकर इसे काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है।झारखंड मे सभी पर्व और त्योहार हमारी संस्कृति और हमारी पहचान है।यहां पर सभी धर्मो के लोग सभी त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाते आ रहे हैं।विशिष्ट अतिथि पीओ संजय कुमार ने कहा कि करमा पूजा प्राकृतिक पूजा के रूप में मनाया जाता है।वर्तमान में प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है।प्राकृतिक के सुरक्षित रहने से ही हम सभी सुरक्षित रह सकते हैं। आदिवासी समाज का सभी त्यौहार प्राकृतिक से जुड़ा हुआ होता है।ऐसे में प्राकृतिक को सुरक्षित रखने के लिए आदिवासी समाज के द्वारा सार्थक पहल किया जा रहा है।प्राकृतिक को बचाने के लिए हर तरह के उपाय और कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों ने भी मांदर बजाकर करमा पूजा का उत्सव मनाया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद मुंडा, हिमांशु चाटर,ईश्वर पाहन, जीतू तिर्की,सुनील मुण्डा, उमेश उंराव,रमेश भगत, धनंजय मुंडा,प्रकाश तिग्गा, गौरव हेंब्रम,राजकिशोर मिस्त्री,जूलियस टोपनो, रामपति मुण्डा,मनीष बोदरा,अजेश मुंडा,विजय कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गणेश पूजा के अवसर पर सीआईएसएफ कॉलोनी में भंडारा का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी परिसर में चल रहे गणेश पूजा महोत्सव के दौरान भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस सहित कई अधिकारी एवं जवान सपरिवार शामिल हुए।वही झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई।इस दौरान कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने पूजा पंडाल में गणेश भगवान के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।जिसके बाद कार्यक्रम मे शामिल सभी लोग एक साथ सामुहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।ज्ञात हो कि बचरा स्थित सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी परिसर मे प्रत्येक वर्ष गणेश पूजा महोत्सव धुमधाम के साथ मनाया जाता है।इस मौके पर सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांडेड दिनेश यादव, असिस्टेंट कमांडेड रवि चौधरी,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव पिंकी सिंह सहित सीआईएसएफ के कई अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## मांडर थाना परिसर में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना परिसर में मंगलवार को झारखंड के डी जी पी अनुराग गुप्ता के आदेश पर सूबे के सभी थाने में जन सुनवाई शिविर लगाये जा रहे हैं। इसके जरिये पीड़ितों से उनकी फरियाद सुनी जा रही है। समस्याओं को ऑन स्पॉट समाधान किये जा रहे हैं। आज यानी 10 सितंबर को मांडर थाना में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस कार्यक्रम में मांडर चान्हो ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता सम्पन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्टेडियम में मंगलवार को खेलो झारखंड कार्यक्रम 2023-24 के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता में सिल्ली प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के 14 , 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र छात्राओं भाग लिया। प्रतियोगिता के दुसरे दिन फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, रिले रेस, गोला फेंक, भाला फेंक आदि खेलों का आयोजन किया गया। बालक वर्ग अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता में बनवाडीह हाईस्कूल को 1/0 से हराकर एस प्लस-टू हाईस्कूल सिल्ली चैंपियन बना। अंडर 14 में मवि कारियाडीह को 1/0 से हराकर हाईस्कूल गोड़ाडीह विजेता बना। बालिका वर्ग अंडर 19 में कस्तूरबा विद्यालय एवं अंडर 14 में उरसुलाईन संकुल मुरी विजेता बने। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक,बीईईओ विमल कांत झा एवं अन्य अतिथियों ने सफल प्रतिभागियों को ट्राफी पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने सभी सफल प्रतिभागियों को जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभ कामनाएं दी। कार्यक्रम का सौचालन बीपीओ मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, गौतम कृष्ण साहू, शुशील महतो, संजय सिद्धार्थ, बीपीओ कृष्णा हेमरोम, शोभा सिंह, रजनी बाड़ा, राजेश सेठ, सुरेश चौधरी, प्रेम महतो, प्रदीप महतो एवं सभी बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे।

## खलारी में आयोजित हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में लगाए गए शिविर में बुढ़मू, खलारी तथा मैकलुस्कीगंज थाना का अलग अलग स्टाल लगाया गया। षिविर में बुढ़मू, खलारी और मैक्लुस्कीगंज प्रखंड के लोगों ने अपनी भूमि संबंधित आपसी विवाद, पैसे का लेन देन का विवाद, पूर्व से चले आ रहे मुकदमो सहित अन्य मामलों के समाधान हेतु आवेदन दिए। समस्याओं के निराकरण के लिए अंचल अधिकारी बुढ़मू सच्चिदानंद वर्मा, अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, खलारी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विजयकुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार व बुढ़मू थाना प्रभारी रितेशकुमार महतो सहित थानों के अन्य पुलिस अवर निरीक्षक उपस्थित थे। आयोजन में खलारी थाना क्षेत्र से 14 मामलों को लेकर आवेदन दिए गए। जिनमें जमीन विवाद, वृद्धा पेंशन, पैसों का आपसी लेन देन में विवाद, जमीन खाता संबंधित समस्या, सीसीएल क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि पर नौकरी और मुआवजा नहीं मिलने का शिकायत संबंधित आवेदन दिया गया। वहीं मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से 50 लोगों ने अपनी समस्याओ को लेकर आवेदन दिया। जिनमें पैसों के लेन देन, अबुआ आवास के अलावा जमीन विवाद संबंधित मामले शामिल थे। बुढ़मू थाना क्षेत्र के कुल 8 लोगों ने आवेदन दिया। जिनमें पशु चराने को लेकर हुए विवाद, बाइक चोरी, जमीन विवाद, जमीन कब्जा करने, मारपीट से संबंधित मामले शामिल है।

## बहेरा उर्दू मध्य विधालय मे आमसभा आयोजित कर प्रबधं समिति का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा स्थित उर्दु मध्य विधालय के प्रागंण मे वार्ड सदस्य फहीम रजा की अध्यक्षता मे आमसभा का आयोजन किया गया।जिसमे स्कुल के बेहतर संचालन व बच्चो की पढ़ाई को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे विधालय प्रबंध समिति एंव सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के पुर्नगठन को लेकर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष वसीम रजा, उपाध्यक्ष हाजरा प्रवीण, संयोजिका जेबा नाज और सह संयोजिका शेख अली जान को बनाया गया।इसके अलावा मोहम्मद हासिम, मोहम्मद गुड्डे,मोहम्मद एहसान,फैयाज खान,पिंकी देवी,रूबी प्रवीण, मोहम्मद आजाद,माजरा खातुन, नाजिया प्रवीण सहित अन्य लोगो को प्रबधं समिति का सदस्य बनाया गया।पर्यवेक्षक के रूप मे मोहम्मद शारिक उपस्थित थे।मौके पर फहीम रजा,वसीम रजा, मोहम्मद इफ्तेखार,मोहम्मद गुड्डे,मोहम्मद आबिद, मोहम्मद हासिम,पिंकी देवी, बंसती देवी,सबीला खातुन, शहजादी खातुन,रहमती खातुन,जेबा नाज,रूबी प्रवीण,हाजरा खातुन,पुनम देवी,मोहम्मद शमशेर सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

# वर्तमान समाज में शिक्षा और शिक्षक ही है समाज के विकास का मार्गदर्शक : निरंजन साही





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** मगंलवार को आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। सबसे पहले बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत बुके दे कर और माला पहना कर किया। उसके बाद मुख्य अतिथि भूत पूर्व शिक्षक श्री निरंजन साही संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव अशोक कुमार गुप्ता जिंगी हाई स्कूल प्रधानाध्यापक अलीराजा अंसारी और स्कूल प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। इस बीच श्री निरंजन साही ने कहा की समाज में शिक्षक के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया एवं बताया कि वर्तमान समाज में शिक्षा और शिक्षक ही हैं समाज के विकास के मार्गदर्शक। उन्होंने आदर्श समाज की स्थापना के लिए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि समाज के विकास के असली मार्गदर्शन शिक्षक की हैं और उनके बिना देश को एक विकासशील देश की तरह देखना असंभव है। वही विशिष्ट अतिथि श्री शिव उरांव ने कहा की आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और इस लिए सभी बच्चों को शिक्षा का महत्व को समझना चाहिए और खूब मन लगा कर पढ़ना चाहिए ताकि अपने और अपने परिवार के साथ देश का भी नाम रौशन कर सके।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने शिक्षक दिवस के महत्व एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के मूल्य पर प्रकाश डाला एवं बच्चों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि समाज में शिक्षक के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए क्योंकि यही शिक्षक राष्ट के निर्माता हैं। इस बीच बच्चों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हिंदी नागपुरी गाना पर डांस और हिंदी इंग्लिश में भाषण और नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी बच्चे और सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर अशोक गुप्ता अलिरजा अंसारी सुभाष कुमार मोहसिन खान ने भी अपनी बातों को रखे इस बीच सभी अतिथि को मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर साइन पब्लिक स्कूल नगजुवा के निदेशक माजिद आलम हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो के निदेशक आलोक बिपीन टोप्पो अहसान सयानी जुल्फेकार अली एनामुल हक रमेश सिंह, जूमाउद्दीन, राउफ अंसारी, असलम अंसारी, बासुदेव सोनी, दुर्योधन गोप, दिनेश लोहरा दरेश मुंडा समेत सैकड़ो अभिभावकगण मौजूद थे।

## नोटिस

मैं बसंती देवी उर्फ भुवनेश्वरी देवी पति अशोक महतो उम्र 44 वर्ष ग्राम नगलो, पोस्ट गादी पेशम, थाना ओपी भरकट्टा, जिला गिरिडीह, झारखंड का स्थाई निवासी हूं। बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारपहरी में भुनेश्वरी देवी पति अशोक प्रसाद वर्मा के नाम से मेरा एक फिक्स डिपॉजिट है, जबकि बैंक ऑफ इंडिया शाखा पेशम में बसंती देवी पति अशोक महतो के नाम से मेरा एक बचत खाता है। मैं अपने ग्राम में बसंती देवी पति अशोक महतो एवं भुनेश्वरी देवी पति अशोक प्रसाद वर्मा दोनों नामो से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अर्थात बसंती देवी पति अशोक महतो एवं भुनेश्वरी देवी पति अशोक प्रसाद वर्मा दोनों एक हीं व्यक्ति है जो मैं हीं हूं। आज के बाद मैं बसंती देवी पति अशोक महतो के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# टाटा स्टील गम्हरिया प्लांट और टीजीएस में बोनस समझौता संपन्न, 13 को होगा अकाउंट में ट्रांसफर

## टाटा स्टील गम्हरिया में अधिकतम 98,000 रुपए और टीजीएस में 3.35 लाख रूपये मिलेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा स्टील के गम्हरिया प्लांट तथा टिस्को ग्रोथ शॉप में सोमवार को बोनस समझौता हो गया। टाटा स्टील गम्हरिया में हुए बोनस समझौता के तहत इस वर्ष कर्मचारियों के बोनस मद में 5 करोड़ 70 लाख रुपए दिए जाएंगे। टाटा कामगार यूनियन के साथ टाटा स्टील प्रबंधन का समझौता पर हस्ताक्षर हुआ। इसके तहत कुल 1103 कर्मचारियों को बोनस की राशि दी जाएगी। इसके तहत अधिकतम 98,000 रुपए और न्यूनतम 12,700 रुपए दिया जाएगा। विदित है कि टाटा स्टील गम्हरिया में ही टाटा लांग प्रोडक्ट, जोड़ा को भी जोड़ा गया है। टाटा स्टील के साथ ही इसकी राशि का भुगतान शुक्रवार को किया जाएगा। इधर, टाटा स्टील के गम्हरिया स्थित टिस्को ग्रोथ शॉप (टीजीएस) में हुए बोनस समझौता के तहत तय किया गया कि इस वर्ष टीजीएस में कुल 237 कर्मचारियों को बोनस की राशि दी जाएगी। बोनस मद में कुल 2.80 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान कर्मचारियों को अधिकतम 3 लाख 35 हजार 458 रुपए और न्यूनतम 70 हजार 785 रुपए प्रदान किया जाएगा।



# चक्रधरपुर के बांझीकुसूम-केरा मुख्य सड़क के बबूल पेड़ में मिला दो की हत्या का लिखा बैनर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** मंगलवार को आसामाजिक तत्वों ने चक्रधरपुर प्रखंड के बांझीकुसूम-केरा मुख्य सड़क मार्ग के एक बबूल पेड़ में बैनर लगाकर दो व्यक्तियों की हत्या करने के संबंध में लिखा गया है। जिससे आसपास में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। बैनर में असामाजिक तत्वों द्वारा लाल रंग के एक कपड़े में चेतावनी देते हुए दो लोगों का मर्डर करने के संबंध में लिखा गया है। बैनर में एक ड्राइवर और दूसरा इलेक्ट्रिक मिस्त्री लिखा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक बाबुल के पेड़ में बैनर लगा हुआ था।

# गोदावरी ने इको-फ्रेंडली परिवहन ई-ब्लू सिटी किया लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नए-नए तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों बनाने वाली प्रमुख कंपनी, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने वर्ल्ड ईवी डे पर ई-ब्लू सिटी को लॉन्च किया है। ऑटो के आकार का यह नया ई-रिक्शा शहरों में यात्रा करने के अंदाज को बदलने के लिए तैयार है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,99,999 रुपये है। ई-ब्लूसिटी को शहरों में यात्रा करने के लिए स्थायी और प्रभावी साधनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-ब्लू सिटी में ड्राइवर के अलावा चार लोग आराम से बैठ सकते हैं। यह भीड़भाड़ वाली शहर की गलियों में घूमने का आदर्श विकल्प है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ हैदर खान ने इस लॉन्च के बारे में कहा कि गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की कंपनी बिजली से चलने वाली गाड़ियों को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। उनका लक्ष्य है कि हर कोई आसानी से और प्रदूषण रहित गाड़ी चला सके। ई-ब्लू सिटी इसी कोशिश का हिस्सा है। इस गाड़ी को बनाने में इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि यात्री और ड्राइवर दोनों को यात्रा करने में बहुत मज़ा आए। लेकिन सिर्फ अपनी गाड़ी का होना ही काफी नहीं है।



# भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी एमजी विंडसर आज होगी लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि भारत की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर 11 सितंबर 2024 को लॉन्च की जाएगी। इस वाहन में सेडान जैसी सुविधा और एसयूभी जैसा विशाल स्पेस मिलेगा। एमजी विंडसर का 'एयरोग्लाइड डिज़ाइन' एडवांस एयरोडायनेमिक्स और 18 इंच डायमंड कट अलॉय व्हील्स के साथ पेश किया गया है, जिससे इसे सेगमेंट का सबसे बड़ा व्हीलबेस मिलता है। इसके अलावा, इस सीयूभी में 135 डिग्री रिक्लाइन वाली 'एयरो-लाउंज सीटें' हैं, जो यात्रियों को बेहतरीन आराम देती हैं। एमजी विंडसर में 15.6 इंच का 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' होगा, जो एंटरटेनमेंट, नेविगेशन और वाहन सेटिंग्स के लिए केंद्रीय हब के रूप में काम करेगा। साथ ही इसमें 'इन्फिनिटी व्यू ग्लास रूफ' भी दिया गया है, जो पैनोरामिक व्यू और शानदार केबिन अनुभव प्रदान करता है। एमजी विंडसर को ऊंचा ग्राउंड क्लीयरेंस और चुनौतीपूर्ण वातावरण में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# एआईएसएम जेडबल्यूए का नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एआईएसएम जेडबल्यू ए के बैनर तले कुकड़ु प्रखण्ड क्षेत्र के कूदा गणेश मैदान में एकदिवसीय निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का अयोजन किया जाएगा। वहीं ए आई एस एम जेडबल्यू ए के सरायकेला जिला सचिव संतोष कुमार साव ने जानकारी देते हुए कहा दिनांक 11 सितंबर 2024 बुधवार अपराह्न 12 बजे से 4 बजे तक अयोजन किए जाने वाले शिविर में निः शुल्क नेत्र जांच किया जाएगा,शिविर में पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा जांच किया जायेगा।सभी जरूरतमंद ज्यादा से ज्यादा इस शिविर में भागीदारी लेकर लोगों को शामिल होने का अपील किया। जिससे क्षेत्र के सभी आंखो से ग्रसित, पीड़ित को इस शिविर में बिना किसी कठिनायों के अपना जांच करा सके।वहीं शिविर का शिविर का शुभारंभ तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चांद महतो तथा प्रभारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

# बिष्टुपुर तुलसी भवन में महासर माता का वार्षिक उत्सव आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिष्टुपुर तुलसी भवन के एसी हॉल में कुलदेवी (गढ़ी) महासर माता का तृतीय वार्षिक उत्सव 11 सितंबर बुधवार (अष्टमी तिथि) को आयोजित होगा। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसमें कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला समेत कोलकाता और रांची से भी श्रद्धालु शामिल होगें। महासर धाम के संजय गुरुजी के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना होगी। पंडित रामजी पारिख पूजा में सहयोग करेंगे। आमंत्रित कलाकार प्रयागराज से जूली सिंह सहित स्थानीय कलाकार रोहित गुलाटी एवम् लिप्पु शर्मा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। कोलकाता के कारीगरों द्वारा माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस धार्मिक उत्सव का मुख्य आकर्षण माता रानी की दिव्य ज्योत, भव्य दरबार, छप्पन भोग, महाप्रसाद, चुनरी उत्सव, पुष्प और इत्र की वर्षा होगा। माता के सभी भक्त बहुत उत्साह से उत्सव को सफल बनाने में लगे हुए हैं

# नाला में डूबने से चार साल की बच्ची की मौत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मनोहरपुर थाना क्षेत्र की बाचमगुटु गांव स्थित एक नाला में डूबने से एक चार साल की बच्ची की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाचमगुटु गांव निवासी शांति हेंब्रम अपनी चार साल की बेटी आरुषि को अपने साथ लेकर गांव स्थित नाले में कपड़ा धोने गई थी। नाले में कपड़ा धोने के दौरान शांति हेंब्रम की बेटी वहां मौजूद अन्य बच्चों के साथ खेलने लगी। कपड़ा धोने के बाद शांति देवी अपनी बेटी को आसपास ढूंढने लगी लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद शांति ने नाले के समीप खेल रहे बच्चों से पूछताछ की तो बच्चों ने बताया कि इसी स्थान पर वह खेल रही थी और खेलते-खेलते वह कहीं गायब हो गई।इसके बाद शांति हेंब्रम ने इसकी जानकारी घरवालों को दी। घर वालों ने मौके पर पहुंचकर नाला में खोजबीन शुरू की तो आरुषि नाले में बेहोशी की हालत में डूबी हुई मिली। इसके बाद आरुषि के परिजन उसे लेकर मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मनोहरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और कर्नाटक सरकार ने 25 वें टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ की किया घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) (बीएसईः 532540, एनएसईःटीसीएस) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि 25 वें टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन्स शुरू हो चुके हैं। बेंगलुरु टेक समिट 2024 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज़ का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज़ में ऑनलाइन टेस्ट्स, और वर्चुअल और फिजिकल क्विज़ शोज़ भी होंगे। छोटे शहरों और ज़िलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज़ में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार, लोग, नए रुझान शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को आईटी ने प्रभावित किया है उन्हें भी क्विज़ में शामिल किया जाता है, जैसे कि, बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, संगीत, मूवीज़, इंटरनेट, एडवरटाइज़िंग, खेल, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग आदि। टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ में भारत भर में आठ रीजनल फाइनल्स होंगे। हर रीजनल फाइनल के भाग्यशाली विजेता को बेंगलुरु में नवंबर 2024 में होने जा रहे नेशनल फाइनल्स के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सभी रीजनल विजेताओं को 10,000 रुपयों के और उपविजेताओं को 7000 रुपयों के गिफ्ट वाउचर्स से पुरस्कृत किया जाएगा। टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ के भाग्यशाली राष्ट्रीय विजेता को 1,00,000 रुपयों की टीसीएस एजुकेशन स्कॉलरशिप और राष्ट्रीय उपविजेता को 50,000 रुपयों की स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाएगा। सभी रीजनल और राष्ट्रीय विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पंजीकरणः 1 अक्टूबर 2024 के पहले https://iur.ls/tcsruह्न्ड्डद्य-द्बह्लह्वद्ब52024ह्द्दद्द पर छात्रों को पंजीकरण करना होगा। पिछले साल भारत भर के 28 राज्यों और 5 केंद्रशासित प्रदेशों से 5.5 लाख से ज़्यादा छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया था।

# टाटा-कांड्रा मार्ग गम्हरिया में सड़क दुर्घटना में तीन घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया में दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना बीते सोमवार की देर रात गम्हरिया स्थित टोयोटा शोरूम के सामने हुई। सर्विस रोड पर हुई उंक्त दुर्घटना में अज्ञात वाहन द्वारा ड्यूटी से लौट रहे चौका थाना अंतर्गत दिरलौंग निवासी रथु सिंह सरदार नामंक युवक को ठोकर मार दी गई। ठोकर लगने से उसे काफी चोटें आई और सड़क पर गिर कर वह बेहोश हो गया। इस घटना में उसके सर से काफी खून बह गया। करीब आधे घंटे बाद आते-जाते स्थानीय राहगीरों ने इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस और एम्बुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया। दूसरी घटना गम्हरिया थाना क्षेत्र के छोटा गम्हरिया स्थित दिवंगत सांसद सुनील महतो के समाधिस्थल के समीप मंगलवार को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे घटी। इसमे बाइक सवार द्वारा साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसपर बैठे दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया है। घायलों की पहचान रोशन महतो और अगर मुंडा के रूप में हुई है।



# प्राथमिक विद्यालय नुतनडीह के 2 बच्चों का एकलव्य विद्यालय में हुआ चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत अंतर्गत नूतनडीह प्राथमिक विद्यालय के 2 बच्चों का चयन एकलव्य आश्रम आवासीय विद्यालय में हुआ है। जिससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। अमित उराँव का चयन जनजाति आवासीय विद्यालय सराईकेला- खरसवां में कक्षाः 6 में जबकि सुषमा उराँव का एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चतरा में कक्षा -6 में नामांकन हेतु चयन हुआ है। वर्तमान में विद्यालय में 2 शिक्षक अनुपम भुइयां और गणेश प्रसाद दास कार्यरत है वही विद्यालय में 73 बच्चे नामांकित है। दोनों विद्यार्थियों के एकलव्य विद्यालय में चयन होने पर अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा खुशी जाहिर की गई है।





# पीएम मोदी के जमशेदपुर आगमन से गरीबों पर टूटा कहर : सुधीर कुमार पप्पू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन को लेकर जहां तैयारी चल रही है वहीं गरीबों पर कहर टूट पड़ा है। टाटानगर रेलवे के क्षेत्र में झोपड़ी नुमा घर और दुकान को तोड़ दिया गया है। वहीं छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी छीन ली गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तक किसी को आशियाना नहीं दे सके और नहीं किसी को रोजगार दे सके। रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन गरीबों पर तरस नहीं खाकर उन्हें बेघर करने पर तुली हुई है। समाजवादी चिंतक और शहर केअधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उक्त बातें कही है। आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता गरीबों को अपना दुश्मन समझ रही है।



# कुचाई के नये थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा को प्रमेंद्र कुमार मिश्रा ने अंग वस्त्र देकर किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** युवा कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कुचाई थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत एवं शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की सेवा हेतु हमेशा तत्पर है। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करें। किसी प्रकार की समस्या होने पर सबसे पहले थाना को सूचित करें। सभी समस्याओं का समाधान होगा। जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने कुचाई थाना प्रभारी को कुचाई का पदभार लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए। इस दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष मंसूर अली महासचिव मनोज सोय महेश मींज बरजू लोहार उपेंद्र सरदार आदि उपस्थित थे।



# जेएलकेएम पंचायत अध्यक्ष की मां का पैर टूटने की सूचना पर मिलने पहुंचे विनोद स्वांसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जेएलकेएम के जमशेदपुर महानगर के उपाध्यक्ष विनोद स्वांसी ने मंगलवार को पटमदा के बांगुड़दा पंचायत अध्यक्ष निर्मल चन्द्र महतो की माताजी का पैर टूटने की खबर मिलते ही उनसे मिलने उनके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने माताजी का हालचाल जानने के बाद आर्थिक सहयोग किया एवं जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। विनोद स्वांसी ने बताया कि जेएलकेएम के किसी भी कार्यकर्ताओं को कुछ भी समस्या होने पर मैं हमेशा मदद करने की कोशिश करते रहूंगा। इस दौरान पार्टी के अन्य कई लोग मौजूद थे।



# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर करीम सिटी कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के पीजी डिपार्टमेंट ऑफ़ गाइडेंस एंड काउंसलिंग के तत्वाधान में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता कालेज के प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल निधि श्रीवास्तव मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में इशिका डे (प्रिंसिपल- तारापुर स्कूल, जमशेदपुर) सम्मिलित हुईं। मुख्य अतिथि श्रीवास्तव तथा मुख्य वक्ता ने समाज में बढ़ते हुए आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि माता-पिता तथा शिक्षक के रूप में हमें चाहिए कि अपने व्यवहार में नरमी लाएं और बचों को अच्छी सोच तथा उन्हे अच्छे माहौल उपलब्ध कराने की कोशिश करें और हम एक काउंसलर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर आत्महत्या की रोकथाम में सफलता प्राप्त करें। अतिथियों के अलावा रोटरैक्ट क्लब के प्रभारी डी डॉ उधम सिंह तथा अंत में केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ जकी अख्तर ने अपनी बात रखी। कार्यशाला में नेहा चंद्रानी और मोनिका ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रो मोहम्मद ईसा के अलावा कई शिक्षक मौजूद थे। मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ एस पण्डा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# टाटानगर से 11 वंदे भारत देश को समर्पित करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : महाप्रबंधक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड के टाटानगर रेलवे स्टेशन पर 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 वंदे भारत को एक साथ हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करेंगे। इसमें दक्षिण पूर्व रेलवे से टाटा-पटना, राउरकेला-हावड़ा सहित टाटा-ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मंगलवार सुबह अपने विशेष ट्रेन से तैयारियों का जायजा लेने के लिए टाटानगर स्टेशन पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। रेल महाप्रबंधक ने बताया कि मैं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की जायजा लेने आया हूं। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री एक साथ 11 वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंड़ी व रिमोट बटन से रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री स्टेशन से एक नंबर प्लेटफार्म से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंड़ी दिखाएंगे। इससे पहले वे केंद्रीय विद्यालय के स्कूली बच्चों से भी मिलेंगे। वहीं, स्टेशन परिक्षेत्र से वे शहरवासियों को संबोधित भी करेंगे। उनका पूरा कार्यक्रम लगभग 60 मिनट का होगा और वे इसके बाद बिष्टुपुर में आयोजित रोड शो और गोपाल मैदान में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगे।

# विश्व आत्महत्या निवारण दिवस जीवन के प्रयासों की सराहना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जीवन जो मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम के लिए समर्पित एक संगठन है, ने बिष्टुपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में विश्व आत्महत्या निवारण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम %बिफ्रेंडर्स वर्ल्डवाइड% के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि %आत्महत्याएँ रोकी जा सकती हैं, और अवसाद का इलाज संभव है।% इस कार्यक्रम में जागरूक नागरिकों, मानसिक स्वास्थ्य के समर्थकों और स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पी. के. घोष, जमिपोल के प्रबंध निदेशक ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से कार्यस्थलों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ज्योति पांडे ने एक मुख्य वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने भावनात्मक समर्थन की महत्ता, अवसाद के लक्षणों की पहचान, और मानसिक स्वास्थ्य पर खुले संवाद को बढ़ावा देने पर मूल्यवान जानकारी साझा की। इस अवसर जीवन% ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर स्कूल और कॉलेज स्तर पर आयोजित सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समारोह के दौरान तीनों श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में आत्महत्या रोकथाम गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों पर आधारित वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। डॉ. जयराज जैन, निदेशक, जीवन और गुरप्रीत कौर भाटिया, उप निदेशक, ने भी सभा को संबोधित किया। जीवन के संस्थापक डाक्टर महावीर राम भी उपस्थित थे।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## 'जमानत' संवैधानिक नियम

**सर्वोच्च** अदालत के न्यायाधीश कई संदर्भों में यह टिप्पणी करते रहे हैं कि न्यायिक सिद्धांत में जेल 'अपवाद' है और जमानत 'नियम' है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में भी यह सिद्धांत लागू होता है। निचली अदालतों को भी यह ध्यान में रखना चाहिए और जमानत देने में संकोच नहीं करना चाहिए। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने 'प्रेम प्रकाश बनाम प्रवर्तन निदेशालय' के मामले में आरोपित को जमानत दी है। मामला धनशोधन का ही था। गौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति घोटाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 'भारत राष्ट्र समिति' की नेता के. कविता को भी सर्वोच्च अदालत ने जमानत पर रिहा किया है। हालांकि सिसोदिया को करीब डेढ़ साल और कविता को पांच महीने जेल में काटने पड़े हैं, जबकि दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसी केस में जेल में अब भी बंद हैं। मामले का औपचारिक ट्रायल अभी शुरू नहीं हो पाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच पूरी कर आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कर दिए हैं, जबकि सीबीआई जांच अभी जारी है। 'जेल-जमानत' वाले न्यायिक सिद्धांत के पीछे सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीश औसतन व्यक्ति की मुक्ति के मौलिक और संवैधानिक अधिकार की दलील देते रहे हैं कि महज जांच और पूछताछ के लिए व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में बंद रखना गैर-न्यायिक है। जमानत का प्रावधान भी संवैधानिक नियम है। 'जेल बनाम जमानत' वाले सिद्धांत पर उन दो न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया है, जो भारत के प्रधान न्यायाधीश बनने की कतार में हैं। बीते कुछ समय से 'जमानत' को लेकर सर्वोच्च अदालत की मानसिकता और सोच में बदलाव आया है। यकीनन यह स्वागत-योग्य निर्णय है, क्योंकि मानवीय है। यह बदलाव अपेक्षित और कालातीत भी था और कई मंचों पर विमर्श के जरिए मांग की जा रही थी कि जमानत की प्राथमिकता होनी चाहिए। एक अहम कारण यह भी रहा है कि देश में जितनी जेलें हैं और उनमें कैदियों की क्षमता है, उनसे अधिक कैदियों को जेल में बंद किया जा रहा है। हिरासत वाले आरोपितों को भी जेल में कैद किया जा रहा है, लिहाजा लगातार अनियमितताएं और विसंगतियां उभर कर सामने आ रही हैं। करीब दो साल पहले 'विजय मदनलाल चौधरी बनाम भारत सरकार' के केस में सर्वोच्च अदालत ने धनशोधन निवारण कानून के अत्यंत कड़े प्रावधानों को 'सही' करार दिया था। राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ सरकार ने ईडी के अतिरिक्त दुरुपयोग को बढ़ा दिया है, ऐसी शिकायतों और दलीलों के मद्देनजर अदालत ने वह फैसला सुनाया था। दुरुपयोग के डर और शिकायतों को खारिज कर दिया गया था, लिहाजा वह न्यायिक फैसला आज भी 'देश का कानून' है। जिस सिद्धांत की आज चर्चा की जा रही है, उसके बिल्कुल विरोधाभास में यह कानूनी फैसला है। फिर भी शीर्ष अदालत के स्तर पर ही व्याख्याएं और कोशिशें की जा रही हैं कि जेल पर जमानत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जुलाई में शराब घोटाले के संदर्भ में ही केजरीवाल को जमानत देते हुए सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीशों ने ईडी की व्यापक शक्तियों पर सवाल उठाए थे, जिनके तहत एजेंसी गिरफ्तारियां करती रही है। जमानत के बावजूद केजरीवाल सीबीआई केस में जेल में बंद हैं। हालांकि वह केस भी बड़ी न्यायिक पीठ को सौंप दिया गया है, लेकिन अदालत की पीठ ने टिप्पणियां की थी कि ईडी अपने आप में ही विश्वास कर लेती है और उसी आधार पर किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है। व्यक्ति को आरोपी मान लेती है। किसी को भी गिरफ्तार करने से पूर्व लिखित में देना चाहिए कि एजेंसी फलां आधार पर आपको गिरफ्तार करना चाहती है।


धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में भी यह सिद्धांत लागू होता है। निचली अदालतों को भी यह ध्यान में रखना चाहिए और जमानत देने में संकोच नहीं करना चाहिए। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने 'प्रेम प्रकाश बनाम प्रवर्तन निदेशालय' के मामले में आरोपित को जमानत दी है। मामला धनशोधन का ही था। गौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति घोटाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 'भारत राष्ट्र समिति' की नेता के. कविता को भी सर्वोच्च अदालत ने जमानत पर रिहा किया है। हालांकि सिसोदिया को करीब डेढ़ साल और कविता को पांच महीने जेल में काटने पड़े हैं, जबकि दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसी केस में जेल में अब भी बंद हैं। मामले का औपचारिक ट्रायल अभी शुरू नहीं हो पाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच पूरी कर आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कर दिए हैं, जबकि सीबीआई जांच अभी जारी है। 'जेल-जमानत' वाले न्यायिक सिद्धांत के पीछे सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीश औसतन व्यक्ति की मुक्ति के मौलिक और संवैधानिक अधिकार की दलील देते रहे हैं कि महज जांच और पूछताछ के लिए व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में बंद रखना गैर-न्यायिक है।


### पश्चिमी घाट की 1400 किलोमीटर लंबी पर्वत श्रृंखला केरल समेत छह राज्यों से गुजरती है

# वायनाड त्रासदी में छुपा सच

डा. ओपी जोशी


देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, समाजशास्त्री, कानूनविद, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट सरीखी सर्वोच्च अदालत ने भी विकास की मौजूदा हवस के खिलाफ अपनी-अपनी तरह से आवाज उठाई है, लेकिन 'विकास यात्रा' बदस्तूर जारी है। इस आलेख में इसी विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। केरल के वायनाड में 30 जुलाई की रात्रि भूस्खलन से हुई त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने एक अगस्त को जारी एक आदेश तुरंत वापस ले लिया।


**केरल** का वायनाड हो या उत्तराखंड का जोशीमठ, सभी ने पिछले कुछ सालों में भीषण त्रासदियों को भुगता है। विडंबना यह है कि ये त्रासदियां विकास के अंधे राजनेताओं, नीति-निर्माताओं और बिल्डर-ठेकेदारों के कॉकस की पहल पर बाकायदा जानते-बूझते रची जा रही हैं। देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, समाजशास्त्री, कानूनविद, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट सरीखी सर्वोच्च अदालत ने भी विकास की मौजूदा हवस के खिलाफ अपनी-अपनी तरह से आवाज उठाई है, लेकिन 'विकास यात्रा' बदस्तूर जारी है। इस आलेख में इसी विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। केरल के वायनाड में 30 जुलाई की रात्रि भूस्खलन से हुई त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने एक अगस्त को जारी एक आदेश तुरंत वापस ले लिया। आदेश में कहा गया था कि वैज्ञानिक इस त्रासदी के संदर्भ में अपनी राय सार्वजनिक नहीं करें एवं अपने तक ही सीमित रखें। साथ ही वैज्ञानिक इस बाबत कोई अध्ययन करना चाहें तो वे पहले सरकार से अनुमति लें। इस आदेश के पीछे राज्य सरकार का भय प्रतीत होता है। शायद पहले किसी वैज्ञानिक ने इस त्रासदी के बारे में कोई चेतावनी या सलाह दी होगी जिसे अनदेखा किया गया होगा। इस हरकत से सरकार कटघरे में तो आ ही जाती है। वायनाड पहाड़ी जिला है एवं पश्चिमी घाट का हिस्सा है। पश्चिमी घाट की 1400 किलोमीटर लंबी पर्वत श्रृंखला केरल समेत छह राज्यों से गुजरती है। यह यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

विश्व के आठ सर्वाधिक जैव-विविधता वाले स्थानों (हॉट स्पाट्स) में एक पश्चिमी घाट भी है। पश्चिमी घाट के पर्यावरण को लेकर सरकार ने पहले भारतीय विज्ञान संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेगलुरु) में पारिस्थितिकी विज्ञान केंद्र के संस्थापक



प्रोफेसर माधव गाडगिल की अध्यक्षता में 'पश्चिमी घाट पारिस्थितिक विशेषज्ञ पैनल' (डब्ल्यूजीईईपी) गठित किया था। इस पैनल ने अगस्त 2011 तक अपनी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंप दी थी, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने लंबे समय तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और न ही इसे सार्वजनिक चर्चा के लिए जारी किया। प्रोफेसर गाडगिल ने अपनी रिपोर्ट में पश्चिमी घाट के 164280 हेक्टेयर इलाके को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के अलावा विकास के नाम पर की जाने वाली विनाशकारी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की अनुशंसा की थी। गाडगिल समिति पर लीपापोती करने की गरज से सरकार ने अगस्त 2012 में इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख प्रोफेसर के. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में एक और समिति का गठन कर दिया। यह समिति दरअसल एक उच्च स्तरीय कार्यसमूह था जिसका काम गाडगिल समिति की रिपोर्ट की समग्र और बहु विषयक तरीके से जांच करना था। इस समिति ने 60000 हेक्टेयर क्षेत्र को पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र (इकोलाजिकली सेंसिटिव जोन) बनाने का सुझाव दिया था। दोनों ही समितियों के सुझावों पर ध्यान नहीं देकर केन्द्र सरकार ने सम्बन्धित राज्य सरकारों को संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े उद्योग एवं व्यापक खनन कार्य को छोडक़र व्यावसायिक एवं विकास गतिविधियां करने की अनुशंसा की। पर्यावरण की परिस्थितियों को ध्यान में नहीं रखकर की गई गतिविधियों से इस पर्वतमाला के कई भाग उजाड़ एवं जर्जर हो गए। वायनाड के संदर्भ में पढने में आया कि यहां जिस क्षेत्र में भूस्खलन हुआ, वहां कुछ वर्षों पहले बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए थे। वर्ष 2022 के एक अध्ययन में बताया गया कि वर्ष 1950 से लेकर 2020 के मध्य तक वायनाड जिले में 62 प्रतिशत वन क्षेत्र समाप्त हो गया था।

वायनाड की ढीली मिट्टी, पेड़ों की कटाई एवं जलवायु बदलाव से कम समय में आयी तेज बारिश से चौरल पर्वत पर तीन बार भूस्खलन हुआ जिससे चोलियार नदी के जलागम क्षेत्र (केचमेंट एरिया) में बसे चार गांव मलबे में दब गए। केरल विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2018 से राज्य में तेज बारिश से भूस्खलन के क्षेत्र 3.46 प्रतिशत बढ़े हैं। केन्द्र के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार पिछले सात वर्षों में आए 3782 भूस्खलन में 59.2 प्रतिशत दर्ज किए गए हैं। इम्पीरियल कॉलेज ऑफ लंदन की शोधकर्ता मरियम जकारिया का कहना है कि जलवायु बदलाव के कारण वायनाड में वर्षा का पैटर्न बदलने से भूस्खलन का खतरा बढ़ा है। भारतीय ऊष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्था, पुणे के जलवायु विशेषज्ञ आरएम कौल का कहना है कि केरल का आधा हिस्सा पहाडियों तथा पर्वत क्षेत्र से घिरा है, जहां ढलान 20 डिग्री से ज्यादा है जिससे भारी बारिश में भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। वायनाड त्रासदी जलवायु बदलाव से पैदा बारिश के पैटर्न में परिवर्तन के साथ-साथ समय-समय पर वैज्ञानिकों की चेतावनी एवं विशेषज्ञ समितियों की रिपोर्ट नहीं मानने का एक सामूहिक मिला-जुला परिणाम है। केदारनाथ, चमोली, जोशीमठ एवं सिक्किम आदि त्रासदियों के पीछे भी यही कारण है।

वर्ष 1976 की मिश्रा समिति की रिपोर्ट से लेकर 2012 तक जोशीमठ पर पांच वैज्ञानिक रिपोर्टें आयी थीं जिनमें धंसाव के कारण एवं बचाव के उपाय बताए गए थे, परंतु किसी पर भी ध्यान नहीं दिया गया। जलवायु बदलाव के वर्तमान समय में इस प्रकार की त्रासदियों से बचने के लिए जरूरी है- केन्द्र व राज्य सरकारें विषय विशेषज्ञों की सलाहों को महत्व दें। सामान्यतः सरकारें इनसे इसलिए कतराती हैं कि वे कई बार सरकार की नीतियों के विरोध में होते हैं। आमतौर पर सत्ता तंत्र हमेशा विशेषज्ञों से बेरुखी रखकर अपने सेवानिवृत्त या कार्यरत अधिकारियों, ठेकेदारों एवं भवन निर्माताओं की सलाहों को ज्यादा महत्व देता है। विशेषज्ञों को महत्व देकर कुछ कार्य पिछली सरकारों ने किए थे जो निश्चय ही प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय हैं।

दृष्टि कोण

## अहिंसक विश्व समाज कैसे बने?

**मनुष्य** एक सामाजिक प्राणी है। विकसित बुद्धि, भाषा के विकास, सीधे खड़े होने की सामर्थ्य और उंगलियों की विशिष्ट बनावट के चलते ही मनुष्य अन्य पशु समुदाय से अधिक विकसित हो सका है। अन्यथा बहुत सी पशु वृत्तियां मनुष्य में भी विद्यमान हैं। हर मनुष्य और मनुष्य समाज सुख-शांति से रहना चाहता है। तमाम भौतिक सुख-सुविधाएं पैदा करने के बावजूद पशु वृत्तियों के चलते हिंसक और लालची व्यवहार के कारण मनुष्य एक-दूसरे को कष्ट पहुंचा कर दुखी करता आया है। इसी के कारण स्वयं भी दुखी होता आया है। शायद इसी पशुवृत्ति जनित दुःख निवारण के लिए धर्मों का आविष्कार मनुष्य समाज ने किया होगा, जिसमें कुछ आत्म नियमन के द्वारा पशु वृत्तियों के दमन की अपेक्षा करके समाज को सुखी बनाने की चेष्टा की गई है। किन्तु पशु वृत्तियां धर्मों पर भी हावी हो गईं। धीरे धीरे यह विचार आने लगे कि मेरा ही धर्म श्रेष्ठ है। इसलिए दूसरे के धर्म को निकृष्ट बता कर उसे समाप्त या नियंत्रित करने के प्रयास शुरू हो गए। इससे एक नए प्रकार की भयानक हिंसा का जन्म हो गया। 'चले थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास' कहावत को चरितार्थ करते हुए सुख और शांति की दिशा में बढने के नाम पर बड़ी हिंसा का शिकार हो गए। कबीलाई समाज के समय जब मनुष्य समाज उतना विकसित नहीं था, तब हिंसा छोटे स्तर पर छोटी छोटी बातों पर होती थी। खाना तलाशने, शिकार के इलाके पर आधिपत्य जमाने के लिए एक कबीला दूसरे से टकरा जाता था। जैसे जैसे मनुष्य विकसित होता गया, वैसे वैसे उसकी आवश्यकताएं बढ़ती गईं। फिर टकराव के मौके भी बढ़ते गए। टकराव के शस्त्रास्त्र भी बढ़ते गए। यानी सुख-शांति से जीने के हालात कम होते चले गए। पहले लाठी डंडों से झगड़े निपट जाते थे, फिर भाले, तीर, तलवारों की नौबत आ गई, और अब महा विनाशक अणु बमों के खतरे में जीने को अभिशप्त हैं। दर्द बढ़ता ही गया, ज्यों ज्यों दवा की, यह कहावत चरितार्थ होने लगी। अनेक धर्मों, पंथों ने साधना और धार्मिक नियमन से व्यक्तिगत तौर पर अहिंसक व्यवहार में पारंगत महा मानवों को पैदा किया। किन्तु सामूहिक स्तर पर अहिंसा का प्रयोग बहुत नगण्य ही रहा, जिसमें शायद महात्मा गांधी एक अपवाद हैं जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में अहिंसा को एक उपकरण की तरह उपयोग करने का साहस किया। बड़े पैमाने पर सफलता भी हासिल की। किन्तु उसमें भी बहुत से लोग इस उपकरण को मान्यता देने में संकोच करते हैं और इस बहस में फंसे रहते हैं कि आजादी अहिंसक आंदोलन से मिली या क्रांतिकारी आंदोलन और नेता जी सुभाष चंद्र बोस के सैनिक प्रयास से। हालांकि यहां मकसद यह तय करना नहीं है कि किसके प्रयास से आजादी मिली, सबके ही प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं, किन्तु मूल प्रश्न है कि अहिंसा के उपकरण को व्यक्तिगत स्तर से आगे बढ़ कर सामूहिक स्तर तक उपयोगी कैसे बनाया जाए, ताकि अंतरराष्ट्रीय मामलों को सुलझाने के लिए युद्धों के अलावा अहिंसक उपाय किए जा सकें और सुख-शांतिपूर्ण जीवन संभव हो सके। इस दिशा में यह भी देखा जाना चाहिए कि देशों में युद्धों के मुख्य कारण क्या रहे हैं। इतिहास के अध्ययन से हमें ज्ञात होता है कि बहुत से संघर्ष आर्थिक प्रभुत्व के लिए हुए हैं या फिर अपनी धार्मिक विचारधाराओं के जबरदस्ती प्रचार की भूख के कारण हुए हैं। कोई यह बोले कि मेरे रास्ते से स्वर्ग या जन्नत मिलना तय है, तो भाई आप स्वर्ग या जन्नत के मजे लूट लो, दूसरे को क्यों परेशान करते हो कि आप भी मेरे रास्ते चलो। जिस धर्म का उद्भव या विकास मानव समाज को सुखी करने के लिए हुआ था, उसी के कारण दुनिया में कितना हिंसक वातावरण बना है, और सब तरफ दुःख ही फैलने का कारण बन गया है। इस तरह के हालात में अहिंसक शक्ति को कैसे सर्वोपरि बनाया जा सकता है, वरना हिंसा और प्रति हिंसा के दुश्चक्र में धर्म तो गायब ही हो जाता है। जो मनुष्य समाज दूसरे को दुखी करेगा, वह स्वयं भी दुखी होगा ही, क्योंकि हर क्रिया की प्रतिक्रिया तो प्रकृति का नियम ही है।

कुछ अलग

## झूठ ही परम सत्य है...

**नेताजी** अपने मित्रों की कैबिनेट में बता रहे थे कि घोर कलियुग चल रहा है और इस कलियुग में झूठ ही परम सत्य है। बाकी सब मिथ्या है। सौ बार बोला गया झूठ अंततः सच में तब्दील हो जाता है। यही झूठ की सबसे बड़ी ताकत है। नेताजी बता रहे थे कि झूठ बोलने से सत्ता मिलती है और सत्ता मिलने पर कुर्सी मिलती है। कुर्सी में बड़ी ताकत होती है और यह ताकत झूठ की आत्मा से निकल कर आती है। इसलिए झूठ को परम सत्य माना जाना चाहिए। यह हमारा सिद्धांत होना चाहिए और इस सिद्धांत पर मरते दम तक अमल भी होना चाहिए। नेताजी उपदेशक की मुद्रा में बता रहे थे कि यह जग झूठा है। मरते समय कोई किसी के साथ नहीं जाता। नोटों से भरे ब्रीफकेस अलमारियों में ही रह जाते हैं। अवैध कब्जे धरती पर ही रह जाते हैं। धोखाधड़ी और हेराफेरी से जो माल इक_ा किया होता है, वह सब यहीं रह जाता है। पत्नी की आंखों में धूल झोंक कर जो प्रेमिकाएं दाएं-बाएं बनाई होती हैं, वे भी हमारी आत्मा के साथ स्वर्ग या नरक नहीं जाती, बल्कि धरती पर रह जाती हैं और फिर अन्य पुण्य आत्माओं की प्रेमिकाएं बन जाती हैं। इसलिए झूठ को आंच नहीं आने देनी चाहिए। सत्य को तो कभी भी पराजित किया जा सकता है। सत्य बोलने वालों के हजारों दुश्मन हो जाते हैं। लेकिन झूठ बोलने वालों के करोड़ों फॉलोअर होते हैं। जो जितना झूठा, उतना ही महान। महानता आसानी से हासिल नहीं होती। लगातार पब्लिक के बीच झूठ बोलना पड़ता है। झूठी गारंटियां देनी होती हैं। झूठे वादे करने होते हैं। झूठे आश्वासन देने होते हैं। बार-बार झूठ को दोहराना पड़ता है। फिर पब्लिक फिदा हो जाती है। पब्लिक अपनी खुशी फिर हम पर वोट कुर्बान करके जाहिर करती है। हमारे गले में नोटों की माला भी पहनाती है। हमें वोट और नोट दोनों मिलते हैं। झूठ का पूरा डंका बजता है। सत्य को कोई नहीं पूछता। झूठ वाले का राजनीति में पूरा जलवा रहता है। राजनीति में जिसका जलवा और बोलबाला है, वही जनप्रिय नेता कहलाता है। वह हारने के बाद भी जीतता है। वह यह साबित कर देता है कि झूठ को बार-बार पराजित नहीं किया जा सकता। झूठ तो जीतेगा ही और जीत के बाद ओहदा भी पाएगा। नेताजी मित्रों की बैठक में धाराप्रवाह बता रहे होते हैं और मित्र उनकी हर बात पर ताली बजाकर अपनी सहमति जताते हैं। यह मित्र नेताजी के उन दिनों के सखा हैं, जब नेताजी ने नया-नया झूठ बोलना सीखा होता था और फिर लगातार झूठ बोलने में वह एक के बाद एक कीर्तिमान स्थापित करते चले गए थे। नेताजी बता रहे थे कि हमने लाखों युवाओं को रोजगार नहीं दिया। फिर भी हमें सत्ता मिल गई। यह सब झूठ का जलवा है। हमने महिलाओं को भी सब्जबाग दिखाए। महिलाएं हमारे झांसे में आ गईं। यह भी झूठ का सबसे बड़ा जलवा है। इसके लिए प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं है। इसलिए मित्रो अपने-अपने हलके में जाकर झूठी घोषणाएं करते रहो। इससे पब्लिक का उत्साहवर्धन होता है। पब्लिक को पता चलता रहता है कि हमारे द्वारा चुने गए प्रतिनिधि निठल्ले नहीं बैठे, बल्कि लगातार हमारे हित में कुछ न कुछ करते जा रहे हैं। इससे हमें कर्मठ और गतिशील होने का तमगा मिलेगा। गति झूठ बोलने से ही आती है। जिसने जिंदगी में झूठ नहीं बोला, उसकी मरकर भी गति नहीं होती। स्वर्ग और नरक कहीं पर भी एंट्री नहीं मिलती। ऐसा नेताजी अपने मित्रों को समझा रहे हैं। नेताजी की बैठक जारी है और झूठ को लेकर व्याख्यान भी चला हुआ है।

देश दुनीया से

## अराजक राजनीति से अपराध के दलदल में भद्रलोक


शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती हर साल मां दुर्गा के स्वागत में विभोर हो जाती है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान किस प्रकार की परंपरा का हिस्सा रहा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। मूर्तियों को बनाने के लिए सबसे पहले उन वेश्याओं के घर से मिट्टी लाई जाती है, जिन्हें समाज आम तौर पर त्याज्य और गंदा मानता है। इस प्रकार बंगाल की धरती कितनी नारी-पूजक रही है, यह स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में भी देखने को मिलता है, जो अन्य राज्यों में कम ही मिलता है। स्वाधीनता संग्राम में जिन तीन महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और अपने ज्ञान व संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थीं।


**बंकिम** चंद्र की शस्य-श्यामला माटी वाला पश्चिम बंगाल एक शक्ति-पूजक समाज है। शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती हर साल मां दुर्गा के स्वागत में विभोर हो जाती है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान किस प्रकार की परंपरा का हिस्सा रहा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। मूर्तियों को बनाने के लिए सबसे पहले उन वेश्याओं के घर से मिट्टी लाई जाती है, जिन्हें समाज आम तौर पर त्याज्य और गंदा मानता है। इस प्रकार बंगाल की धरती कितनी नारी-पूजक रही है, यह स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में भी देखने को मिलता है, जो अन्य राज्यों में कम ही मिलता है। स्वाधीनता संग्राम में जिन तीन महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और अपने ज्ञान व संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थीं। पहली थीं अरुणा गांगुली, जिन्होंने बाद में अरुणा आसफ अली का नाम अपनाया। दूसरी थीं सुचेता मजूमदार, जो सुचेता कृपलानी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। तीसरी थीं सरोजिनी चट्टोपाध्याय, जिन्होंने बाद में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू का नाम पाया। बंगाल की माटी ने महिलाओं को कितना सम्मान दिया, इसका एक और उदाहरण कमला देवी चट्टोपाध्याय हैं। जब भारत के अन्य इलाकों की महिलाएं घूंघट के पीछे सिर्फ परिवार के काम में व्यस्त थीं, तब बंगाल ने अपनी बेटियों को वाजिब सम्मान और अवसर दिए। बंगाल में कभी महिलाओं के साथ बदसलूकी की कल्पना तक नहीं की जाती थी। अब स्थिति बदल गई है। इसका एक उदाहरण हाल ही में राधागोविंद कर अस्पताल में हुई घटना है। स्वतंत्रता की 77वीं सालगिरह की रात, जब पूरा देश उत्सव में था, कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बर्बरतापूर्वक बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। बंगाल में देर रात तक दफ्तर से लौटने वाली लड़कियों की कभी चिंता नहीं होती थी, लेकिन अब लोग अपनी बच्चियों के लिए चिंतित हो गए हैं। यह बंगाल में महिला के खिलाफ ऐसी बर्बरता की शायद पहली घटना है। इससे बंगाली समाज का क्रोध और क्षोभ स्वाभाविक है। दिलचस्प यह है कि पश्चिम बंगाल इकलौता ऐसा राज्य है, जिसे महिला मुख्यमंत्री का गौरव प्राप्त है। एक महिला के शासन में इस प्रकार का दुराचार लोगों के लिए असहनीय है। इसलिए बंगाल इन दिनों बहुत उबाल पर है। बंगाल का बौद्धिक समाज सड़कों पर उतर आया है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में संदेशखाली से महिलाओं के बलात्कार की खबरें आई थीं। वहां की घटनाओं की परतें खुलने पर पता चला कि बलात्कार की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा थीं। संदेशखाली की पीड़िताओं की खबरें भले ही उबाल ला पाईं, लेकिन आरजी कर अस्पताल की घटना ने कहीं अधिक ध्यान खींचा। इसका कारण यह हो सकता है कि संदेशखाली की पीड़िताएं ग्रामीण इलाकों से थीं, जबकि आरजी कर की घटना कोलकाता शहर में हुई, जिसे भद्रलोक समाज के लिए जाना जाता है। पश्चिम बंगाल की कड़वी सच्चाई बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ है। 34 वर्षों के वामपंथी शासन के दौरान इस घुसपैठ को वैधता मिली। वामपंथी शासन व्यवस्था के दौरान पार्टी कैडर के नाम पर बड़े झुंड उभरे। पश्चिम बंगाल के वासी इस संस्थागत व्यवस्था से इतने परेशान हो गए कि उन्हें ममता बनर्जी में नई उम्मीद दिखी। बंगाली समाज को लगा कि ममता एक नई बयार बनकर पश्चिम बंगाल की व्यवस्था में जमी काई को साफ करेंगी। लेकिन अफसोस, ऐसा नहीं हुआ। ममता भी उसी दिशा में चल पड़ीं, जिस दिशा में वामपंथी कैडर चलते थे। प्रशासन लगातार या तो पंगु होता गया या फिर सत्ताधारी तंत्र का चारण बनता गया। प्रशासन का यह चारण रूप 16 अगस्त को भी दिखा, जब आरजी कर की पीड़िता की रिपोर्ट साढ़े ग्यारह बजे रात को दर्ज की गई, जबकि बलात्कार और हत्या पंद्रह अगस्त की रात दो से ढाई बजे के बीच हो चुकी थी। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी नोटिस किया और कोलकाता पुलिस को फटकार भी लगाई। ममता की अगुआई में कोलकाता में बलात्कार और हत्या के विरोध में धरना दिया गया। यह धरना ऐसा था, जो सरकार के खिलाफ सरकार द्वारा ही दिया गया था। ऐसा किसी भी लोकतांत्रिक समाज में कम से कम अब तक नहीं देखा गया है। ममता ने प्रशासन में कोई गुणात्मक बदलाव नहीं किया, बल्कि वामपंथ जैसी कैडर व्यवस्था को अपना लिया। इससे राज्य में अपराध बढ़ा और पुलिस का इकबाल कम हुआ। पुलिस की लाचारगी आरजी कर बलात्कार में भी नजर आई। बंगाल के बारे में कहा जाता रहा है कि 'बंगाल जो आज सोचता है, वैसी सोच भविष्य में अन्य राज्यों की होती है।' इस उम्मीद को कायम रखते हुए भद्रलोक समाज को चाहिए कि वह इस दिशा में भी सोचे।

आप का नजरीया

## तनख्वाह की गोटियां

**सवाल** तनख्वाह से शुरू होकर इसी पर खत्म हो रहा है। जिस तनख्वाह में ओपीएस जोडक़र कांग्रेस सरकार बनी, उसी की बदौलत मंत्री और सीपीएस को दो महीने का वेतन विलंबित लेना पड़ रहा है, लेकिन तस्वीर यहां मुकम्मल नहीं होती। तनख्वाह तुरंत न लेने का फैसला सांकेतिक तौर पर बता रहा है कि खजाने ने बोझ उठाना मना कर दिया या यह कि अब सरकार अपने चरित्र से अपव्ययता के निशान हटा देगी। कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार एवं कैबिनेट रैंक प्राप्त गोकुल बुटेल ने अपनी तनख्वाह की 'गोटी' छोड़ दी। इस तरह वह सरकारी खजाने के सामने 'व्हिसिल ब्लोअर' की तरह प्रकाश में आ गए। मसला तनख्वाह छुड़वाने का ही होता तो कई उपाय हो सकते हैं, लेकिन यहां फिजूलखर्चियों के दामन में आग लगी है और झुलसने की ताकीद में लक्षण उभर रहे हैं। एक ओर केंद्र से असहयोग की परिपाटी में तू तू-मैं मैं से घिसटती आर्थिकी और ऊपर से गुरबत में गुलकंद बांटने की प्रथा ने हिमाचल में केंचुली फंसा दी है। तीन दिन पहले देश के प्रधानमंत्री स्मार्ट सिटी के बाद 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के लिए 28602 करोड़ का ऐलान करते हुए हिमाचल को धत्ता बताते हैं। हमारे पड़ोस और पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड तथा पंजाब को इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी मिल रहे हैं, लेकिन केंद्र में चारों सांसद भेजने वाले हिमाचल को ऐसी बहार नहीं मिली। कहना न होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने औद्योगिक पैकेज देकर हिमाचल को औद्योगिक क्षेत्र में चलना सिखाया था, लेकिन मोदी सरकार अब घुटनों पर ला रही है। आश्चर्य यह कि कांग्रेस से एक सांसद छीन कर भाजपा ले गई और चुनावी पलकों से भी कांग्रेस की हिम्मत छीन ली, फिर भी कसूरवार हिमाचल को बनाया जा रहा है। पर्वतीय अस्मिता के भूगोल में फंसा अर्थशास्त्र अपनी जान कैसे बचाएगा। ऐसे में अनुराग ठाकुर से पूछें या जगत प्रकाश नड्डा के प्रकाश में चंद किरणें वसूलें, लेकिन हकीकत यह है कि हिमाचल की केंद्र में वकालत रुक गई है या शिमला में सरकार की मशीनरी हिल गई है। बहरहाल सियासत के दोनों पाट दोषी हैं या सारा डिस्कोर्स ही बदले ले रहा है। विधानसभा की कार्यवाहियों में होते संग्राम और शिमला से दरकिनार होती प्रदेश की आवाज को आखिर सुनेगा कौन। इसीलिए आज तक न शासन, न प्रशासन, और न ही आर्थिक व्यवस्था के आदर्श बने। हमें मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए कार्यालय चाहिए, तो नए विकास की कहानी पर चप्पा चप्पा चल रहे देहरा को सत्ता की निशानी चाहिए। सूखे होंगे बरगद के पेड़ जहां खजाना रखा था, हमने तो बाढ़ में डूबकर प्यास बुझानी सीख ली। हिमाचल में सियासी प्यास और सत्ता के पियाऊ जहां तहां दिखाई देते हैं, वहां हर सरकार के जुर्म में आर्थिक हंडियों ने इज्जत गंवाई है। एक कमजोर-आर्थिक संसाधनविहीन राज्य की मिलकीयत में आर्थिक खुशहाली छीनते वर्गों के बीच असहाय निजी क्षेत्र, वहां उपलब्ध नौकरियां और बेरोजगार होते युवाओं के लिए क्या मंत्री व सीपीएस की घोषणाएं कभी बोलती हैं या कुछ सोचकर तौलती हैं।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** बौधाडीह पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी शिविर का उदघाटन प्रमुख कमला, सीओ शंभू राम, बीडीओ विवेक कुमार, मुखिया अनीता देवी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया वही संचालन मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव ने किया शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास, वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन कार्ड, मंईया सम्मान योजना के लिए आवेदन आया वही शिविर में बिजली विभाग, प्रज्ञा केंद्र, जेएसएलपीएस, बाल विकास योजना, जॉब कार्ड, राजस्व विभाग समेत कई विभाग के स्टॉल को बीडीओ, सीओ व जनप्रतिनिधि ने घूम घूम कर जायजा लेते रहे लोगों का जरूरत के अनुसार लाभ दिया गया। इस मौके पर मुखिया अनिता देवी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के तेजी से निष्पादन किया जाएगा। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो। सीओ व बीडीओ ने बताया की गांव के गरीब परिवार के सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना का लाभ ऑन द स्पोर्ट मिल सकें। इसलिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आए लोगों से अपील करते हुए सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं जो लोग शिविर में आवेदन नहीं दे सके हैं, ऐसे लोग बाद में भी प्रखंड, अंचल या संबंधित विभाग में आवेदन देकर अपनी मांग रख सकते हैं उन्होंने धोती, साड़ी, लुंगी व पेंशन, जन्म प्रमाणपत्र का प्रमाणपत्र दिया। इस मौके पर भाजपा नेता गंदौरी साव, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, बीपीएम सतेंद्र कुमार, बीपीओ महेंद्र कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## आठ महीने से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में रहने को विवश बिरहोर परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** कुंदा थाना क्षेत्र के हिंदीयाकला गांव में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर बीते आठ महीने से खराब है। ट्रांसफार्मर खराब रहने से गांव में शाम होते ही अंधेरा कायम हो जाता है। ग्रामीण उमेश यादव ने बताया कि आठ महीने से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। जिससे पूरे गांव में बिजली बाधित है।बिजली नहीं रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मोबाइल आदि चार्ज करने के लिए गांव से दूर भटकना पड़ता है। ललन बिरहोर ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर से गांव के करीब 50 उपभोक्ता निर्भर हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना बिजली विभाग को दे दी गई है। लेकिन विभाग की ओर से गांव में ट्रांसफॉर्मर लगाने का कोई आश्वासन नही दिया गया, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। रामोतार गंझू, योगेश बिरहोर, कैल गंझू, संतोष मिस्त्री, बिथन बिरहोर, सतेंद्र गंझू, सोहबतिया देवी,नरेश भारती, कौलेश्वरी देवी, बंधिया देवी आदि ग्रामीणों ने शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चतरा द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, दैनिक मजदूरी का भुगतान, राशन, आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, कन्यादान योजना से संबंधित मामले शामिल है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## रांची और लोहरदगा के बीच 11 स्टार मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के 11 स्टार मैदान में एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जेएमएम के मनोज चंद्रा और कांग्रेस के प्रेम रंजन पासवान ने संयुक्त रूप से किक मार कर तथा फीता काट कर किया। यह मैच रांची और लोहरदगा के लड़कियों के बीच महामुकाबला का फुटबॉल टूर्नामेंट मैच सिमरिया एलेवन स्टार सिमरिया द्वारा आयोजित किया गया । हालांकि खबर लिखे जाने तक दोनो तरफ से एक भी बॉल नहीं हो पाया था। मैच में विजेता खिलाड़ियों को 30 हजार का नगद पुरस्कार राशि दिया जाएगा। साथ हैं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, रोहनी देवी, एसडिपीओ अजय केशरी, प्रमुख रोहन साहू, थाना प्रभारी मानव मयंक, पूर्व जीप सदस्य अनामिका देवी, सलीम अख्तर, मनोरंजन महाजन, इदरीश मियां, रमन साहू, फारूक अंसारी, बिरेंद्र कुमार, उस्मान मियां, रंजित सिंह, अख्तर रेफरी ऐनुल हक कमिंटेटर सिप्पी सिंह के अलावे सैकड़ो दर्शक शामिल थे।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम बन्हे सचिवालय में किया गया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जन शिकायत समाधान को लेकर मंगलवार को एक कार्यक्रम सिमरिया पुलिस के द्वारा सिमरिया प्रखंड स्थित बन्हे पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केसरी ने किया। इस दौरान आए भूमि विवाद से संबंधित 6 मामले को अंचलाधिकारी को सोप दिया गया है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन, भूमि विवाद एवं अन्य समस्याओं को ग्रामीण जनता बेझिझक आकर रखें उनका निपटारा ऑन द स्पॉट कर दिया जाएगाऔर जिसका समाधान नहीं हो सकता उन्हें विशेष पदाधिकारी को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आप अपनी समस्याओं को लेकर आए आपकी समस्या का समाधान त्वरित रूप से कर दिया जाएगा ।पुलिस हेल्पलाइन नंबर112 के बारे में बताया गया कि अगर आपको पुलिस की सहायता की जरूरत हो तोआप 112 नंबर डायल कर सकते हैं। पुलिस तुरंतआपकी सेवा में हाजिर होगी ।वहीं बिना थाना में जाए हुए भी ऑनलाइन आप अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावे जीरो एफआईआर के बारे में बताया कि आप कहीं से भी एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। लेकिन 3 दिन के अंदर हार्ड कॉपी में आपको आकर साइन करना होगा। पुलिस का लक्ष्य अफीम की खेती को पूर्णतः बंद करना है। किसान इसके बदले नगदी फसल उगावें और लाभ कमाए। क्योंकि अफीम की खेती करने वालों को पुलिस के द्वारा बख्सा नहीं जाएगा। मौके पर सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक शीला ओपि प्रभारी राहुल दुबे बन्हे मुखिया सुधीर सिंह उपप्रमुख सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंझगावा पंचायत भवन में संपन्न हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ अंतर्गत मझगांवा पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। जहां अब तक में सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। हजारों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति थी। जहां कुल 1538 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का शुरुआत जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी प्रमुख अनीता यादव 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान, मुखिया सरिता देवी समाजसेवी बसंत नारायण सिंह समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार शिविर में लगभग सभी विभाग उपस्थित थे। जिसमें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में 15 राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में 5 श्रम नियोजन, शिक्षा विभाग में 232 जेएसएलपीएस में 350 सर्वजन पेंशन में 45स्वास्थ्य विभाग में अबुआ स्वास्थ्य के लिए 17 जाति आवासीय बनाने के लिए 70 राशन कार्ड के लिए 40 अबुआ आवास के लिए 502 मइयां सम्मान योजना के लिए 51 समेत कई अन्य स्टॉल लगाए गए में 226 अन्य आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न स्टॉलो का घूम-घूम कर जायजा लिया।वही स्टॉल में प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया। 20शुत्री अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एवं अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा कि ग्रामीणों के द्वारा जमा करवाई गई आवेदन जैसे की तैसी पड़े रहते हैं। एक भी आवेदन का निष्पादन नहीं होता है। जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुछ परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। जैसे जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं को फुलो जानो के तहत 20000 का डमी चेक, जन वितरण प्रणाली के तहत धोती साड़ी,आई कार्ड वह अन्य सामग्री का वितरण किया गया।शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार के महत्व कांची योजनाओं की जानकारी दी गई। तथा कार्यक्रम को संबोधन करने में एवं ग्रामीणों की कार्य न होने को लेकर आपस में ही जिला परिषद एवं प्रमुख बातों बातों में उलझ गए हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य लोगों के समझाने पर मामले को शांत किया गया।

## 15 वें वित योजना के तहत जिप सदस्य ने कलवट का किया शिलान्यास



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीबाध के कारा मांडर मे 15 वें वित योजना अंतर्गत जिप सदस्य रमेश राम ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात् नारियल फोड़कर कलवट का शिलान्यास किया। कलवट शिलान्यास होने पर ग्रामीणों ने कहा की अब यहां के लोगों को आवागमन करने मे सहूलियत होगी. उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए जिप सदस्य राम ने कहा की क्षेत्र का विकास हो यही मेरा प्राथमिकता है। मौके पर मो माशूम, जगदीश उरांव, पारसनाथ सिंह, दहजु गंझु,गोंदा गंझु, शिवनंदन सिंह, शंकर उरांव, संजय उरांव, राजेंद्र यादव, प्रयाग गंझु, बिनोद यादव, जगदीश यादव सहित काफी संख्या मे महिला पुरुष मौजूद थे।

## बालूमाथ में शहरी क्षेत्र में घुसा हाथियों का झुंड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना से 500 मीटर की दूरी पर स्थित कृष्णापुरी, बड़का बालूमाथ मुहल्ले में सोमवार की देर रात 20 से अधिक की संख्या में जंगली हांथीयो का झुंड प्रवेश कर गया। जिस इलाके में अफरा-तफरी माहौल हो गया ।मामले की सूचना पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय सदल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से ट्रॉर्च, लाइट, मसाल व पटाखा के सहारे जंगली हाथियों को झुंड को जंगल की ओर भगाने में कामयाब रहे। इस दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने बड़का बालूमाथ मुहल्ले में लगे मकई, धान की फसल को बर्बाद कर दिया। बड़का बालूमाथ निवासी पंचानद पांडे, ब्रजेश साव के बाउंड्री एवं डीबीएम पब्लिक स्कूल के लगे तार के जाली को तोड़ दिया। बालूमाथ थाना प्रभारी एवं ग्रामीणों के सहयोग से समय रहते हाथियों के झुंड को शहर से दूर भगा दिया गया। वही हाथियों के झुंड को भगाने में वन विभाग की कोई भूमिका नहीं होने के कारण लोगो में आक्रोश देखा गया।

# मंत्री बैजनाथ राम ने कई योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राज्य के शिक्षा सह मघ निषेद मंत्री बैजनाथ राम ने बालूमाथ में सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसमे बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चेताग पंचायत स्तिथ सेमरसोत ग्राम में कल्ही महुआ से चेताग पिच रोड देवी मंडप तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य एवं सेमरसोत ग्राम मेंकलभट (पुलिया) निर्माण कार्य एवं हेमपुर ग्राम स्थित एनएच 22 से बढनियाखांड साइडिंग तक लाखो रुपये की लागत से बनने वाले पीसीसी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर बोलते हुए मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि इन गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बन पाया था ।लेकिन अब सड़क बन जाने के बाद स्थानीय लोगों को लाभ होगा। मौके पर मंत्री बैजनाथ राम ने संवेदक से गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की बात कही। मौके पर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, झामुमों प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मो.इमरान, शमशुल होदा, समसुल खान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, प्रदीप गंझु, मुखिया नरेश उरांव, हरी साहू, राजेश यादव, श्याम सुंदर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 62 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 62 में से 45 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई।तथा अन्य आवेदन को विभिन्न त्रुटियों सुधार हेतु संबंधित अंचल को भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज, अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का सफल आयोजन



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत साल्वे, राजकीय मध्य विद्यालय, परिसर मे मुखिया राजीव भगत की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने उपस्थित ग्रामीणों को अपने संबोधन के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा ग़रीबों के हित मे चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बिस्तार से बताया। बीससुत्री अध्यक्ष गंझु, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने भी झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बिस्तार से बताते हुए लोगो को लाभान्वित होने की अपील किया। उन्होंने आगे कहा कि सभी स्टॉल में लोगो ने अपने आवश्यकता के अनुसार आवेदन जमा किए। एसेजी का प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड व कई छात्र छात्राओं को साईकिल भी वितरण किया गया। मौके पर खाद्य आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी राजू राम, संदीप कुमार, नंदेव राम पंचायत सचीव 15 वें वित पंकज पाण्डेय आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर , नागरिक सहायता केंद्र पर श्रवन उरांव पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, डॉ निरज, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर, सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सरकार व डीजीपी के संयुक्त तत्वावधान में गरीब पिछड़े कमजोर वर्ग के नागरिकों को तत्काल लाभ पहुंचाने को लेकर पुलिस अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के रूप में योजना बनाकर उसे जमीन पर उतारने की कोशिश हुई है।इसी सिलसिले में पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर मंगलवार को बरवाडीह थाना परिसर में पुलिस अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन डीएसपी वैंकटेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अंचलाधिकारी मनोज कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर, बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, मनिका थाना प्रभारी, बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल जिप सदस्य संतोषी कुमारी समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों के द्वारा लिखित दर्जनों शिकायतें दर्ज कराई गई। शिकायत पत्र का मौके पर पावती रसीद दिया गया।जिसमें कुछ आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई इसके अलावा त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित कर्मियों को अग्रसारित किया गया। मौके पर डीएसपी वैंकटेश कुमार ने कहा कि आम नागरिकों के आवेदनों पर अक्सर थाने में सुनवाई नहीं होती है। साथ ही उन्हें आवेदन पत्र का रिसिविंग तक नहीं दिया जाता था। जिसकी शिकायत झारखंड पुलिस महानिदेशक को मिली है। इसी को देखते हुए योजना बनाकर नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ हफ्तों में यह कार्यक्रम पुनः होने वाला है जिसे लेकर अपील किया गया है कि आम नागरिक डायन, महिला उत्पीड़न, घरेलू झगड़े, भूमि विवाद, ऑनलाइन फ्रॉड,मानव तस्करी, बाल विवाह जैसे गंभीर मामले पर आवेदन कर सकते हैं इसके लिए पुलिस प्रशासन से सीधे संवाद कर सकते हैं जिसका जांचोपरांत त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीरो एफआईआर दर्ज करने का सहुलियत सरकार द्वारा जारी किए गए हैं कोई भी नागरिक कहीं भी एफआईआर दर्ज करा सकता है। हालांकि वैसे एफआईआर का अनुसंधान संबंधित थाना को भेज दिया जाएगा।

# बालूमाथ थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बालूमाथ पुलिस अनुमंडल अंतर्गत बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज थाना क्षेत्र से कुल 49 आवदेन प्राप्त हुआ जिसमें से 6 मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा कर दिया गया। जिसमें बालूमाथ से तीस आवेदन में से दो आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन बारियातू से चार मामलों में दो मामले का निष्पादन, हेरहंज से 15 में से दो मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि झारखंड सरकार एवं राज्य के डीजीपी के आदेश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आने वाले मामलों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से हम लोगों का प्रयास है कि वैसे लोग जो समाज के अंतिम पीढ़ी पर हैं उनकी शिकायत नही सुना जा रहा है ।हम लोग ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर उन सभी व्यक्तियों को न्याय और उनके मामलों को सुनकर निपटारा करे। आगे उन्होंने बताया की जिन मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा नहीं हो पाएगा। वैसे मामलों के लिए पदाधिकारी नियुक्ति की जाएगी और उस मामले का जल्द से जल्द निपटारा कर दिया जाएगा। मौके पर बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बीरूवा, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार, सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार,अमित कुमार, सुबोध सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रतिनिधियों के मौजूदगी में वितरण किया जाएगा खाद्यान्न

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार आम है। जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा राशन कार्डधारियों का उनके हिस्से के खाद्यान्न की कटौती सरेआम खुलकर हो रही है जिसकी शिकायत बेजुबान कार्डधारी नहीं कर पाते हैं। हालांकि जागरूक कार्डधारियों का उनके हिस्से मिल जाते हैं। जहां आम शिकायत पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि हमारे सभी सहयोगी प्रतिनिधि संबंधित क्षेत्र के राशन विक्रेताओं के दुकान पर मौजूद होकर राशन कटौती को रोकने और गरीबों को उनके पुरी मात्रा में अनाज वितरण कराने की जिम्मेदारी लें। वहीं इस मामले में डीलरों को गोदाम से कम खाद्यान्न मिलने की शिकायत पर मंगलवार को प्रखंड प्रमुख के अगुवाई में उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार समेत अन्य प्रतिनिधि बरवाडीह राशन गोदाम पहुंचे और माप तौल मशीन की जांच किया। पाया गया कि लगभग पांच सौ ग्राम राशन प्रति बोरे कम दिए जा रहे हैं। इस पर सभी प्रतिनिधि एजीएम पर भड़क गए और उन्हें निदेश दिया कि सभी विक्रेताओं को पुरी मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी डीलरों को पुरी मात्रा में खाद्यान्न उठाव करने को कहा गया है। कार्डधारियों का खाद्यान्न कटौती बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर राज महेन्द्र सिंह, दिलिप कुमार, डीलर संघ के अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों ने सहायक नगर आयुक्त के साथ समझौते के बाद हड़ताल किया समाप्त

## मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो पुन : सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे, जिसकी पूरी जवाबदेही नगर निगम कि होगी

**कर्मचारी संघ के नेताओं ने कहा- यह हड़ताल हजारीबाग के किसी भी समाजसेवियों और जनप्रतिनिधि के आश्वासन पर नहीं तोड़ा गया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर निगम में विगत 20 दिनों से सफाई कर्मचारी अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल में थे। झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन के बैनर तले राज्यव्यापी हड़ताल झारखंड के कई जिलों के नगर निकाय में चल रही थी। इस हड़ताल के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट में सभी प्रकार के फैसले लिए जा रहे थे, लेकिन झारखंड के सफाई कर्मचारी पर किसी प्रकार का कोई विचार विमर्श नहीं किया जा रहा था। सफाई कर्मचारी की मुख्य मांग 15 से 20 सालों से दैनिक सफाई कर्मचारियों को स्थाई करना था। ह संघ के नेताओं ने बताया की सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार के साथ उनकी लिखित वार्ता हुई, अगर मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो पुनः सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे जिसकी पूरी जवाब देही नगर निगम प्रशासन हजारीबाग की होगी। नगर विकास मुख्य सचिव सुनील कुमार, नगर आयुक्त योगेंद्र प्रताप, सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडे, प्रधान सहायक निरंजन सिंह के आश्वासन पर तोड़ा गया है। अगर हमारी मांगों पर जल्दी विचार विमर्श नहीं किया जाएगा तो हम लोग फिर हड़ताल पर जाएंगे। हजारीबाग समाजसेवियों से कहना है और जनप्रतिनिधियों से कहना है कि हड़ताल कर्मी के बीच में आकर सिर्फ फोटो खिंचवाने से नहीं होता है। हमारी मांगों को सरकार तक पहुंचाएं। वार्ता में मुख्य रूप से सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडे, अखिल भारतीय मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक वाल्मीकि, झारखंड लोकल बॉडीज एंप्लॉय फेडरेशन नगर निगम हजारीबाग के प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चुमू राम, गौतम, दीपक, बजरंग, रामबिहारी, सुधीर राम, राजू खान, अहमद अंसारी, गौरी पांडे, मुकेश सिंह, वीरू यादव, दीपक कुमार, गांधोरी राम, महिला सफाई कर्मचारी, गाड़ी चालक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने लगाया अवैध पत्थर उत्खनन का आरोप, लोगो को हो रही परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के मुरुमातु गांव के समीप प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाने के रास्ते से अवैध पत्थर उत्खनन की कार्य दूसरे प्रखंड क्षेत्र से आए लोगो में अरविंद मेहता द्वारा जोरो शोरो से किए जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की इसी रास्ते से भारी भरकम हाईवा वाहन से पत्थर की ढुलाई और छरी की ढुलाई की जाती है जिसके कारण रास्ते की स्थिति काफी जर्जर हो गई है और मुरुमातु गांव , प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया, एडिशन पब्लिक स्कूल, राज्य सरकार द्वारा संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्र छात्राएं, राहगीर ,ग्रामीण, प्रखंड कर्मी संग क्षेत्रवासियों को जहां तहां रास्ते में गड्ढा होने के कारण काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में गणेश अगेरिया, गणेश मुर्मू, हरिलाल मांझी, राजू गंझू, बिनोद अगेरिया, मालती



देवी, फूलमती देवी, सरिता देवी, कांति देवी,सविता देवी ने कहा की दिन भर पत्थर उत्खनन से कानों में काफी आवाज और धूल गर्दे आते रहता है। जिससे हमलोगो का जीवन आपन में काफी दिक्कत महसूस हो रही है। यदि मामले को संज्ञान में टाटीझरिया पुलिस प्रशासन नही लेती है तो लिखित आवेदन हजारीबाग डीसी को देकर अवैध पत्थर उत्खनन को बंद करवाने की गुहार लगाएंगे ।

# ग्रामीणों ने बरही सीओ के मनमाने कार्यों को लेकर उपयुक्त को सौपा ज्ञापन

## कहा अतिक्रमण के बहाने गरीबों का झोपड़पट्टी हटाया, लेकिन भूमाफिया अभी भी है काबिज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के कोरियाडीह, धनवार, दुधपनिया आदि के ग्रामीणों ने उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया की बरही प्रखंड के करियातपुर मौजा में खाता नंबर 152 प्लॉट नंबर 1646 रकवा 1 एकड़ 83 डिसमिल जमीन में प्लस टू उच्च विद्यालय अवस्थित है। इसी प्लॉट में सैकड़ो गरीब परिवार की अपनी झोपड़पट्टी लगाकर रोजी-रोटी कमाते थे। बरही सीओ अपने शक्ति का प्रयोग कर छोटे-छोटे दुकानों व झोपड़ियां को हटाकर अतिक्रमण मुक्त करवा दिए, लेकिन उपयुक्त खाता की भूमि पर भूमाफिया आज भी काबिज है। वही पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने




आरोप लगाया है कि सीओ बरही अपने शक्ति का प्रयोग कर छोटे-छोटे दुकानों व झोपड़ियां को हटाकर अतिक्रमण मुक्त करवा दिए लेकिन उपयुक्त खाता की भूमि पर भू माफिया आज भी कागज है। उन्हें बरही सीओ का सह प्राप्त है। वहीं अंचलाधिकारी के पक्षपातपूर्ण कार्य की जांच करने की मांग उपायुक्त से किया। वही कहा कि पूरे जमीन का पैमाइश कर पूरे प्लॉट का अतिक्रमण मुक्त किया जाए। आवेदन में पप्पू प्रसाद, अनिल प्रसाद कुशवाहा, महेश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, मनोज कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, उमेश प्रसाद, संजय कुमार, सिकंदर प्रसाद, मो. साबिर, तारकेश्वर प्रसाद, विजय कुमार वर्मा, हरिप्रसाद, अजय कुमार, दिनेश प्रसाद, शंकर प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद, पप्पू कुमार, केदार राणा, नकुल राणा, नीरज कुमार, दीपक कुमार, रुपेश राणा, सिकंदर कुमार, मुकेश प्रसाद, राजू कुमार समेत सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर है।

# झारखंड सरकार की योजनाएं : महिलाओं, गरीबों और बेरोजगारों के लिए खुशहाली का संदेश : डॉ रामचंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने सदर प्रखंड के दर्जनों गांवों में दौरा किए, जिसकी अगुवाई सिंघानी पंचायत के मुखिया नारायण कुशवाहा डॉ भुनेश्वर महतो एवं एडवोकेट संजय रविदास ने किया। पौता , मरहेता के सभा में डॉ मेहता ने कहा की झारखंड सरकार के दर्जनो योजनाएं जैसे नौजवान वकीलों को 5000 रुपए प्रति का प्रतिमाह देना, सीनियरी वकीलों को 7000 प्रतिमाह पेंशन देना, मईया सम्मान योजना, अबुवा आवास, महिला ग्रुप योजना, हजारों हजार, नियुक्तियां, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी, 200 यूनिट बिजली निशुल्क मुख्यमंत्री असाध्य योजना, ओबीसी के लिए 27त्न आरक्षण बिल



प्रस्ताव पारित करना, पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक एवं होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना तथा तीन गुना वेतन बढ़ाना, सोबरन साड़ी धोती, छात्रों को दोगुनी छात्रवृत्ति, बेरोजगारों रोजगार, बोलोरो गाड़ी देना, कृषि संबंधी सामग्री एवं दुधारू पशुओं पर 80त्न के सब्सिडी देना इत्यादि योजनाएं झारखंड वासियों के लिए खुशियली दायक है। अनेकों उपकरण या तो बंद हो चुके हैं या गुजरात के धनाढ्य व्यापारी खरीद रहे हैं जबकि झारखंड सरकार आनेको नौकरियां दे रही है मुखिया नारायण कुशवाहा ने कहा की केंद्र के भाजपा सरकार किसान बेरोजगार एवं महिला विरोधी सरकार है जिसका जल्द पतन होगा जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण कुशवाहा नरेश राणा राकेश गुप्ता सुदर्शन राम,देव नंदन कुशवाहा रामचंद्र राम राजकुमार मेहता इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

# चंद्रनाथ भाई पटेल ने किया विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडू विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर पंचायत के ग्राम मंगरो में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रनाथ भाई पटेल ने 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफॉर्मर का विधिवत उद्घाटन



किया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण पिछले एक सप्ताह से अंधेरे में थे।उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे श्री पटेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं।और आने वाले दिनों में भी रहूंगा ट्रांसफार्मर उपलब्ध होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल था कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो सीताराम साव,डीलो साव,बासुदेव साव,देवलाल साव,शनिचर साव सोमर साव,प्रशादी साव,राजेश साव,बालेश्वर साव,रूपलाल साव प्रकाश साव,बूगी साव,राजू साव थनू साव,गोवर्धन साव,जयराम साव,मंगर साव ईश्वर साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जिला महासचिव को किया शो कॉज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने गलत बयानी के आरोप में कांग्रेस जिला महासचिव उपेंद्र कुमार कुशवाहा को शो कॉज नोटिस जारी किया है और तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता, तो उन पर पार्टी विरोधी और अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाएगी। उपेंद्र कुशवाहा को भेजे गए पत्र में जिला अध्यक्ष ने उल्लेख किया है कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची सौंप दी गई है। सदर विधानसभा क्षेत्र से 34 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने रांची लालगुलुआ सभागार में स्पष्ट रूप से कहा था कि जितने लोगों ने आवेदन जमा किया है, उनका नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया गया है। साथ ही पार्टी सर्वे भी करा रही है। जानकारी मिली है कि उपेंद्र कुशवाहा ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से 34 उम्मीदवारों के बजाय सात उम्मीदवारों का नाम प्रकाशित कराया, जिससे पार्टी में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके चलते उपेंद्र कुशवाहा से शो कॉज नोटिस मांगा गया है जिला अध्यक्ष ने बताया कि व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिस भेज दिया गया है। कार्यालय प्रभारी को लिखित नोटिस प्राप्त कराने को कहा गया है, लेकिन उपेंद्र कुशवाहा कांग्रेस कार्यालय नहीं पहुंचे। कांग्रेस महासचिव उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी के नोटिस दिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि वे अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि रांची बैठक में जो सूची मीडिया से प्राप्त हुई थी,रांची के एक मीडिया साथी की मदद से सूची उपलब्ध करवा कर उसे जारी किया गया।

## विष्णुगढ़ के बिलंडी में जबर करम महोत्सव में जमकर झूमे टाईगर जयराम महतो

# दिया संदेश : बदलाव ही बदल सकता है, झारखण्ड की तकदीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बिलंडी टांड़ में जेएलकेएम के द्वारा सोमवार को जबर करम महोत्सव का आयोजन किया। जबर करम महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएलकेएम केंद्रीय महामंत्री सह पूर्वी जिप सदस्य सरजू पटेल,संगठन मंत्री माही पटेल, जिला अध्यक्ष सरयू साव, प्रखण्ड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जबर करम महोत्सव में जयराम महतो के



आगमन पर ढोल नगाड़ों एवं फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया गया,जयराम महतो ने अपने चिरपरिचित अंदाज में हजारो की सँख्या में महिला एवं पुरुषों का स्कार्पियो की छत पर चढ़ कर अभिवादन को स्वीकार किया। संस्कृति के अलावे हमे अपनी भाषा चाहें वह खोरठा,संथाली कोई भी हो उसे कभी नही छोड़ना है,इस मिट्टी की भाषा मे एक अलग ही अपनत्व है,जिसको मैंने महसूस किया है। अभी कुछ महीने के अंदर विधानसभा चुनाव भी होने है,हमे अपने बीच के लोगो एवं साफ छवि के नेता को सदन भेजना है,ताकि हमारे सपने पूरे हो,हमारे भाई बंधु रोजगार की तलाश में पलायन ना करें उन्हें झारखंड में ही रोजगार के अवसर मिले और वो अपनो के बीच रहें।हमारी मंशा बिल्कुल साफ है,हमारा झारखण्ड विकसित,और हमारे युवाओ को रोजगार मिले, जिसके लिए झारखण्ड में लघु एवं कुटीर उद्योगों का जाल बिछे, और झारखंडियों का सम्मान हो। अबकी बार चमकेगा माण्डू विधानसभा। इस मौके पर मुख्य रूप से भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, बकसपुरा मुखिया नन्हकू महतो, , शैलेंद्र पाठक, सुरेश कुमार महतो, झमन सिंह समेत हजारो की सँख्या में लोग उपस्थित थे। ऊपर वाला हेडिंग को छोटा और सन्देश वाला हेडिंग को बोल्ड कर दीजिएगा

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में चला खटा खट जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पंचायत चलो वार्ड के तहत युवा कांग्रेस ने बरही विधानसभा के पंचमाधव पंचायत वार्ड नंबर 12 और 13 में हर घर खटाखट संपर्क अभियान चलाया। मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर आकाश भारती मौजूद रहें। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव ने कहा महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार, किसानों को 2 लाख का ऋण माफ, सर्व पेंशन योजना, धोती साड़ी का वितरण, 200 यूनिट बिजली माफ, अबूवा आवास आदि योजना की जानकारी दी। मौके पर युवा कांग्रेस नेता मनोहर यादव, आकाश भारती, कैलाश कुमार, मंजीत यादव, सुभाष यादव, मीना देवी, कलावती देवी, चंदन कुमार, विजय कुमार, विनय कुमार, पप्पू कुमार समेत अन्य साथी मौजूद रहे।

# पुलिस विभाग द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण साथ ही पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड,राँची के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। मंगलवार को जिला स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किया किया गया। उक्त संदर्भ में हजारीबाग जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जिला स्तर पर हजारीबाग समाहरणालय परिसर में समय- 11.00 बजे पूर्वा0 से आयोजित की गई। आयोजित इस शिविर के माध्यम से कुल 393 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें जमीन विवाद के 150, पारिवारिक विवाद से संबंधित 90 व 153 अन्य मामलों से संबंधित आवेदन मिले। इन आवेदनों मे से 97 मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया।

# मुक्ति दूधमनिया में मना झारखंड आंदोलनकारी शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 41वाँ शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** धर्मपुर पंचायत के मुक्ति दूधमनियां निवासी टाटीझरिया 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद रवि सिंह और छोटे पुत्र राहुल सिंह के पिता झारखंड आंदोलनकारी शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 41वाँ शहादत दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा ध्वज फहरा कर किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव ,माले नेता मिथलेश सिंह , मुख्य अतिथियो में दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा,संजीव वेदियां,गौरव पटेल,नीलकंठ महतो



,जगदीश यादव समेत कई अन्य थे। जिन्होंने बारी बारी से स्व.प्रताप सिंह के स्मृति पर मालार्पण और पुष्प अर्पित किया । बाद में सभी नेता मंत्री कार्यकर्ता गणों ने शहीद स्व.महेंद्र प्रताप सिंह के समाज सेवी कार्यो का उल्लेख करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया और उनके सिद्धांतो पर चलने की आग्रह कर नमन किया। मौके पर इब्राहिम अंसारी, धानेश्वर पासवान,जितेंद्र पासवान,राजेश कुमार अशोक कुमार,केदार गौरव,रवि यादव,नवीन सिंह,रूपन साव,सुरेश प्रजापति, अशोक प्रजापति, पप्पू कुमार,संदीप पाण्डेय समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद थे।

# बरही पुलिस ने शराब लदा कार किया जब्त, दो तस्कर को भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पुलिस ने शराब लदा एक कार को पकड़ा है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया की वरीय पदाधिकारीयो के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग का सेवरले कंपनी का कार जिसका नंबर जेएच 01एसी -7052 पर अवैध शराब तस्करी कर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रातः गश्ती के पदाधिकारी पुअनि. रंजीत भगत को सशस्त्र बल के साथ तिलैया रोड ओवर ब्रिज के पास चेकिंग लगाने का निर्देश दिया गया। चेकिंग के दौरान एक सेवरले कंपनी का कार आता हुआ दिखाई दिया, जिसको सशस्त्र बल की सहायता से रोका गया। वहीं मौके पर से दो तस्करों को भी पकड़ा गया। जिसमें ज्योति कुमार उम्र 30 वर्ष पिता अशोक प्रसाद ग्राम माधोपुर थाना चण्डी, जिला नालन्दा बिहार व छोटु कुमार उम्र 19 वर्ष पिता साधु



पासवान ग्राम माधोपुर थाना चण्डी जिला-नालन्दा निवासी है। वहीं उक्त कार के डिक्की से मैजिक मोमेंट कंपनी के 750 एमएल का 21 बोतल एवं रॉयल स्टेज कंपनी लिखा 375 एमएल का 3 बोतल बरामद किया गया। वहीं पकड़े गए दोनो तस्करों को जेल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा की शराब तस्करी के

# देश का विकास तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए : डॉ अमित सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा का मानना है कि देश का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए। उनका यह विचार केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके कार्यों और नीतियों में साफ झलकता है। कहते हैं कि भारत जैसे विविधता से भरे देश में विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों का समान रूप से सशक्तिकरण और उन्नति भी है।डॉ. अमित सिन्हा ने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण की बात पर जोर दिया है। उनका मानना है कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक नारीवादी विचारधारा का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह देश की प्रगति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा है कि



जब तक समाज में महिलाओं को समान अवसर नहीं मिलेंगे और वे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त नहीं होंगी, तब तक देश की प्रगति अधूरी रहेगी। इसके साथ ही, वे युवाओं को देश का भविष्य मानते हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। इसके साथ ही, वे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को भी अपनी प्राथमिकता मानते हैं। उनका कहना है कि स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और इसे सुनिश्चित करने के लिए हमे हर संभव प्रयास करना चाहिए। जब तक समाज अपनी सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों के प्रति गर्व महसूस नहीं करेगा, तब तक आत्मनिर्भरता का सही अर्थ नहीं समझा जा सकता। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि जनता की सेवा ही राजनीति का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए, न कि केवल सत्ता में बने रहना। उनका मानना है कि जनता का विश्वास जीतने के लिए आवश्यक है कि नेता अपने कार्यों से उन्हें यह महसूस कराएं कि वे उनके लिए काम कर रहे हैं, न कि केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए। उनके विचार और कार्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा है कि देश का विकास तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए। उनका यह विचार केवल एक राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि उनके जीवन और कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। बल्कि समाज के सभी तबकों को समान अवसर और सम्मान प्रदान करें। वे मानते हैं कि एक सशक्त भारत का निर्माण तभी संभव है, जब हर नागरिक को अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने का अवसर मिले और वह समाज की मुख्यधारा में शामिल हो। उनके विचार और नेतृत्व भाजपा और संघ की विचारधारा का संगम प्रस्तुत करते हैं, जहां राष्ट्रवाद, सेवा, और विकास एक साथ मिलकर एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हैं।

# जिला स्तरीय खेलो झारखंड में खो-खो प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय खेलो झारखंड खो- खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर अध्ययनरत छात्र छात्राओं को खेल में बेहतर प्रदर्शन का मौका दिया गया है। खेलों झारखंड प्रतियोगिता में उपायुक्त नैन्सी सहाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, ए डी पी ओ सुनिला लकड़ा, ए पी ओ संजय तिवारी,, अजय नारायण दास, विकास कुमार, प्रवीण पाण्डेय,कौलेशर कुमार, रामचंद्र राम, प्रमोद कुमार मेहता,लेखा पदाधिकारी रवि कुमार, राजेश कुमार सिंह,बागीश पांडे,सी आर पी, प्रवीण कुमार, संतोष कुमार गौतम, श्रीकांत कुमार, कुलदीप कुमार, दीपक कुमार मेहता, अनुरूद राणा, सोनू कुमार भोला साव, ओमप्रकाश कुमार, भीम गोस्वामी, प्रभु साव, खेलो झारखंड प्रतियोगिता एवम् चयन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए छः सदस्य शिक्षकों में शारीरिक शिक्षक



मधूसूदन कुमार सिंह,सरोज मालाकार, सुनिल यादव,अश्विनी श्रीवास्तव,अनुप मेहता,पवन कुमार को प्रतिनियुक्ति किया गया है।साथ ही तकनीकी सहयोग के लिए जिले के सभी शारीरिक शिक्षको में उमेश दास,राजन गुरूंग, राहुल कुमार, कुंवर प्रसाद,संजू कुमारी, प्रिया कुमारी, अभिनव गुप्ता, प्रमोद दास विशाल यादव, त्रिवेणी कुमार,मनसूर आलम, गोपाल राम, हरिकांत कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मृत्युंजय वैष्णव, यादि ने अहम भूमिका निभाया।

## रोटरी क्लब के द्वारा छात्राओं के बीच सर्वाइकल कैंसर विषय पर जागरूकता अभियान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ में रोटी क्लब रामगढ़ सेंट्रल के सौजन्य से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं (9 वर्ष से 18 वर्ष) को सर्वाइकल कैंसर के कारण, निदान और सावधानी विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉक्टर सौम्या जैन प्रमुख वक्ता थी।उन्होंने इस समस्या के जड़ से निवारण हेतु नई विकसित सर्वाइकल कैंसर प्रोटेक्टिंग वैक्सीन को 9 वर्ष से 18 वर्ष के बीच लगवाने की आवश्यकता बताई और उपस्थित अभिभावकों को व छात्राओं के विषय (सर्वाइकल कैंसर) संबंधित जिज्ञासा को शांत किया एवम ÷प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर÷ की फिलॉसफी को ज्यादा उपयुक्त बताया।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने रोटरी क्लब रामगढ़ सेंट्रल के द्वारा विद्यालय में छात्राओं के लिये ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया तथा विभिन्न रोग उन्मूलन में इस समाज सेवी संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी, प्रशासक एस पी सिन्हा एवं वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति मिश्रा ने कार्यक्रम को सुचारू ढंग से संपन्न करने में अपना विशेष योगदान दिया।



## भाजपा की बूथ स्तर बैठक में पीएम मोदी की मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र की वार्ड नंबर 3 बोंगावर मैं बुथ नंबर 275 276 277 278 के अध्यक्ष बुथ प्रभारी बुथ समिति एवं पन्ना प्रमुख का सत्यापन किया गया एवं प्रत्येक बुथ पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी सदस्यों को जोड़ा गया एवं संगठन को मजबूती बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी जिला मंत्री अनमोल सिंह रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज के लिए उपस्थित हुए इन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां की बात को महीने के अंतिम रविवार को सभी बूथ पर एलइडी टीवी एवं रेडियो मोबाइल के माध्यम से सुनना है एवं सामाजिक वर्ग के लोगों को सुनना भी है और प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना बैठक उनकी अध्यक्षता भुवनेश्वर महतो ने किया संचालक प्रकाश कुशवाहा ने किया धन्यवाद ज्ञापन तेज नारायण कुशवाहा ने किया बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी पांडा सुरेंद्र कुशवाहा अनिल कुशवाहा दुलाल पांडा त्रिभुवन कुशवाहा राजेश प्रजापति प्यारेलाल कुशवाहा अमित कुशवाहा सहित लोग उपस्थित थे।



## आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में पीट मीटिंग का आयोजन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय मजदूर संघ संबंध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के तत्वाधान में बरका स्याल क्षेत्र भुरकुंडा शाखा परियोजना आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में एक पीट मीटिंग की गई इसमें 17 सूत्री मांगों को लेकर सभी कर्मचारियों के बीच बात को रखा गया जिसकी अध्यक्षता नौशाद आलम और संचालन अनिल कुमार पासवान ने किया मौके पर उपस्थित एरिया अध्यक्ष हरिनाथ महतो जी संगठन मंत्री जेपी अग्रवाल जी उपाध्यक्ष ललन प्रसाद कोषाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता लक्ष्मी नारायण प्रसाद राहुल राय सतनारायण गुप्ता केडी शरण प्यारेलाल महतो अर्जुन कुमार जगदीश बेदिया फारूक राजा दिवाकर पटेल रंजन राम सुरेंद्र तिवारी बिना कुमारी बेबी देवी पूजा कुमारी अनिता कुमारी सिस्टर रजनी गुलाब एक्का रीता देवी राखी देवी सुमन कुमारी दीप्ति देवी सुनीता टेटे सरस्वती देवी आदि थे।



## अमित महतो ने समर्थकों से विचार लेकर जिला महासचिव पद से दिया इस्तीफा, जेबीकेएसएस में जाने की चर्चा

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव अमित कुमार महतो ने जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान को अपना इस्तीफा पत्र देकर प्राथमिक सदस्य और जिला महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पूर्व उन्होंने गोला के डाकबंगला परिसर में अपने समर्थकों के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया है। इस्तीफा पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष को दी गयी है। उधर, समर्थकों के साथ बैठक में भविष्य की राजनीति की चर्चा की गयी। गौरतलब हो कि अमित कुमार महतो रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी का देवर है। इन्होंने गत वर्ष हुए रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष से टिकट की मांग की थी। अब इनके इस्तीफा दिए जाने के बाद अपने समर्थकों के साथ जेबीकेएसएस में शामिल होने की अटकलें लगायी जा रही है।




## फुलसराय ग्राम में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका, जांच के लिए पहुची गिद्दी पुलिस

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गिद्दी थाना अंतर्गत फुलसराय रेलवे क्रॉसिंग के पास एक घर में मंगलवार की सुबह एक महिला का शव मिला। एक महिला का शव मिलने की खबर से जहां क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जबकि सूचना मिलते ही गिद्दी थाना प्रभारी समेत पुलिस जवान घटना स्थल पहुंच छानबीन शुरू कर दी। छानबीन के क्रम में मृतक महिला की पहचान फुलसराय निवासी स्व. रामू बेदिया की विधवा मंजु देवी के रूप में हुई। महिला के देवर सुरज बेदिया के फर्द बयान के आधार पर गिद्दी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मंजु देवी के पति रामु बेदिया का निधन 12 वर्ष पूर्व हो गया था। उसके पांच बच्चे हैं। जिनमें तीन का विवाह हो चुका है। जबकि दो बच्चे उसकी गोतनी के पास रहती है। महिला लगभग पांच साल पहले से रामगढ़ में एक व्यक्ति के साथ अवैध ढंग से पत्नी की तरह रह रही थी। उसका गांव में आना जाना नहीं था।

## करम परव महोत्सव सह यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व शहीदे आजम भगत सिंह क्लब, गोसी के द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत गोसी गांव में करम परब महोत्सव सह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रकृति का महापर्व करम पर्व हमारी संस्कृति की धरोहर है। भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। प्रकृति के प्रति लोगों का यही प्रेम, सम्मान और समर्पण या चलने को नृत्य और बोलने को संगीत बना देता है। झारखंड के हर गाँव में प्रकृति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, करम परब बहुत धूम धाम के साथ मनाया जाता है करम परब भादोर मास के 5 दिन का चाँद में उठाया जाता है। करम परब में मुख्य भूमिका करम डाली की होती है जिसमें पांच तरह के अन्न कुरथी, मूंग, चना, घांघरा, मटर जावा डाली में बुना जाता है सभी बहनें (करमैती) अपने अपने नाम की खूंटी जावा डाली में गाड़ती है और बहनें सुबह-शाम जावा डाली को गीत गाकर जगाती हैं और बहन अपने भाई के लिए सुख समृद्धि एवं लंबे उम्र की कामना करती है। खास बात यह है कि जिस दिन करम परब शुरूआत होती है उसी दिन से करमैती लोग बहुत परहेज के साथ अपना खाना पीना खातीं है करम परब में छोटी छोटी लड़कियां भी बहुत खुश रहती हैं।



# छावनी परिषद फुटबॉल मैदान में हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत छावनी परिषद फुटबॉल मैदान में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक अभियान झारखंड रांची सह नोडल पदाधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम झारखंड होमकर अमोल वीणुकांत ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर उन्हें गार्ड और ऑनर दिया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, सचिव डालसा अनिल कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बीरेंदर राम, अंचल अधिकारियों सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए।मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने सभी आम जनों को संबोधित करते हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी को शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनों व पुलिस प्रशासन के बीच की दूरियों को कम करना एवं लोगों में अपनी समस्याओं को लेकर थाना जाने में किसी भी प्रकार का डर अथवा भय ना हो यह विश्वास जागना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आप सभी का योगदान भी बहुत जरूरी है आप सभी अपनी किसी भी तरह की समस्या कार्यक्रम के दौरान संबंधित थाना अथवा प्रशासन के स्टॉल पर दे। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उन्हें पंजीकृत किया जा रहा है वही समस्याओं का तत्काल समाधान अथवा यथा संभव जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने में आवेदनों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। मौके पर उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने, पुलिस कार्य प्रणाली में बदलाव लाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने उपस्थित सभी को जीरो एफआईआर, सरकार की विभिन्न सेवाओं 112, 1930 साइबर हेल्पलाइन, नशे के व्यापार पर रोक, सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से अपराध में कमी आदि को लेकर सभी को जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत आपके द्वारा जो भी समस्याएं बताई जा रही है व आवेदन दिए जा रहे हैं उन सभी का पंजीकरण कर एक्नॉलेजमेंट नंबर जनरेट किया जा रहा है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आप सभी की समस्याओं को अंतिम रूप से समाधान करना है। मौके पर उन्होंने उपस्थित आमजनों से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का पूरा लाभ लेने व अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आदि के द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनों से आवेदन प्राप्त किए गए एवं उनका पंजीकरण किया गया। मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ स्टालों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों को यथासंभव ऑन द स्पॉट निष्पादित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति बिरसा चौक भुरकुंडा की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** हर साल की भांति इस साल भी भव्य दुर्गा पूजा मानने एवं तैयारी को लेकर श्री श्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा समिति बिरसा चौक, भुरकुंडा की ओर से एक अति आवश्यक बैठक मंगलवार को संध्या 4¬00 बजे से बिरसा चौक के श्री श्री दुर्गा माता मंडप के प्रांगण में रखी गई है जिसकी अध्यक्षता टिकेश्वर महतो और संचालन अजय साहू ने किया। इस बैठक में अशोक मिश्रा, प्रेम साहू, परमेश्वर राम, शंभू साहू, योगेश दांगी, अमित साहू, रामदेव कुशवाहा, राजेन्द्र मुंडा, रंकज कुमार, प्रेम कुमार, शंकर मांझी, आकाश साहू, गणेश, शैलेश, नरेश आदि उपस्थित थे।

### *करमा महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे गिरिडीह सांसद*

## 12 सितंबर को सिरु आरएनसी कॉलेज में होगा करमा महोत्सव, तैयारी पूरी : ब्रह्मदेव महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु बुध बाजार स्थित रिझु नाथ चौधरी मेमोरियल कॉलेज मैदान में 12 सितंबर को प्रखंड स्तरीय करमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, तैयारी पूरी हो चुकी है। झारखंड लोक संस्कृति का त्यौहार करमा महोत्सव को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं केंद्रीय सचिव आजसू के ब्रह्मदेव महतो ने जायजा लिया करम महोत्सव के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल होंगी। जबकि विशिष्ट अतिथि में रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो दुलमी प्रखंड प्रमुख रेणु देवी उप प्रमुख धर्मवीर महतो, पूर्व प्रधानाध्यापक राजनंदन महतो, महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गंगाधर महतो, कोषाध्यक्ष राजकिशोर महतो महाविद्यालय प्राचार्य लालचंद महतो, सिरू मुखिया वीणा देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी युवा नेता पियूष चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि कर्म पूजा हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ त्यौहार है। जिसे झारखंड के लोग काफी उत्साह के साथ मनाते हैं। इसे देखते हुए आजसू6 पार्टी द्वारा प्रखंड स्तरीय करम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन काफी भव्य के साथ ऐतिहासिक भी होगा। मौके पर उनके साथ राजकिशोर महतो, ब्रजनंदन महतो, रिझु महतो, राहुल महतो आदि उपस्थित थे।

## वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का युवाओं ने लिया संकल्प : पीयूष चौधरी

### *युवा आजसू वार्ड 04 की कमेटी गठित अभिषेक अध्यक्ष व ममता गोस्वामी बनी सचिव*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** युवा आजसू वार्ड नंबर 4 की बैठक प्राचीन दुर्गा मंडप मे संपन्न हुई। युवा आजसू की कमेटी का विस्तार हेतु आवश्यक बैठक रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी हृदय सम्राट पियूष चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा ज़िला सह प्रभारी सह छावनी परिषद के प्रभारी रोहित सोनी उपस्थित हुए।इसकी अध्यक्षता अजय पांडेय एवम संचालन नीतीश दांगी ने किया। इस बैठक पीयूष चौधरी ने कहा कि पूरे प्रदेश में आजसू पार्टी युवाओं को शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में हो या खेल के क्षेत्र में या अन्य कोई भी चीज में हमेशा प्रोत्साहन करने का काम किया है और आगे भी करती रहेगी। युवा एकजुट होकर वर्तमान सरकार की खामियों को उजागर कर उखाड़ फेकेंगे। रोहित सोनी ने कहा कि जिस तरह से युवा पांच वर्षो में छले गए है उसका हिसाब इस चुनाव में किया जायेगा।जिसमें नगर संयोजक सतीश कुशवाहा, अजय पांडेय, नीतिश दांगी, अजित गुप्ता, दीपू गुप्ता,जयप्रकाश मनकी, आनंद मुंडा, अमित कुमार उपस्थित रहे।वार्ड नं 04 युवा आजसू के अध्यक्ष अभिषेक रवानी सचिव ममता गोस्वामी उपाध्यक्ष अंकित कुशवाहा प्रदीप साव, रिया कुमारी,खुशी गोस्वामी,हिटलर करमाली, बिरबल करमाली कोषाध्यक्ष माला कुमारी सह सचिव रंजीत कुशवाहा। मीडिया प्रभारी शेखर मुंडा,भावन गोस्वामी संगठन मंत्री दिपक साव सभी मनोनीत पदाधिकारी को फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया और पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चर्चा की गई।

## जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा खोरठा विभाग ने मनाया करम महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के खोरठा विभाग ने बहुउद्देशीय भवन में करम महोत्सव सह विदाई समारोह धूम धाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खोरठा भाषा के विद्वान डॉ गजाधर महतो ने कहा कि करम त्योहार हमें यह संदेश देता है कि धन का घमंड नहीं करना चाहिए बल्कि जरूरत मंद को धन बांटना चाहिए, इसी तरह ज्ञान अगर बांटा न जाए तो वैसा ज्ञान किसी काम का नहीं। उन्होंने आगे कहा कि पेशेवर व्यक्ति अर्थात शिक्षक, डॉक्टर आदि को सेवा भाव से काम करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि करम प्रकृति का पर्व है और प्रकृति का यह पर्व हमें शिक्षा देता है कि प्रकृति ने हमें जैसा बनाया है हम वैसा ही रहें अर्थात बच्चा में हम छल कपट से पाक रहते हैं तो जीवन भर ऐसा ही रहें, दूसरो का नुकसान नहीं पहुंचाएं बल्कि दूसरे की भला करें और हमेशा विकास की ओर अग्रसर रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चितरपुर इंटर महाविद्यालय के पूर्व शिक्षक नागेश्वर महतो ने कहा कि कासी का फूल फूलना इस बात का संकेत है कि करम आया गया जो प्रकृति की उपासना का पर्व है। उन्होंने डॉ रामदयाल मुंडा के बातों को दुहराते हुवे कहा कि हमारा चलना ही नृत है और बोलना ही गीत है। मेहमान कलाकार हेमली कुमारी से प्रभावित होकर रामगढ़ महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो सरिता सिंह ने 1100 रूपिए और किशुन महतो ने 500 रुपिए दिया। कार्यक्रम में खोरठा विभाग के विद्यार्थी खोरठा गानों पर खूब थिरके, नाच, गाने, ढोल, मांदर पर अपना अपना कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को भरपूर मनोरंजन कराया।

## तीन फिट के गढ्ढे में गिर कर अब तक कई लोग हो चुके हैं जख्मी, प्रतिदिन हो रहा हादसा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**उरीमारी :** रामगढ़ और हजारीबाग जिला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के सीमावर्ती क्षेत्र सयाल स्थित भानू कॉलोनी के पास व दामोदर नदी पुल के समीप सड़क पर दर्जनों गढ्ढे बन गये है। जिसमें सयाल भानू कॉलोनी के समीप लगभग तीन फिट के गढ्ढा बन गया है। जिसमें प्रतिदिन दर्जनों मोटरसाइकिल सवार लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। भानू कॉलोनी के पास बने गड्ढे में बड़ी गाड़ियों को भी हानि हो रही है। बता दें कि बिते महिने में लगातार हो रही बारिश के कारण सयाल भानू कॉलोनी और उरीमारी दामोदर नदी पुल पर कई जगहों पर विशाल गढ्ढे बन गये है। वहीं इस गढ्ढे में प्रतिदिन दर्जनों लोग गिर कर गंभीर रूप से ज़ख्मी भी हो जा रहे हैं। वही महिना बितने के बाद भी इस गढ्ढे को भरने का अभी तक कोई भी प्रबंध नहीं किया गया है। वहीं इस गढ्ढे को समय रहते नहीं भरा गया तो और भी लोग इस गढ्ढे का शिकार होंगे। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन से उरीमारी पुल और सयाल भानू कॉलोनी के बने गड्ढे को भरने कि मांग कि है। जिससे लोग हादसे का शिकार ना हो।

## डाढ़ी मंडल भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** डाढ़ी मंडल भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष बसंत प्रजापति ने किया ,संचालन महामंत्री राजदीप प्रसाद ने किया । बैठक में मुख्य रूप से डाढ़ी प्रखंड के प्रभारी मुरारी सिंह उपस्थित हुए साथ ही साथ प्रमुख रूप से भाजपा नेता पुरुषोत्तम पांडे सर्वेश सिंह भी उपस्थित थे बैठक में मुख्य रूप से जिन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई वह बिंदु थे की हर बुथ में भाजपा के बूथ समिति का सत्यापन करना, दूसरा मुख्य रूप से जिन बिंदुओं पर चर्चा की गई वह था की वोटर लिस्ट से इस बात का सत्यापन करना कि क्या अपने कार्यकर्ताओं का अपने समर्थकों का नाम बूथ समिति वोटर लिस्ट में चढ़ा है या नहीं ,यदि नहीं चढ़ा हुआ है तो उसको चढ़ाने की प्रक्रिया करना या फिर अपने किसी समर्थक का वोटर लिस्ट से नाम कट गया है तो उसे लग कर पुनः चढ़वाना, पन्नो प्रमुखों का सत्यापन करना, और जरूरत के हिसाब से उसे बदलना, एवम हर बुथ पर मन की बात सुनना। इन सभी बिंदुओं पर सभी बुथ अध्यक्षों को और प्रभारी को विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है !! बैठक में तीसरा सबसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई और बूथ अध्यक्षों एवम प्रभारी को जिम्मेवारी दी गई की हर बूथ पर एक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण करना और जिस पर जिला और प्रखंड के प्रमुख लोगों को जोड़ना है !! अंत में बैठक में मुख्य रूप से सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से अपने प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व से मांग किया की मांडू विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़े और भारतीय जनता पार्टी का कोई समर्पित कार्यकर्ता चुनाव लड़े और भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पूरी तन मन धन से लगा करके मांडू विधानसभा का सीट भाजपा के खाते में डालने के लिए तत्पर है और पूरी निष्ठा से इस कार्य में लगेगा लेकिन किसी कीमत पर हम गठबंधन को बर्दाश्त नहीं करेंगे और ना ही एयर लिफ्ट किए गए कार्यकर्ताओं को बर्दाश्त करेंगे।


## खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन रामगढ़ ने जेपीसी को 2 लाख ईमेल करवाने का लिया फैसला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** वक्फ संशोधन बिल 2024 को लेकर मंगलवार को स्पाइस गार्डन थाना चौक रामगढ़ के सभागार में खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन रामगढ़ के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिले के ओल्माए केराम दानिशवरान व समाज सेवी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता डा मौलाना वाजिद अली सकाफी और संचालन खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन के महासचिव मुनौवर सैफी ने किया। ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी ने 14 तारीख से पहले देश के अल्पसंख्यकों से वक्फ संशोधन बिल 2024 के संबंध में मेल के ज़रिए राय मांगी है। जिसको लेकर बैठक किया गया। इस बैठक में सर्व सहमिति से निर्णय लिया गया की रामगढ़ जिले और आसपास के लोगों को खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन के सदस्य के द्वारा ज़िला का दौरा कर जेपीसी को मेल करने के लिए लोगो को जागरूक किया जाएगा एव जेपीसी को 2 लाख ईमेल कराया जाएगा। भारत के संविधान में मौजूद अल्पसंख्यक से जुड़े हुए अनुच्छेद को पुस्तिक का रूप देकर प्रकाशित किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित मुख्य रूप से संदीप कुमार, मौलाना अनवर हुसैन कादरी, मुफ्ती अब्दुल कुद्दस मिस्बाही, ज़मज़म फतेहपूरी, कारी अताउल, मुस्तफा रिज़वी, मौलाना इकबाल अहमद मिस्बाही, मौलाना सद्दाम हुसैन यज़दानी, कारी वसीम अकरम, सिद्दीकुल कादरी, मौलाना मुजीब मिस्बाही, मौलाना महबूब अल्वी, मौलाना निसार आदि उपस्थित थे।


## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान जनता को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, जिप सदस्य,पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा मुखिया चुडगी देवी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य आम जनता को पंचायत स्तर पर योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीण जनता से अपील की कि वे इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएं और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करें।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ कर्मियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना द्वारा गोंद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, और लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री किशोरी स्मृति योजना, और अन्य सामाजिक योजनाओं के लिए फार्म भी वितरित व स्वीकृति दी गई।

## विधायक ने 6 किलोमीटर तक सड़क सुदृढ़ीकरण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़की पोना पंचायत में करोडो की लागत से बनने वाले सड़क का रामगढ़ विधायक ने किया शिलान्यास, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ करण योजना अंतर्गत ह्य 23 नया मोड़ से दुलमी प्रखंड के सिरु गांव निर्माण होने वाले 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा, विधायक द्वारा शीलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया गया तत्पश्चाप उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बरसों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी सड़क निर्माण कार्य को होने से दो प्रखंडों को जोड़ने का काम करेगा, एवं आवागमन में आम ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिल जाएगी विशेष करके बड़की पोना एवं जान्हे, सिरु के लोगों को सड़क मार्ग से बहुत अधिक आवा जाहि में सहूलियत मिल सकेगी, सड़क निर्माण कार्य संवेदक गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण का कार्य हो, निर्माण में अनियमितता कार्य होने पर होगी सीधी कार्रवाई पर सड़क का पूर्ण निर्माण होने के बाद चितरपुर और दुलमी प्रखंड के लिए सेतु का काम करेगा तथा लोगों को आवागमन करने में मिलेगी बेहतर सुविधा इस मौके पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवाकर नायक भानु प्रकाश महतो पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह, रमेश दांगी ,अमित दांगी संवेदक सहित भारी संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे

### डीआईजी अनुप बिरथरे ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कहा

# लोहरदगा में पुलिस और जनता के बीच समन्वय बेहतर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पुलिस विभाग की ओर से आज नया नगर भवन, लोहरदगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दक्षिणी छोटानागपुर, रांची के डीआईजी अनुप बिरथरे ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डीआईजी,दक्षिणी छोटानागपुर,रांची ने कहा कि कार्यक्रम में आमजनों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी देख यहां आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय का पता चलता है। पुलिस विभाग की ओर से सभी जिलों में आज जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य आमजनों से शिकायत प्राप्त करना व उसकी सतत् निगरानी करना, शिकायत को टैऊक्र करना, हर शिकायत की समीक्षा करना,लोगों के बीच डायल 112 व 1930 जैसे नंबरों की जानकारी देना आदि है। डायल



112 पर डायल कर किसी भी प्रकार की समस्या को आप बिना थाना गये दर्ज करा सकते हैं। डायल 1930 पर साइबर क्राईम से संबंधित मामलों की शिकायत की जा सकती है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम अंतर्गत 9470546635 पर भी आमजन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सरकार द्वारा आम लोगों के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जो प्रत्येक माह आयोजित होता रहा है। प्रखण्ड और अनुमण्डल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

**एफआईआर दर्ज नहीं होने पर थाना प्रभारियों पर होगी कार्रवाई**

डीआईजी ने कहा कि जो थाना प्रभारी अपने थानों में एफआईआर दर्ज नहीं करेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। जब भी कोई शिकायत लेकर आए तो उससे संबंधित एफआईआर जरूर दर्ज होनी चाहिए। आपके थाना का मामला नहीं हे तो भी शून्य एफआईआर दर्ज करते हुए संबंधित थाने को उसकी एफआईआर भेज दें लेकिन उस व्यक्ति को लौटाया ना जाए।

**साईबर क्राईम थाना के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव**

डीआईजी ने कहा कि लोहरदगा जिला में साईबर क्राईम थाना के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। साईबर थाना के लिए लोहरदगा जिला से कई प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जिला में जो पीसीआर वैन खराब पड़े हैं उन्हें ठीक कराया जाएगा या आवश्यकता पड़ने पर नये वाहन की खरीद की जाएगी और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

**महिलाओं की शिकायत सभी थानों में हो दर्ज**

डीआईजी ने कहा कि महिलाओं की शिकायत सभी थानों में दर्ज होनी चाहिए ना कि सिर्फ महिला थाना में। इसी तरह एसटी/एससी मामले भी सभी थानों में दर्ज होने चाहिए।

**सभी के सहयोग से कम हुआ नक्सलवाद एवं उग्रवाद**

लोहरदगा जिला में नक्सलवाद और उग्रवाद सभी के सहयोग से कम हुआ है। एक समय लोहरदगा जिला में यह समस्या बहुत अधिक थी। इसके प्रभाव को कम करने के लिए कई लोगों ने अपने प्राण न्यौछावर किये। अब यह समस्या कम हो चुकी है तो पुलिस का कार्य सोशल पुलिसिंग की तरफ ज्यादा बढ़ गया है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आम लोगों और पुलिस के बीच के संबंध को और विश्वसनीय बनाने के लिए चलाया जा रहा है। आप जब कोई शिकायत दर्ज कराएंगे तो उसकी की संख्या जेनरेट होगी। उसके बाद उसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। जो भी शिकायत प्राप्त होगी उसका समाधान किया जाएगा। आप अपनी शिकायत मोबाईल नंबर (9470546635) एवं ईमेल (Janshikayat.ldg@jhpolice.gov) से भी दर्ज करा सकते हैं। आप जो भी शिकायत दर्ज करायें उसकी पावती रसीद अवश्य प्राप्त करें। आज के कार्यक्रम में डीएसपी समीर तिर्की, सभी थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार समर्ग शिक्षा अंतर्गत खेलो झारखंड 2024-25 का हुआ अयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में स्कूली शिक्षा एव साक्षरता विभाग झारखंड सरकार समर्ग शिक्षा अंतर्गत खेलो झारखंड 2024-25 का अयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में प्रखण्ड प्रमुख विपिन पंकज मिंज विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू मोहम्मद वहीद उपस्थित हुए। इस खेल में मुख्य प्रतियोगिता एथलेटिक्स, कबड्डी, बॉलीबॉल तीरंदाज फुटबाल हॉकी अयोजन किया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन से और अधिक खिलाड़ी उभर के सामने आएगे। देश दुनिया मे परचम लहरायेंगे। सिमडेगा का नाम रौशन करेंगे। राज्य सरकार खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के साथ साथ नौकरी देने का काम कर रहे है। खिलाड़ियों को पूरा सम्मान देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा में लगातार निखार लाएं। आप बेहतर खिलाड़ी है तो आपको आसानी से नौकरी मिल



जाएगी। झारखंड सरकार ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।विद्यार्थी जीवन में तो शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। पढ़ाई एवं खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है। खेल-खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। युवा वर्ग छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करें। कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार और विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी भी खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। मौके पर मौजूद शिक्षक तापेश्वर भगत, राजेश कुजूर, गोल्ड मिल्टन बाड़ा, विजय सोरेंग, नेल्सन मुंडू, मियुस डुंगडुंग, निर्मल बड़ा, अतुल केरकेट्टा, बसंत तिर्की, रजत टेटे, संजय कुमार, विजय कुमार पाण्डेय, डेविड कांडूलना, पत्रिक केरकेट्टा, आदि उपस्थित थे।

## गणेश चतुर्थी पूजा के बाद सभी पंडालों में महाआरती का आयोजन, जुटे हजारों श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बजरंग दल के द्वारा सोमवार को संध्या आरती अमला टोली गणेश पूजा समिति के द्वारा भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के युवामोर्चा प्रदेश महामंत्री अजातशत्रु एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू थे।जिसमें संध्या के आरती के समय हजारों की संख्या में सनातन धर्म के युवा संध्या आरती में शामिल हुए और महिलाएं भी बच्चों भी इस महा आरती में शामिल होकर गणपति बप्पा मोरया का जयकारा से पूरा शहर गूंज उठा।इस महाआरती में भाग लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला बजरंग दल बड़ा तालाब गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष राज साहू ने



कहा कि हर साल की भांति इस साल भी गणेश पूजा बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम में शामिल होना बहुत ही सौभाग्य की बात है और मैं यहां आकर अपने आप को सौभाग्य मान रहा हूं। शहर के बीचो-बीच वाल्मीकि नगर में भी गणेश पूजा बड़ी ही धूमधाम से किया गया। जिसके मुख्य अतिथि लोहरदगा योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर थे तथा विशिष्ट अतिथि रीता पांडे थी। भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि अब पूरे शहर में गणेश पूजा बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है जिसमें पुलिस प्रशासन की सतर्कता से पूजा हर जगह अच्छे से संपन्न हो रहा है।

## आदिवासियों की संस्कृति प्रकृति की गोद से उपजी है : सुनिता उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी समाज की महिला कार्यकर्ता और झारखंड पीपुल्स पार्टी की लोहरदगा जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुनीता उरांव ने सभी लोहरदगा वासियों को कर्मा पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि आदिवासियों की संस्कृति प्रकृति की गोद से उपजी है। इसलिए हमारा जन-जीवन, कर्मा, सरहुल जैसे पर्व-त्योहार सभी धार्मिक अनुष्ठान जल, जंगल, नदी, पहाड़, पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के जीवन से जुड़ा हुआ है। सुनीता उरांव ने कहा कि हम उरांव जनजाति के लोग प्रोटो ऑस्ट्रिया प्रजाति के माने जाते हैं और द्रविड़ समुदाय से आते हैं। हमारे पूर्वज सबसे पहले दक्षिण भारत में निवास करते थे परंतु कालांतर में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद वे सिंधु घाटी की ओर चले गए इसलिए सिंधु घाटी सभ्यता से भी हमारा जुड़ाव माना जाता है । हमारे प्रमुख देवता महादेव (शिव) हैं, जिन्हें



हम धर्मेश के नाम से पूजते हैं। इनके अलावा हम अन्य देवी-देवता, पूर्वजों और आत्माओं की भी पूजा करते हैं। कर्मा पर्व के अवसर पर करम पेड़ की डाली और सरहुल पर्व के अवसर पर साल (सखुवा) के फूल की पूजा करना हमारी परंपरा एवं पूजा पद्धति में शामिल है। उन्होंने कहा कि उरांव जनजाति के लोगों की सामाजिक शासन व्यवस्था के प्रमुख महतो और पहान-पूजार होते हैं। रोहतासगढ़ से हमारी शासन व्यवस्था कायम होती रही है। धूम कुड़िया का हमारी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। सुनिता उरांव ने बताया कि उरांव जनजाति में कुल 14 गोत्र जिसमें लकड़ा, रफंडा, गारी, बांडी, किस्पोट्टा, तिर्की, टोप्पो, एक्का, खलखो, लिंडा, मिंज, कुजूर, बेक, और किस्पोट्टा है। ये सभी गोत्र किसी न किसी पशु-पक्षियों के नाम से जुड़े हैं। हम अपने गोत्र में कभी भी शादी-विवाह नहीं करते। मां के गोत्र में भी तीन पीढ़ी शादी विवाह वर्जित है।उन्होंने कहा कि उरांव शब्द का अर्थ होता है घूमना। हमारा यह जनजाति अपना जीवन एक स्थान से दूसरे स्थान घूमते हुए बिताया करता था। शिकार करना हमारे समुदाय का पेशा था जो बाद में चलकर कृषि में परिवर्तित हो गया और आज हमारा जीवन का मूल आधार कृषि ही है। वर्तमान समय में उरांव जनजाति के लोग झारखंड बिहार असम बंगाल छत्तीसगढ़ उड़ीसा मध्य प्रदेश आदि स्थानों में बड़ी संख्या में निवास करते हैं तथा नदी, पहाड़, जल, जंगल, पेड़-पौधे और पशु-पक्षी से अटूट संबंध रखते हुए अपनी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहते हैं।

## शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का दल राज्यस्तरीय बूट कैंप हेतु जमशेदपुर के लिए हुए रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएम श्री विद्यालयों के चयनित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का दल राज्यस्तरीय बूट कैंप हेतु जमशेदपुर रवाना। जमशेदपुर में नवाचार डिजाइन उधमशीलता विषय पर दिनांक 11 एवं 12 सितंबर को इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज जमशेदपुर में दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें पीएम राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा के शिक्षक राहुल कुमार छात्र गौतम कुमार महतो,के जी बी भी सेन्हा के शिक्षक प्रेमदानी कुजूर छात्रा आजादी प्रवीण,के जी बी भी कि किस्को के शिक्षक नीलम डांग छात्रा अंकिता कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी शिक्षक खुश्मारेन तिर्की छात्रा नफीसा परवीन भाग लेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास चंद्रमौ लेश्वर, एडीपीओ अंबुजा कुमार पांडेय, एडपीओ अशोक कुमार पांडेय एवं प्राचार्य अरुण राम ने सभी को शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में हुआ एकदिवासीय प्रधानाचार्य कार्यक्रम

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कक्षा नवम की छात्रा बहन शिखा कुमारी को विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ का एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। उनके आगमन पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।सभी आचार्य-आचार्या और किशोर एवम कन्या भारती के भैया-बहनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।तत्पश्चात् राजेन्द्र साहू ने प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठाया। उसके बाद आचार्यों का पाठ योजना में हस्ताक्षर की और वंदना सभा में दीप प्रज्वलित कर भैया/बहनों को संबोधित की एवं प्रत्येक कक्षा में जाकर कक्ष निरीक्षण की।कई अभिभावक समिति के पदाधिकारी भी मिलने आए और सकारात्मक चर्चा हुई और कक्षा दशम में इंग्लिश पढ़ायी और आज के समय में इंग्लिश के महत्व को समझायी।किशोर भारती कन्या भारती के भैया-बहनों के साथ बैठक कर अपने विभाग का सफल संचालन का निर्देश दिया गया।अंत में आचार्यों के साथ बैठक हुई जिसमें आज के प्रधानाचार्य द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया।बैठक में सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित थे और बहन शिखा कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया।



## कैरो प्रखंड भाजपा के द्वारा प्रखंड के सभी बूथों में बूथ प्रभारियों एवं पन्ना प्रमुखो का किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अगुआई में एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा ईन दिनो लगातार आगामी विधानसभा चुनाव के निमित पार्टी की सभी बूथों में जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सशक्त बूथ कमिटी, बूथ प्रभारी, पन्ना प्रमुखों का नये सिरे से किया जा रहा है गठन। प्रखंड के हनहट, सढाबे, कैरो, गुड़ि, गजनी, नरौली, सभी 06 पंचायत के 37 बूथों मे पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथ क्षेत्रो मे जा-जाकर किया जा रहा है शसक्त बूथ कमिटी का निर्माण। इस अवसर पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने कहा कि प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार पार्टी के सभी कार्यकर्ता शसक्त बूथ कमिटी निर्माण कर केंद्र के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं केंद्र सरकार के उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाये, वही राज्य के हेमंत सरकार के विफलताओं को भी जन जन तक पहुंचाने की आवश्यक्ता है। मौके पर मोहन साहू, विशेश्वर दीन, विवेक प्रजापति, मनोज साहू, कुलदीप सिह, गोविंद महतो, नसीर आलम, इत्यादि के द्वारा बूथ क्षेत्र जा-जाकर शसक्त बूथ कमिटी का किया जा रहा है निर्माण।

## कैरो भजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में संकल्प पत्र अभियान का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई में मनलवार को कैरो मुख्य चौक से भाजपा पार्टी का संकल्प पत्र अभियान का सुरुआत किया गया। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने भा ज पा का संकल्प पत्र को भरकर अपने अपने विचार पेटी में डाले।मौके पर मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, पार्टी के कार्यकर्ताओं व आम लोगो से राय लेकर झारखण्ड के लिए अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी ताकि जनता की समस्याओं को दूर किया जा सके। भारतीय जनता पार्टी अपने विचार से नही बल्कि जनता के विचार से आगे बढ़ना चाहती है। भाजपा का संकल्प पत्र कायक्रम प्रखण्ड के सभी गांव पंचायतों तक चलेगी। मौके पर जिला मंत्री कैलाश महतो, प्रखण्ड प्रभारी राजकिशोर साहू, प्रखण्ड उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति, गोविंद महतो, नासिर आलम, काली साहू, मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, राधे साहू, अनिल ठाकुर, सुखन उरांव, जलज सिंह, संजय महली आदि उपस्थित थे।

## डेढ़ साल बाद सरखुटोली गांव से दूर हुआ अंधकार, गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता मार्गेट बा पिंकी के अथक प्रयास से पाकरटांड प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत सरखुटोली गाँव मे नया ट्रान्सफार्मर लग गया। डेढ़ साल से ट्रान्सफार्मर खराब होने के कारण अंधेरा में गांव था। नया ट्रान्सफार्मर का उदघाटन मार्गेट बा पिंकी सहित ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों में नया ट्रान्सफार्मर लग जाने से उत्साह देखा गया। साथ हीं गाँव वालों ने मार्गेट बा पिंकी का आभार व्यक्त किया। कहा कि आज से पहले इतनी जल्दी गाँव की समस्या का समाधान होते नही देखा। आज आपके सहयोग से हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारे गाँव मे पुनः बिजली आ गई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता ने बिजली विभाग की सराहना की, कहा कि गांव की बिजली समस्या को दूर करने में कार्यपालक अभियंता ने ग्रामीणों का सहयोग किया। आगे कहा कि गांव की समस्या को दूर करने के लिए हमेशा मैं प्रयासरत रहूंगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते हीं, सुदूरवर्ती गांव तक बिजली समस्या से निजात दिलाने का कार्य किया जाएगा। सरखुटोली गांव में लंबे समय के बाद यहां के ग्रामीणों को अंधेरे से अब मुक्ति मिल गई है।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक में जमताई पंचायत का हुआ विस्तार



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बानो प्रखंड के जमताई पंचायत में हुरदा सामुदायिक भवन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नगेंद्र सिंह और प्रखंड उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो ने की। बैठक में JBKSS/JLKM के विचारों और जयराम दादा की विचारधारा पर चर्चा की गई। सभी ग्रामीणवासी सहमत हुए और पंचायत स्तर पर ग्राम कमेटी का गठन किया गया। ग्राम कमेटी में बिसमबर पाईक को पंचायत अध्यक्ष, मोतीलाल बड़ाईक को पंचायत उपाध्यक्ष, महिंदर साहू को पंचायत सचिव, और भीष्म साहू को पंचायत उप सचिव बनाया गया। बीरेन्द्र साहू को सदस्य ग्रह किया गया। बैठक में पुनीत सिंह, अजित लुगून, लक्ष्मीनाथ सिंह, कमलेश सिंह, और बीरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## खेल शारीरिक और मानसिक रूप से शरीर को स्वस्थ बनाता है : सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** खेलो झारखंड 2024-25 जिला स्तरीय चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिन्दू और कैथोलिक मध्य विद्यालय, कैमो लोहरदगा के खेल मैदान में क्रमशः अंडर 14,अंडर 17 और अंडर 19 बालक और बालिका वर्ग के सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिता और हॉकी तथा फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 14 एवं 19 का आयोजन दिनाँक 09 से 12 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है। खेल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य बनाता है और आज के युग में खेल एक बेहतर कैरियर विकल्प भी हो सकता है। उक बातें डीएसई सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर ने कही। जिला स्तरीय खेलो झारखंड अंतर्गत प्रथम और द्वितीय चरण के खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए अम्बुज्य कुमार पांडेय, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के द्वारा कहा



गया। उन्होंने कहा कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल छात्रों के मानसिक शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। उक्त अवसर पर अशोक पांडेय, एपीओ ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का भाव लाता है। खेल में भागीदारी होने से खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होते हैं। विश्वदीपक झा, एपीएम सह प्रभाग प्रभारी, खेलो झारखंड ने कहा कि खेल में जीतना और हारना दोनों एक खुशहाली का हिस्सा है, महत्वपूर्ण है आपकी आत्मविश्वास और सामर्थ्य। खिलाड़ी कभी भी हार से डरकर हार को दिल पर मत लेना। जरूरी है हार से सीखना क्योंकि अच्छे खिलाड़ी भी कभी कभी शून्य पर आउट हो जाते है। सफलता का सबसे बड़ा राज़ है की निरंतरता के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहना। नई शिक्षा नीति में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी महत्व है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खिलाड़ियों का उदाहरण स्वरूप नाम लेते हुए बताया कि इन्होंने खेल के माध्यम से ही अपनी मंजिल को प्राप्त किया है। खेल कूद के माध्यम से भी कैरियर बनाया जा सकता है, बशर्ते मन लगाकर किसी भी काम को करने की जरूरत है।?खेलो झारखंड अंतर्गत तृतीय और अंतिम चरण में अंडर 14/17/19 बालक वर्ग का एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### भाजपा नगर मंडल की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर हुई चर्चा

## कार्यकर्ताओं के बलबूते झारखंड में बनेगी भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार : प्रवीण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा नगर कमेटी की बैठक मंगलवार को बक्सीडप्पा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई इसकी अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधान परिषद सह बिशुनपुर व सिसई विधानसभा चुनाव प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह मौजूद थे। आयोजित इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को और भी सशक्त बनाने पर बल दिया गया। मौके पर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के बलबूते ही हम चुनाव में विजय हासिल करते हैं। और आगामी विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर निश्चित तौर पर भाजपा चुनाव जीतेगी साथ ही झारखंड में एक बार फिर भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा है कि



संगठन में पदाधिकारी का आना-जाना लगा रहता है। पार्टी में आये नए लोगों का भी स्वागत करना चाहिए। नए लोग नयी ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे नए लोगों के जोश के साथ-साथ पुराने व समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं के होश के बलबूते संगठन को और भी सशक्त बनानी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पार्टी के हर एक कार्यकर्ताओं का सिर्फ एक ही लक्ष्य होना चाहिए की कैसे चुनाव में की जीत सुनिश्चित हो सके। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भी बेबाकी के साथ अपनी समस्याएं रखी तथा इसके निराकरण के साथ पार्टी हित मे कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में मुख्य रूप से राज किशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, मदन मोहन पाठक, अशोक खत्री, विनोद राय, बिंदेश्वर उरांव, नवीन कुमार टिंकू, अजय पंकज, आजाद शत्रु, संजय कुमार, विमल कांत, राजकुमार वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, बाल्मीकि कुमार, रिंकू वर्मा, रामावतार बर्मन, सत्यम कुमार, पहलवान सिंह, राम खेलावन प्रसाद, प्रमोद वर्मा, मनोरंजन प्रसाद साहू, विकास कसकर, दिलीप ठाकुर, अमरेश भारती, अजय शाहा, शंकर प्रजापति, बजरंग करूवा, अनूप वर्मा, मनोरंजन प्रसाद, रानू गुप्ता, परनीत जयसवाल, अरुण कुमार साहू, मधु देवी, मनीषा देवी सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संजय बर्म्मन ने पुलिस अधीक्षक को ध्वनि प्रदूषण से निजात पाने को लेकर सौंपा मांग पत्र

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में मंगलवार को लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय कुमार बर्म्मन ने पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जिले में बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण से निजात पाने के संदर्भ में पत्र सौंपा है जिसमे जिले में ध्वनि प्रदूषण से विशेष कर रोगी तथा छात्र व आमजन परेशान, बेहाल व विचलित हैं।जिनमें प्रमुख कारण को निम्नलिखित तौर पा बताया गया है। जिसमे बैंक्किट हॉल, होटल, धर्मशाला आदि स्थलों में शादी- विवाह, मैरिज एनिवर्सरी, बर्थडे पार्टी, मैरिज रिसेप्शन आदि निजी उत्सवों में डी.जे.आर्केस्ट्रा, म्यूजिक सिस्टम आदि लगाकर देर रात तक हाई वॉल्यूम में बजाकर उस क्षेत्र में रहने वाले छात्र हो या मरीज सभी लोगों को विचलित कर देते हैं।इन स्थानों के अतिरिक्त छोटे-मोटे व्यक्तिगत आयोजनों में लोग अपने आवास के बाहर कान फोड़ू जनरेटर तथा कई बार खुला साइलेंसर जनरेटर रात भर चला कर छोड़ दिया जाता है। जिससे उसके आस पास के रहने वाले लोग ध्वनि तथा वायु प्रदूषण से परेशान हो जाते है।तथा राजनीतिक, सामाजिक आदि कार्यक्रमों में लाउडस्पीकर लगाकर तीखी आवाज में बजाने से लोग असहज हो जाते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### एआईएमआईएम का खुरी पंचायत कमिटी गठित



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एआइएमआइएम चिनिया प्रखंड के खुरी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। गठित कमिटी में दानिस अंसारी को अध्यक्ष बनाया गया। इस संबंध में एआईएमआईएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रवक्ता सह चिनिया प्रखंड के प्रभारी अब्दुल रहमान अंसारी, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी व हसनैन मंसूरी ने खूरी पंचायत का चुनाव कराया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष दानिश अंसारी को बनाया गया। जबकि महासचिव अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष अनवर अंसारी, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, उपाध्यक्ष पुन्नू लाल यादव, सचिव राधेश्याम यादव को बनाया गया। इसके अलावे शिवदास यादव, सुरेंद्र यादव व जगनारायण चौधरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर वसीम अंसारी, नंद कुमार, पूरन चंद्र, बाली, सिकंदर पासवान, राहुल साह, उदय प्रजापति, नौशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### मणिपुर हिंसा को लेकर अलर्ट मोड में केंद्र सरकार

**मणिपुर।** मणिपुर हिंसा ने अब और भी भयानक रूप ले लिया है, जगह-जगह लोगों के प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच केंद्र ने जातीय संघर्षग्रस्त मणिपुर में सुरक्षा कर्तव्यों के लिए लगभग 2,000 कर्मियों वाली दो नई सीआरपीएफ बटालियनों की तैनाती का निर्देश दिया है। बटालियन नंबर 58 को तेलंगाना के वारंगल से जबकि 112 नंबर वाली बटालियन को झारखंड के लातेहार से भेजा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि पहली इकाई का मुख्यालय मणिपुर के कांगवई (चुराचांदपुर) में होगा, जबकि दूसरी इंफाल के आसपास तैनात की जाएगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य हिस्सों में परिचालन कर्तव्यों के लिए मणिपुर से असम राइफल्स की दो बटालियनों की वापसी के बाद इस कदम का आदेश दिया गया है।



# भवनाथपुर की राजनीति में समाजवाद संघर्ष और राज परिवार की छाया

श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र

**भवनाथपुर** : झारखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र राजनीतिक रूप से जागरूक रहा है,परंतु यहां के लोगों ने चुनावी राजनीति में दलीय राजनीति से ज्यादा ग्लैमर और संघर्ष को मताधिकार के प्रयोग में महत्व दिया है। यही कारण है कि इस विधानसभा चुनाव क्षेत्र से जहां एक ओर नगर उटारी गढ़ परिवार की राजनीति भी चली, वहीं दूसरी ओर समाजवादी विचारधारा की भी खूब संघर्ष दीखा।भवनाथपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र के राजनीति को ग्लैमर एवं समाजवाद के संघर्ष का स्वरूप के चर्चा के दौरान समाजवादी नेता स्वर्गीय लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के संदर्भ में उनके साथ राजनीति किए बुधन पाल बताते हैं कि 1969 में नगर उंटारी गढ़ परिवार के ग्लैमर की राजनीति को पहली बार चुनौती देते हुए लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती संसोपा दल से विधायक बने थे। बतौर बुधन पाल तब लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती की छवि एक ऐसे संघर्ष शील एवं जुझारू नेता की बनी थी, जिनके संघर्ष के दिनों में भाषण सुनने के लिए दो चार सौ लोगों की भीड़ नुक्कड़ पर देखते हीं देखते लग जाती थी। बताया जाता है कि उन्हें संघर्ष की काफी कीमत भी चुकानी पड़ी थी।उन्हें पुलिसिया यातना भी दिया गया था पर लोकतंत्र की जीत हुई और भवनाथपुर के मतदाताओं ने जन मानस के लिए संघर्ष करने वाले लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती को पहली बार गढ़ परिवार के शंकर प्रताप देव (जो दो बार के विधायक थे) उन्हें राजनीतिक रूप से चुनौती दिया। हालांकि लोग बताते हैं कि लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती की राजनीति तूफान की तरह भवनाथपुर के जमीन पर आई और 1969 से 72 तक 3 साल विधायक बनने के बाद ऐसी ठंड पड़ गई कि संसदीय राजनीति में दोबारा उन्हें सफलता हांथ नहीं लगी।परंतु किस्मत भी कोई चीज होती है क्योंकि लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के राजनीतिक जीवन में एक वैसा चमत्कारी पल भी भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को देखने का अवसर मिला।जब 2004 में इस क्षेत्र से नौजवान संघर्ष मोर्चा से विधायक बने भानु प्रताप शाही ने मुकदमा के कारण खुद मंत्री बनने में आए कानूनी बाधा को देखते हुए मधु कोड़ा सरकार में अपनी मंत्री की कुर्सी सुरक्षित रखने के लिए अपने पिता लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती को स्वास्थ्य मंत्री बना दिया और जैसे ही जेल से बाहर आए योजना के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी पर बैठ गए।

### 1990 के बाद दिखने लगा बदलाव

1990 के बाद इस क्षेत्र की राजनीति परिस्थिति में व्यापक बदलाव देखने को मिला। आजीवन गढ़ परिवार के खिलाफ राजनीति करने वाले गिरिवर पांडेय को संघर्ष का उपहार मिला और वे 1990 में इस क्षेत्र से विधायक चुने गए। स्व. पांडेय विधायक रहे और मंत्री भी बने। वर्ष 2090 का वह चुनाव जब साधनहीन गिरिवर पांडेय के पास एक साइकिल तक नहीं था। जिसने वोट दिया उसी ने चंदा दिया और भवनाथपुर के मतदाताओं ने ही चंदा के सहारे मामूली चुनावी खर्च से चुनाव जीता दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव जीतने के बाद गिरिवर पांडे य के पास इतना पैसे नहीं थे कि वे गढ़वा से विजय जुलूस निकालकर भवनाथपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में लौटे। विधायक का सर्टिफिकेट मिलने के बाद तब कहीं चंदा के सहारे संसाधन जुटाया गया और वे विधायक का सर्टिफिकेट लेकर नगर उंटारी के लिए लौटे। वैसे भी संघर्ष शील नेता की इस क्षेत्र के मतदाताओं ने कितना महत्व दिया इसका आकलन स्वर्गीय गिरिवर पांडेय के निधन के दिन देखने को मिला। उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ कराने के अडचन में स्वर्गीय पांडे य की मौत के बाद उनके गांव में हजारों लोगों की भीड़ घंटो चिलचिलाती धूप में तब तक जमी रही, जब तक उनका राजकीय सम्मान के साथअंत्येष्टि नहीं किया गया। वैसे पलामू प्रमंडल के किसी भी बड़े से बड़े नेता के लिए अब तक न तो देखा गया, न ही सुना गया। इससे समझा जा सकता है कि संघर्ष को भवनाथपुर की जनता कितना सम्मान देती है।

### समाजवाद का भी रहा बोलबाला

संघर्ष की राजनीति में यहां पर समाजवादियों ने अच्छी खासी सफलता पाई।लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के बाद 1977 और 2000 में रामचंद्र केसरी, स्वर्गीय गिरिवर पांडेय तथा 2004, 2014 और 2919 में भानु प्रताप शाही इस क्षेत्र से विधायक चुने गए। भवनाथपुर के राजनीति में स्थापित हो चुके भानु प्रताप शाही कि संघर्ष को कौन नहीं जानता। इन्होंने भी जनता के सवाल पर नौजवान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले लंबा संघर्ष किया। इस संघर्ष के दौरान उन्हें भी पिता की तरह पुलिस के जुर्म का सामना करना पड़ा। इन परभी नक्सली होने के भी आरोप लगे, अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट के तहत फसाया गया। एक दर्जन से ऊपर मुकदमा कर इन्हें राजनीति से रोकने की कोशिश की गई। किंतु भवनाथपुर के मतदाताओं ने इन्हें सर आंखों पर बैठाया 2004 में विधायक का चुनाव जिताया।2014 से लगातार दो बार से विधायक हैं। 2024 के चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र की राजनीति किस दिशा में करवट लेगा। यह तो वक्त तय करेगा किंतु अभी से जिस हिसाब से भवनाथपुर में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा राजनेताओं के बीच दिख रही है। इससे यह कहना अन्यथा नहीं होगा कि इस बार भी भवनाथपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में मुकाबला रोचक होने वाला है।




### राज परिवार का हुआ राजनीति में एंट्री

बाद के दिनों में इस क्षेत्र की राजनीति का रसूख भी बदला और गढ़ परिवार के लोगों की राजनीति करने की शैली भी, विशेषकर गढ़ परिवार के अनंत प्रताप देव के राजनीति में इट्री के बाद राजनीति पूरी तरह से बदल गई और जन सरोकार को लेकर संघर्ष करने के मामले में अनंत प्रताप देव भी लगातार सक्रिय रहे। नतीजा रहा की 2009 के चुनाव में भवनाथपुर की जनता ने उन्हें भी सिर आंखों पर बैठाया तथा यहां तब के मंत्री भानु प्रताप शाही के बंद गाडी के काले शीशे की श्री शाही के विरोधियों ने खूब इस्तेमाल किया। जिससे भानु प्रताप शाही के संघर्षशील छवि पर आंच लगाई जा सके।

### संघर्षशील नेता को जनता ने लगाया गले

2009 का चुनाव में दलीय राजनीति से ज्यादा जनता के सवाल पर संघर्ष करने वाले नेता हीं यहां के मतदाताओं की पसंद रहा हैं। इसका आकलन इससे भी किया जा सकता है कि 2005 से पहले 15 वर्षो तक एकीकृत बिहार के लालू राज में यहां से डॉक्टर यासीन अंसारी तथा बसंत प्रसाद यादव जैसे नेताओं को लालटेन के सिंबल पर भी सफलता हाथ नहीं लगी और उन्हें राष्टीय जनता दल के चलती में भी यहां की जनता ने पसंद नहीं कर यह जता दिया की भवनाथपुर के लोग उसे ही पसंद करते हैं। जो उनके साथ जमीन से जुड़ा रहता है। तात्पर्य यह कि 1969 के बाद से भवनाथपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में ग्लैमर की राजनीति में जो विराम लगी,वह संघर्ष का स्वरूप ले लिया। लिहाजा जिन जिन नेताओं ने भवनाथपुर के मतदाताओं के लिए संघर्ष किए उन्हें ही यहां के मतदाताओं ने चुनकर विधानसभा तक पहुंचाया।

# झारखंडी युवाओं की नौकरी खा गई भाजपा : मिथिलेश ठाकुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत प्रतापपुर पंचायत के आधा दर्जन गावों में जनसंवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से रू-ब-रू होते हुए उनके समस्याओं की जानकारी ली। मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान भी किया। शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। इस दौरान मंत्री ने प्रतापपुर पंचायत के गटियाही आम के समीप पतसा मस्जिद बर पेड़ के समीप, पतसी गांव में देवी धाम के समीप, प्रतापपुर में मदरसा के समीप तथा दरमी गांव में मस्जिद के समीप जनसंवाद का आयोजन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में चलायी जा रही जनोपयोगी योजनाओं एवं राज्य के विकास को रोकने के लिए भाजपा एड़ी चोटी एक कर रही है। बहन-बेटियों को मिलने वाली मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ रोकने के लिए भाजपा ने कोर्ट में याचिका दायर कर दी। हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं को नौकरी देने के लिए नियोजन निति लागू की। जिसमें झारखंडी युवाओं को नौकरी देने का प्रावधान था। इसके खिलाफ भी भाजपा ने कोर्ट में केस कर रोक लगवा दिया। भाजपा झारखंडी युवाओं की नौकरी खा गई। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अफजल, आकिब, मोहन, मुस्तफा, रिंकु, साबिर, अबदुल्लह, कमालु, अजय शर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### हर रोज बढ़ रहा है झामुमो परिवार

गढ़वा। गढ़वा प्रखंड के जाटा एवं जोबरईया पंचायत के 400 से अधिक महिला-पुरुष एवं युवा विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि प्रतिदिन झामुमो परिवार काफी बड़ा और मजबूत हो रहा है।

### खेल के क्षेत्र में भी नंबर वन बनेगा गढ़वा : मंत्री

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में चार प्रखंडों में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से प्रखंड स्तरीय चार स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

उक्त जानकारी गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दी।खेल के क्षेत्र में भी विकास का गढ़वा अब इतिहास रचेगा। जिले में खेल की सारी आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध होगी।

### नगर मंडल द्वारा भाजपा संकल्प पत्र कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा मेन बाजार पथ में बीजेपी संकल्प पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम बाजार के व्यवसाईयों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के मेनिफेस्टो में आम जनता के सुझाव पत्र लिया जा रहा है। बताया गया की आम जनता का सुझाव जनहित में कार्य करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आपका सुझाव हमारा संकल्प भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी मुन्ना तिवारी, मंडल महामंत्री देवेंद्र गुप्ता, राकेश शंकर गुप्ता, उपाध्यक्ष बंधु राम, मंत्री सोमनाथ, सोनी टिंकू गुप्ता, शिवम जायसवाल, राजू सोनी, संतोष कश्यप, लखन गुप्ता, मनोज महतो, शुभम कुमार समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे।

# श्री राम के आदर्श को अपने जीवन में लागू करें : अविनाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा अंतर्गत ग्राम पथरिया में आयोजित रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह वरीय झामुमो नेता अविनाश देव ने किया। उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा की जीवन के किसी भी मुकाम को प्राप्त करने के पश्चात् अपनी आत्मीयता, धैर्य , मानवता और आदर्श को कभी नही छोड़ना चाहिए। जो मनुष्य इन सभी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लिया लिया वही जीवन के प्रत्येक मार्ग में सफल सिद्ध होगा। रामलीला जैसे पवित्र नाटक का पाठ होना क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है। हम सभी को प्रभु श्री राम के आदर्श, साहस और मर्यादा से सिख लेना चाहीए ताकि हम सभी एक बेहतर मार्ग की ओर अग्रसरित हो सके। रामलीला में बताए गए प्रत्येक नाटक के सभी अंश को जीवन में लागू करने से हम सभी मोह, ईर्ष्या, लालच आदि से ऊपर उठकर एक सच्चे मनुष्य के जीवन की ओर आगे बढ़ेंगे। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष राजेश सर, सचिव सोनू, उप सचिव मुकेश सिंह, दारोगा सिंह, जितेंद्र चौधरी, शिवलाल चौधरी, मोहन सिंह, नाथ चौधरी, बुद्धि सिंह कृष्णा पांडेय सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें।



# अजमेर में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश नाकाम





एजेंसी

**अजमेर :** उत्तर प्रदेश के कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर में ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश को नाकाम कर दिया गया. दरअसल राजस्थान में भी रेलवे ट्रैक पर एक क्विंटल वजनी सीमेंट ब्लॉक रखा गया था, ताकि ट्रेन को पटरी से उतारा जा सके. अजमेर में ट्रेन को पलटाने के लिए भारी भरकम सीमेंट ब्लॉक को पटरी पर रखा या था. गनीमत ये रही कि ट्रेन का इंजन सीमेंट ब्लॉक को तोड़ते हुए आगे निकल गया. रेल ड्राइवर के सूचना पर आरपीएफ ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक का निरीक्षण किया. अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम स्टेशन के बीच 2 स्थानों पर सीमेंट के एक क्विंटल किलो वजनी ब्लॉक रखा हुआ मिला. रेलवे ट्रैक पर एक किलोमीटर तक की दूरी में दो जगह सीमेंट ब्लॉक रखे गए थे. इस मामले में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने एफआईआर दर्ज करवाई है. एफआईआर के मुताबिक़ 8 सितंबर की रात 10-36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है.मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूट कर गिरा हुआ है. एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूट कर साइड में रखा हुआ था, ये दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे. इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की. इस दौरान स्थिति सामान्य पाई गई. सीमेंट ब्लॉक से टकराने की वजह से मालगाड़ी के इंजन को भी नुकसान पहुंचा है.

### ट्रैक पर मिला एक क्विंटल वजनी सीमेंट ब्लॉक

### कोलकाता में दिनदहाड़े चलती बस में महिला से छेड़छाड़, यात्रियों ने आरोपी को पकड़कर की धुनाई

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल अस्पताल में महिला डॉक्टर से रेप व हत्या के बाद जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच कोलकाता के कसबा इलाके में मंगलवार सुबह चलती बस के अंदर एक महिला से एक सहयात्री ने कथित रूप से छेडखानी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है, जब बस में यह महिला चिल्लाने लगी, जिसके बाद यात्रियों ने आरोपित व्यक्ति को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। महिला की उम्र करीब 25 साल है।



# जम्मू-कश्मीर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों का दबदबा, सरकार बनाने में निभाएंगे अहम रोल

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के इतिहास में पहली बार विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों ने क्षेत्रीय दलों की नींद उड़ा दी है। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने में इन निर्दलीय उम्मीदवारों की बड़ी भूमिका होगी। आर्टिकल-370 हटाए जाने और 10 सालों के बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा के चुनाव बेहद इंटरेस्टिंग बन चुके हैं, क्योंकि चार दशकों के लंबे अंतराल के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक घोषित कुल उम्मीदवारों में से 44त्न निर्दलीय हैं, जो चुनाव के बाद के परिदृश्य में संभावित किंगमेकर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। जम्मू-कश्मीर के राजनीति विशेषज्ञ मानते हैं कि ये चुनाव इस लहज़े से बेहद खास और अहम है क्योंकि दशकों के बाद ऐसा हुआ है जब चुनावी मैदान में इतनी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हुए हैं।यह लोकतंत्र का एक बड़ा संकेत है। जब वोट बंटेंगे तो जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में इन निर्दलीय उम्मीदवारों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी।बता दें कि पहले और दूसरे चरण के होने वाले चुनाव के लिए कुल 214 स्वतंत्र उम्मीदवारों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का विकल्प चुना है। निर्दलीय उम्मीदवारों में जेल में बंद सांसद इंजीनियर अब्दुल रशीद शेख के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) से जुड़े उम्मीदवार भी शामिल हैं। विशेष रूप से, एआईपी ने जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से विधानसभा चुनाव के पहले दो चरणों में 26 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। हालांकि एनसी और पीडीपी का आरोप है कि जेल में बंद शेख रशीद की एआईपी के उम्मीदवारों सहित सभी निर्दलीय उम्मीदवार, जो ज्यादातर कश्मीर में चुनाव लड़ रहे हैं, भाजपा के प्रतिनिधि हैं। उमर और महबूबा दोनों ने लोगों को झांसे में ना आने की चेतावनी दी है।

